www.navpradesh.com

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024, वर्ष-13 अंक- 71 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र पर भूपेश की दो टूक : पतझड़ का मतलब है कि बसंत का फिर आना...

रायपुर/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र के सवाल पर मानना है कि पतझड़ का मतलब ही बसंत का फिर आ जाना है। महिलाओं को एक लाख रुपए देने वाली घोषणा, जातिगत राजनीति का आरोप, जाति जनगणना और क्वांटिफाइबल डाटा आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक न करने वाले जैसे तीखे सवालों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से 'दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र' के प्रधान संपादक यशवंत धोटे ने बेबाक बातचीत की। प्रस्तुत है संपादित अंश....

प्रश्न : आप राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी के अलावा कांग्रेस के स्टार प्रचारक भी हैं। पांच साल मुख्यमंत्री और इससे पहले पीसीसी चीफ रहे। कांग्रेस और भाजपा के राजनीतिक धरातल से आप अच्छी तरह वाकिफ है। भाजपा पूरी 11 सीट जीतने का दावा कर रही है, और आप दावा नहीं कर रहे हैं इसके पीछे क्या राज है?

उत्तर : हम दावा नहीं, वादा करते हैं और उसे पूरा करते हैं। हमने जनता से जो कहा सो किया। भाजपा ने जनता से जो वादा किया उसे पूरा नहीं किया। भाजपा जानती है कि जनता नाराज़ है इसलिए माहौल बनाने के लिए दावा करते घूम रहे हैं। लेकिन जनता उनको दवाई पिलाने वाली है।

प्रश्न : कांग्रेस ने महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की घोषणा की है, विधानसभा से ठीक पूर्व गृहलक्ष्मी के नाम से आपने भी बतौर मुख्यमंत्री 15 हजार रुपए सालाना देने की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं ने भाजपा की 12 हजार रुपए वाली महतारी वंदन पर भरोसा किया लेकिन आप की घोषणा पर नहीं, ऐसी स्थिति में क्या एक लाख रुपए सालाना वाली इस घोषणा से कांग्रेस को फायदा होगा?

उत्तर : आप ऐसा कैसे कह सकते हैं कि महिलाओं ने हमारी घोषणा पर भरोसा नहीं किया? राजनांदगांव लोकसभा में 8 में से 5 विधानसभा सीटें कांग्रेस ने जीती हैं। इससे स्पष्ट है कि राजनांदगांव लोकसभा में जनता का भरोसा हम पर बरकरार रहा है। मैं गांव-गांव जा रहा हूँ, महिलाओं के बीच महालक्ष्मी नारी न्याय योजना की चर्चा ही सुनाई दे रही है। गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख रुपए साल के मिलने वाले हैं। नतीजे आएँगे तो आप देख लीजिएगा।

प्रश्न : आपके सत्ता में रहते संगठन पर आपकी अच्छी पकड़ थी लेकिन सरकार जाते ही कांग्रेस के पुराने लोग पार्टी छोड़कर भाजपा में जा रहे हैं इसे आप कौन



सा बदलाव मानते है, क्या कांग्रेस का आंतरिक लोकतंत्र इतना कमजोर हो गया कि पुराने से पुराने कार्यकर्ता पार्टी छोड़ रहा है?

उत्तर : व्यक्ति से पहले दल और दल से पहले देश ही कांग्रेस पार्टी की विचारधारा हैं। इसलिए व्यक्ति से महत्वपूर्ण विचार हैं। हमारा विचार मजबूत है और वैचारिक लोग उससे जुड़े रहते हैं। बाकि पतझड़ का मतलब है कि बसंत फिर आना है.

प्रश्न : आप पर एक आरोप भाजपा बार-बार लगाती रहती है कि आप जातिगत राजनीति के पोषक हैं इसमें कितनी सच्चाई है?

उत्तर : अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चलने वाले दल जो समाज को धर्म, जाति, रंग, वर्ण, खान-पान, वेशभूषा, भाषा के नाम पर बांटते हैं उनके आरोपों पर मुझे जवाब देने की आवश्यकता नहीं। मेरी जवाबदेही मेरी जनता के प्रति है। मुझे हर जाति, धर्म के लोग प्यार करते हैं, और मैं सबकी एक समान भाव से सेवा करता हूँ। और जनता इसे ठीक तरह से जानती समझती है।

प्रश्न : आप मुख्यमंत्री थे तो जातिगत जनगणना की बात करते थे अब लोकसभा के प्रत्याशी होने के बाद भी आपके किसी बयान या भाषण में इसका जिक्र नहीं आता?

उत्तर : हिस्सेदारी न्याय कांग्रेस के पांच न्याय में से एक है और हम सब उसके लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं कांग्रेस का प्रत्याशी हूँ, कांग्रेस की गारंटी ही मेरी गारंटी है। मैं अपने भाषण में सभी गारंटियों का जिक्र करता हूँ। जातिगत जनगणना हमारा वादा है, सरकार बनते ही पूरा करेंगे।

प्रश्न : राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में आप कांग्रेस को कहाँ पाते है?

उत्तर : जहां मैं जनता को पाता हूँ, वहीं कांग्रेस को पाता हूँ। जहां पूँजीपतियों को पाता हूँ, वहां भाजपा को पाता हूँ। जनता इस समय महंगाई और बेरोज़गारी से त्रस्त है। वह देख रही है कि भाजपा ने दस साल में ऐसा कोई काम नहीं किया जिसके आधार पर वोट मांग सके, इसलिए वह अभी भी लोगों को ऐसे नारे दे रही है जिसका जनता के मुद्दों से कोई संबंध नहीं है। वरना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जो होर्डिंग पोस्टर हैं उनमें दस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

चलती का नाम गाड़ी और बढ़ती का नाम दाढ़ी की तर्ज पर हमारे देश की आबादी भी दिन दुनी रात चौगुनी बढ़ती ही जा रही है। भारत की जनसंख्या 144 करोड़ के पार हो गई है। समझ में नहीं आता कि इस उपलब्धि पर खुशी मनाए या सिर पर हाथ रखकर पछताएं। ऐसा लगता है कि लोगों के पास आबादी बढ़ाने के अलावा और कोई काम ही नहीं रह गया है। यदि जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द लागू नहीं हुआ तो बढ़ती आबादी का बोझ देश बर्दाश्त नहीं कर पाएगा। और बहुत जल्द देश की अर्थव्यवस्था का बंठाधार हो जाएगा।

कांकेर में शाह, रायपुर-भिलाई और लोरमी में नड्डा की जनसभा आज

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बस्तर सीट पर मतदान के बाद रविवार से बीजेपी के केंद्रीय नेताओं की ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं शुरू हो गई हैं। 22 अप्रैल यानी सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कांकेर में करीब 10.30 बजे चुनावी सभा होगी। वहीं, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लोरमी, भिलाई और रायपुर के चंदखुरी में सभा को संबोधित करेंगे। अमित शाह के दौरे को देखते हुए रविवार को प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांकेर के नरहरदेव हाई स्कूल मैदान में सभा स्थल का जायजा लिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप और विधायक आशा राम समेत अधिकारी मौजूद रहे।

सबसे पहले लोरमी में सभा करेंगे नड्डा : वहीं, जेपी नड्डा सोमवार सुबह 11 बजे हाई स्कूल मैदान लोरमी में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद भिलाई और रायपुर के चंदखुरी में भी सभा होगी। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य में आज से 15 जून तक स्कूलों में अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। लू और प्रदेश में भीषण गर्मी की वजह से प्रदेश के सभी सरकारी-प्राइवेट स्कूल (सीजी बोर्ड) 22 अप्रैल से 15 जून तक बंद रहेंगे। पहले यह छुट्टियां 1 मई से लगने वाली थी। स्कूल शिक्षा विभाग ने कल 22 अप्रैल से ही ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित कर दिया है, लेकिन फिलहाल शिक्षकों के लिए यह आदेश लागू नहीं होगा। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने रायपुर कलेक्टर को पत्र लिखा था। मांग की गई थी कि रायपुर जिले में पारा 42 डिग्री पार कर रहा है। ऐसे में जल्द से जल्द स्कूलों में छुट्टियां की जाए, जबकि प्रदेश भर के स्कूल संचालकों को निर्देश जारी किया गया था कि वे सुबह 7 बजे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत में अब घोटालेबाज नहीं चलेंगे : योगी आदित्यनाथ

- राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के ग्राम कुमरदा में जनसभा
- सीएम आदित्यनाथ बोले भारत में अब नहीं चलेंगे घोटालेबाज

रायपुर/राजनांदगांव/कोरबा/नवप्रदेश। पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा में सियासी हमला किया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश को लेकर योगी आदित्यनाथ बोले भारत में अब घोटालेबाज नहीं चलेंगे। जिस भूपेश पर छत्तीसगढ़ को लूटने का आरोप है उन पर अनेकों घोटाले करने का आरोप है वो पूरी ठसक के साथ चुनाव लड़ रहा है, सबक जनता को यानि कि आपको सिखाना है। मुख्यमंत्री योगी रविवार को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के ग्राम कुमरदा में भारतीय जनता पार्टी की महती चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस घोटाले का नाम है, कांग्रेस आतंकवाद का नाम है, कांग्रेस नक्सलवाद का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

योगी बोले- नक्सलवाद के साथ कांग्रेस का आंतरिक समझौता

कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के लिए जनसभा

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के लिए जनसभा में पहुंचे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले- नक्सलवाद के साथ कांग्रेस का आंतरिक समझौता है। उन्होंने कोरबा में कहा- कांग्रेस की कमीशनखोरी को लगाम लगाने का काम बीजेपी ने किया है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ आज छत्तीसगढ़ दौरे पर रहे। राजनांदगांव और कोरबा में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया और कहा कि, नक्सलवाद के साथ कांग्रेस का आंतरिक समझौता था। कांग्रेस के राज में कमीशनखोरी जमकर होती थी। कांग्रेस की कमीशनखोरी को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिलासपुर में योगी के स्वागत में बुलडोजर यात्रा

राजनांदगांव और कोरबा में सभा के बाद योगी आदित्यनाथ बिलासपुर पहुंचे। यहां उनके स्वागत में बुलडोजर यात्रा भी निकाली गई। मंच में रामलला की तस्वीर लगाई गई है। योगी ने कहा कि, प्रभु राम की धरती से संदेश लेकर उनके ननिहाल हम आए हैं। ये बताने आए हैं कि, अयोध्या में रामलला आ गए हैं। राम राज की स्थापना मोदीजी के नेतृत्व में होने जा रही है। इसके लिए मोदीजी को जिताना जरूरी है।

मोदी 400 पार करते ही बदल देंगे संविधान

अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही बीजेपी: प्रियंका वाड्रा

- बालोद के हथौद मैदान में प्रियंका ने चुनावी सभा को संबोधित किया
- बीरेश ठाकुर के लिए मंच से मांगा जन समर्थन

बालोद/नवप्रदेश। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को बालोद जिले के दौरे पर रहीं। उन्होंने यहां हथौद मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी ने कांकेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर के पक्ष में माहौल बनाया। उन्होंने कहा कि अभी शादी का सीजन चल रहा है, भीषण गर्मी भी है, फिर भी इतनी संख्या में आप मुझे सुनने के लिए आए हैं, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये आंदोलन की धरती- भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ये आंदोलन की धरती है। ये वो जगह है, जहां राहुल गांधी आए थे। आज उनकी छोटी बहन आई हुई है। उन्होंने कहा कि जबसे यहां भाजपा की सरकार बनी है, तबसे सारी योजनाएं बंद हो गईं।

बैकफुट पर बीजेपी- सचिन पायलट

कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि बहुत कम अंतर से पिछली बार बीरेश ठाकुर हार गए थे, लेकिन इस बार प्रियंका और राहुल गांधी का दौरा रंग लाएगा। कांग्रेस पार्टी ने संकल्प लिया है कि गरीब परिवारों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए देंगे। किसानों के लिए कानून बनाएंगे। उन्होंने कहा इस बार मौका दीजिए हम जनता की सेवा के लिए समर्पित हैं।

4 महीने में 16 हजार करोड़ कर्ज : दीपक बैज

पीसीसी चीफदीपक बैज ने कहा कि ये चुनाव देश का चुनाव है और सबसे बड़ी चुनौती संविधान और लोकतंत्र को बचाने की है। 10 साल में देश को मोदी सरकार ने बर्बाद किया। किसान और युवा बर्बाद हुए। माता-बहनें सुरक्षित नहीं हैं, इसलिए कांकेर लोकसभा सीट से लेकर प्रदेश और देश बदलाव मांग रहा है। उन्होंने कहा 4 महीने में छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा जेल भेजे गए, ईडी को मिली एक दिन की रिमांड

रायपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाला मामले में ईडी ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को आज कोर्ट में पेश किया है। बचाव पक्ष ने अनिल टुटेजा से हर घंटे अधिवक्ता को मिलने देने की अनुमति देने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच जारी है, ईडी द्वारा रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को गिरफ्तार करने के बाद रविवार को ईडी ने कोर्ट में पेश किया है। जिसके बाद अभियोजन और बचाव पक्ष के बीच ईडी की नई ईसीआईआर को लेकर जमकर बहस हुई। जहां बचाव पक्ष ने अनिल टुटेजा से हर घंटे अधिवक्ता को मिलने की अनुमति देने की मांग भी की है। इस मामले में कोर्ट ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया है।

शराब घोटाला केस में नई ईसीआईआर दर्ज होने के बाद अब ईडी की टीम एक्शन मोड पर आ गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा को शनिवार को हिरासत में लिया। रविवार सुबह ईडी ने गिरफ्तारी के बाद टुटेजा को कोर्ट में पेश किया। वहीं, पूछताछ के बाद बेटा यश को छोड़ दिया है।

परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैला कांग्रेस ने देश को किया खोखला : मोदी

जालौर, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश उसे इन्हीं पापों की सजा दे रहा है। मोदी रविवार को राजस्थान में जालौर के भीनमाल में जालौर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस ने 60 वर्षों तक राज किया : कांग्रेस ने देश पर 60 वर्षों तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। उन्होंने कहा कि इसी कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने 10 साल में रोजगार की बजाय छीनी 12 करोड़ नौकरी : खड़गे

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था,और 10 साल में 20 करोड लोगों को रोजगार देना था,लेकिन इस अवधि में उल्टे 12 करोड लोगों की नौकरी छीन ली।

खड़गे ने कहा युवाओं के लिए रोज़गार, चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा है। मोदी जी की सैंकड़ों रैलियों में आपने उनके मुँह से कभी ये नहीं सुना कि उनकी सरकार ने पिछले 10 साल में कितने रोज़गार दिए। दस साल में 20 करोड़ नौकरियां देनी थी, 12 करोड़ से ज़्यादा छीन ली।

उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी युवा न्याय के तहत रोज़गार क्रांति लाएगी, ताकि भर्ती परीक्षाओं से नौकरी मिलने तक का सफर हम आसान बना सकें। भर्ती भरोसा - 30 लाख सरकारी नौकरियों के पद भरेंगे। पहली नौकरी पक्की- अप्रेन्टिसशिप के अधिकार से हर डिग्री, डिप्लोमा धारक की पहली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

भरोसा... यहां की जनता भाजपा के विकासवादी नीति और मोदी जी की गारंटी के साथ हैं : अरुण साव

पांच साल बाद छत्तीसगढ़ में सुशासन का उदय : विष्णुदेव साय

पंडरिया/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा के ग्राम कोदवागोडान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विशाल जनसभा को संबोधित किया। यहां लोकसभा चुनाव के तहत भाजपा के समर्थन में वोट करने अपील की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी जनसभा को संबोधित किया और मोदी सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों को बताया।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है जिनके सुख-दुःख और सुविधा की चिंता वो दिन-

रात करते हैं। 18 घंटे अपने काम के प्रति समर्पित होकर 10 साल से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मन्त्र के साथ देश के किसान, मजदूर, महिला का विकास करने वाले प्रधानमंत्री का चुनाव है। इसलिए 26 अप्रैल को हम सभी को संकल्प करना है कि नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

सीएम साय ने कहा पांच साल तक छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने वाले लबरा पार्टी को भागना है। 2018 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 36 वादे किये ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरीबों की चिंता करने वाले को फिर बनाना है पीएम : साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि ये चुनाव उस गरीब के बेटे को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है जो आज ईमानदारी और मेहनत से देश की जनता की सेवा कर रहे है। गाँव गरीब किसान का सेवा कर रहें हैं ऐसे गरीब माँ के बेटे को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। 4 करोड़ पक्का आवास बना है, कोरोना संक्रमण में टीकाकरण का महाभियान चलाया गया और वो भी निशुल्क ये मोदी जी की नियत है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

योजनाएं तैयार कर क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करते हैं : भावना

सभी में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जरूरतमंद परिवारों के लिए जो योजनाएं तैयार करते हैं, उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सबके प्रयास को शामिल करते हुए आगे बढ़ते हैं। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना लाई है जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हुआ है। आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

लोकतंत्र का महापर्व 2024

किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका...

नीतीश के लिए क्यों अग्नि परीक्षा से कम नहीं है बिहार में दूसरे चरण का चुनाव?

पटना। बिहार में लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का चुनाव मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के लिए अग्नि परीक्षा से कम नहीं माना जा रहा है. पूर्वी बिहार और सीमांचल के किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में होने वाले चुनाव में एनडीए की ओर से जदयू के उम्मीदवार चुनावी मैदान में है. इनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए जदयू के अध्यक्ष सहित अन्य नेता भी पूरा जोर लगा रहे हैं. इधर, महागठबन्धन भी इन सीटों को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रही है.

जदयू ने भागलपुर से निवर्तमान सांसद अजय कुमार मंडल, कटिहार से दुलाल गोस्वामी, पूर्णिया से संतोष कुशवाहा और बांका से गिरिधारी यादव को फिर से चुनावी अखाड़े में उतारा है. हालांकि, मुस्लिम बहुल क्षेत्र किशनगंज से जदयू ने चेहरा बदल दिया है.पिछले चुनाव में किशनगंज एक मात्र ऐसी सीट थी, जहां एनडीए को हार का मुंह देखना पड़ा था. वहां कांग्रेस के प्रत्याशी मोहम्मद जावेद ने जदयू के महमूद अशरफको पराजित किया था. जदयू ने इस चुनाव में किशनगंज से मुजाहिद आलम पर दांव लगाया है. नीतीश की नजर इन सीटों पर लगी हुई है. नीतीश लगातार इन क्षेत्रो में दौरा कर रहे हैं. बताया जा रहा है कि नीतीश के खास लोग इन क्षेत्रों में कैम्प कर रहे हैं.

महागठबन्धन कि बात करें तो किशनगंज से कांग्रेस ने एक बार फिर मोहम्मद जावेद को चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि कटिहार से तारिक अनवर ताल ठोंक रहे हैं. भागलपुर भी कांग्रेस के कोटे में गई है जहां से अजीत शर्मा अखाड़े में हैं. बांका से राजद के जय प्रकाश यादव, जबकि पूर्णिया से राजद की बीमा भारती चुनावी मैदान में है.

कांग्रेस के लिए ये सीटें कितना महत्व रखती हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भागलपुर में चुनावी रैली कर चुके हैं, जबकि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कटिहार और किशनगंज में चुनावी सभा कर अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांग चुके हैं. बहरहाल, दोनों गठबंधनों के लिए दूसरे चरण का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है अब देखना है कि किस गठबन्धन को जनता अपने सिर बैठाती है।

वह चाचा हैं, जो भी कह लें मेरे लिए तो आशीर्वाद...

किसके बयान पर बोले तेजस्वी यादव

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के परिवारवाद पर दिए बयान को लेकर तेजस्वी यादव ने जवाब दिया. पटना में पत्रकारों के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि वे चाचा हैं, अभिभावक हैं, वे जो कुछ भी कह लें, मेरे लिए आशीर्वाद ही है. यादव ने कहा कि लोकसभा का चुनाव चल रहा है, मुद्दे की बात उन्हें करनी चाहिए. बिहार से पलायन किस तरह से रुकेगा, युवाओं को रोजगार किस तरह से मिलेगा, इन सब बातों की चर्चा उन्हें करनी चाहिए.

यादव ने आगे कहा कि सवाल तो यह है कि क्या व्यक्तिगत बात बोलने से बिहार के लोगों का भला होगा? इस समय ऐसी व्यक्तिगत बातें बोलनी नहीं चाहिए. चुनाव में सिर्फ और सिर्फ मुद्दे की बात होनी चाहिए. ऐसे शब्दों से किसका फायदा है, ना तो बिहार के लोगों का फायदा है और ना ही उनका. ?ऐसे बयानों से बिहार के लोगों को कोई फायदा नहीं है. पता नहीं ऐसा भाषण कौन उन्हें लिख कर दे रहा है. परिवार-परिवार कर रहे हैं, लग ही नहीं रहा है कि लोकसभा का चुनाव है. इससे पहले बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को कटिहार में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद अध्यक्ष लालू यादव के परिवारवाद को लेकर जोरदार तंज कसा. कुमार ने कहा, 'खुद हटे तो पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया. फिर दोनों बेटा को लाए और दो बेटी को भी ले आए. पैदा तो बहुत कर दिए थे. इतना ज्यादा पैदा करना चाहिए किसी को, बाल-बच्चा, लेकिन उतना किया. उसी में से दो बेटा और दो बेटी को लगा दिया।

हेमा मालिनी के खिलाफ अब कभी भी...

चुनावी जनसभा में जयंत चौधरी ने कर दिया ऐसा वादा, सभी रह गए हैरान

मथुरा। वृंदावन में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की उम्मीदवार हेमा मालिनी के समर्थन में आयोजित जनसभा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में आरएलडी प्रमुख ने कहा, 'हेमा जी हम और आप कभी भी आमने-सामने अब चुनाव नहीं लड़ेंगे, यह भी तय हो गया.' उन्होंने कहा, 'इस बार नहीं, अगली बार जब कभी मैं लोकसभा लड़ूं तो आप मेरे लिए प्रचार करने जरूर आएंगी, यह भी वादा लेता हूं.'

पुरानी स्मृतियों को साझा करते हुए चौधरी ने कहा, 'हेमा जी का मैं बचपन से फैन था, फिर हेमा जी 2009 में हमारे चुनाव प्रचार में आयीं और मुझे नहीं मालूम था कि फिर हम आमने-सामने (एक दूसरे के खिलाफ) चुनाव लड़ेंगे.' वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में चौधरी मथुरा से आरएलडी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े और जीते थे, लेकिन 2014 में वह भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी से पराजित हो गये. फिर 2019 में उन्होंने चुनाव क्षेत्र बदलकर आरएलडी-सपा और बसपा गठबंधन के तहत बागपत से चुनाव लड़ा, जहां उन्हें भाजपा के सत्यपाल सिंह ने पराजित किया.

चौधरी ने कहा, 'अगर हमारी और हेमाजी की कोई फिल्म बनती तो उसका नाम होता '15 साल बाद', क्योंकि 15 साल पहले हेमा जी हमारे लिए प्रचार करने आयीं थीं, इनका सहयोग मिला और आपने भरपूर आशीर्वाद दिया. अब मैं इनके लिए वोट मांग रहा हूं.' उन्होंने मथुरा से अपने मजबूत रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा, 'आज 15 साल बाद मैं इनके (हेमा मालिनी के) लिए (वोट) मांगने आया हूं, मेरी इस उम्मीद पर आपको खरा रहना है.'

चौधरी ने हाल में केन्?द्र सरकार द्वारा उनके दादा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' दिए जाने के बाद विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से अलग होकर एनडीए का दामन थाम लिया. एनडीए ने समझौते के तहत आरएलडी को बागपत और बिजनौर की सीट दी हैं. मथुरा में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

तुम मुझे वोट दो, मैं तुम्हें.., ऐसा कहकर डीके शिवकुमार फंसे, चुनाव आयोग का सख्त एक्शन

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफपुलिस केस दर्ज किया गया है.

यह मामला कांग्रेस नेता के एक वीडियो से जुड़ा है. जिसमें उन्होंने कथित तौर पर बेंगलुरु के मतदाताओं से कहा था कि अगर वे उनके भाई डीके सुरेश को वोट देंगे तो वह उन्हें कावेरी नदी से पानी की सप्लाई देंगे. डीके सुरेश बेंगलुरु ग्रामीण से चुनाव लड़ रहे हैं. राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उनका भाषण आदर्श संहिता का उल्लंघन करता है और 'चुनावों में रिश्वतखोरी और अनुचित असर' के लिए पुलिस मामला दर्ज किया गया है. सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो क्लिप में डीके शिवकुमार को कथित तौर पर अपने भाई के निर्वाचन क्षेत्र में एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों से यह कहते हुए सुना गया था कि वह एक ÷बिजनेस डील÷ के लिए आए थे. अगर वे उनके भाई को वोट देते हैं तो वह उन्हें कावेरी नदी के पानी की सप्लाई सुनिश्चित करेंगे।

बेंगलुरु में पानी की किल्लत

अधिकांश गैर-पीने योग्य उपयोगों के लिए सीवेज उपचार संयंत्रों से साफकिए गए पानी का उपयोग किया जाता है. पिछले कुछ समय से बारिश नहीं होने के कारण प्राथमिक स्रोत अपनी सीमा के अंत तक पहुंच गए हैं. बेंगलुरु को रोजाना 2,600-2,800 मिलियन लीटर पानी की जरूरत होती है. मौजूदा समय में आपूर्ति जरूरत से आधी है.।

मैं यहां सबकुछ हूं

डीके शिवकुमार ने कहा कि 'आपको अपना भरोसा मेरे साथ साझा करना होगा ताकि मैं आपकी देखभाल कर सकूं. आपने बूथ के आधार पर वोट दिया है, उम्मीदवार के आधार पर नहीं. मैं डीसीएम, बीडीए, बेंगलुरु और जल मंत्री हूं- मैं यहां सबकुछ हूं. सब कुछ आपकी जेब में है. मैं आपके घर आया हूं, मेरा उपयोग करें, मुझे वोट दें, दो-तीन महीने के अंदर मैं ये काम करा दूंगा.' गौरतलब है कि बेंगलुरु के निवासी पिछले दो महीनों से गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं. बेंगलुरु को मुख्य रूप से पानी की आपूर्ति दो स्रोतों से मिलती है- कावेरी नदी और भूजल.

'जिसका अपना घर शीशे का हो वह दूसरे पर पत्थर नहीं फेंका करते'

पप्पू यादव बोले-तेजस्वी NDA के लिए काम कर रहे हैं

पूर्णिया। लोकसभा चुनाव में हॉट सीट बने पूर्णिया में प्रचार अभियान जोर-जोर से शुरू हो गया है. सभी प्रत्याशी लगातार क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं. निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव भी दिन-रात क्षेत्र में कैंपेन कर रहे हैं. पप्पू यादव अलग-अलग तरीके से जनता को रिझाने में लगे हैं. कभी थार गाड़ी के उपर खड़ा होकर गांव घूम रहे हैं तो कभी बाइक पर तो कभी गाना गाकर जनता को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं।

कल तक तो अच्छे थे आज गलत हो गए

पप्पू यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव जब हमको मधेपुरा और सुपौल की सीट दे रहे थे तो उस समय पप्पू यादव बहुत अच्छे थे. लेकिन, आज जब पूर्णिया से चुनाव लड़ लिए तो फिर पप्पू यादव उनके लिए बहुत खराब हो गए. वह तो खुलेआम कह रहे हैं कि या तो इंडिया गठबंधन को जीताएं या एनडीए को ज़िताओ. पप्पू यादव को हराने के लिए वह दिन-रात एक किए हैं. लेकिन जनता सब समझ रही है. जनता का उन्हें आशीर्वाद है. वह पिछले आठ महीने से प्रणाम पूर्णिया के तहत हर घर जाकर पूर्णिया का बेटा के रूप में लोगों की सेवा कर रहे हैं. उसका आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है।

पप्पू यादव ने तेजस्वी से पूछा सवाल

उन्होंने कहा कि पूर्णिया में पप्पू यादव के सामने सभी जाति समुदाय सब खत्म हो चुका है. उन्हें सबका साथ मिल रहा है. उन्होंने कहा कि वह तो 26 तारीख के बाद लालू के दोनों बेटी मीसा, रोहिणी और कांग्रेस के लिए भी प्रचार करना चाहते हैं. पप्पू यादव ने तेजस्वी पर सवाल दागते हुए कहा कि पप्पू यादव को आप बी टीम बता रहे हैं. हिना साहाब, कन्हैया, अशफाक करीम को लेकर आपकी क्या राय है. पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश जी अच्छे आदमी है. लेकिन, उनकी विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है. अब अगर वह अकेले चुनाव लड़े तो उन्हें प्रत्याशी भी नहीं मिलेगा।

उजियारपुर से जीत की हैट्रिक लगा पाएंगे नित्यानंद राय... अमरेश राय बिगाड़ सकते हैं खेल!

उजियारपुर। बिहार की उजियारपुर लोकसभा सीट चुनावी रणनीति की नई बिसात है. बिहार की 40 लोकसभा सीटों में एक उजियारपुर सीट 2008 में अस्तित्व में आई थी. 2009 में यहां से जनता दल-यू की अश्वमेध देवी सांसद चुनी गई थीं. उसके बाद लगातार दो बार से 2014 और 2019 में यहां से बीजेपी के नित्यानंद राय विजयी हुए. भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर नित्यानंद राय को चुनावी समर में उतारा है. उजियारपुर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मतदान होगा. यह सीट यादव बाहुल्य है.

उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें आती हैं. पातेपुर, उजियारपुर, मोरवा, सरायरंजन, मोहिउद्दीननगर और विभूतिपुर. इनमें से पातेपुर और मोहिउद्दीननगर विधानसभा सीट पर बीजेपी का कब्जा है. दो सीटें उजियारपुर और मोरवा से आरजेडी के विधायक हैं. सरायरंजन से जेडीयू और विभूतिपुर में सीपीएम का कब्जा है. उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र में वोटरों की संख्या लगभग 16 लाख है. यादव और कुशवाह समुदाय में यह क्षेत्र बटा हुआ है. यहां पर लगभग साढे 15 फीसदी यादव वोटर हैं. ब्राह्मण 7 और राजपूत 4.5 फीसदी हैं. मुस्लिम मतदाताओं की तादाद लगभग 9.20 प्रतिशत है. 2019 के लोकसभा चुनाव ने उजियारपुर सीट पर बीजेपी के नित्यानंद राय 2.77 वोटों से जीते थे. उन्होंने राष्ट्रीय लोक समता पार्टी-आरएलएसपी के उपेंद्र कुशवाह को हराया था. 2014 के चुनाव में नित्यानंद राय ने आरजेडी के आलोक कुमार मेहता को हराकर यह सीट जीती थी।

गृह राज्यमंत्री की हैट्रिक

नित्यानंद राय यादव समुदाय से आते हैं और केंद्र में गृह राज्य मंत्री हैं. उनका राजनीतिक सफर 1982 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुआ था. 1990 में नित्यानंद बीजेपी में शामिल हुए. नित्यानंद राय लाल कृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा के दौरान सुर्खियों में आए थे. बिहार में लालू प्रसाद यादव की सरकार थी और लालू यादव ने आडवाणी की रथ यात्रा पर रोक लगा दी थी. तमाम प्रतिबंध के बावजूद नित्यानंद राय ने रथ यात्रा को हाजीपुर से गांधी सेतु हेतु हुए बड़े समर्थन के साथ पार कराया था. इसके बाद बीजेपी में लगातार उनकी पैठ बनती चली गई.

कन्नूर सीट पर कांग्रेस-सीपीआई में कड़ी टक्कर, बीजेपी को नए वोटरों से आस

कन्नूर। लोकसभा सीट में मुस्लिम और ईसाई सहित 39 प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी है. खासबात ये है कि यहां की राजनीति में विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में अलग-अलग समीकरण ही देखने को मिलता है. विधानसभा चुनाव में इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली अधिकांश सीटों पर मतदाताओं का झुकाव अमूमन माकपा- वाम लोकतान्त्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की ओर देखा जाता है, लेकिन लोकसभा चुनाव में यह झुकाव कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की ओर से चला जाता है.

कन्नूर लोकसभा सीट पर जीत को बरकरार रखने की उम्मीद में कांग्रेस ने इस बार भी यहां केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख के. सुधाकरन को मैदान में उतारा है. इस सीट पर अपनी उम्मीदवारी देखते हुए सुधाकरन ने हाल ही में अस्थायी रूप से संगठनात्मक जिम्मेदारी अपने पार्टी सहयोगी एम.एम. हसन को सौंप दी थी. के. सुधाकरन इस बार चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी नेतृत्व का मानना था कि इस सीट से कांग्रेस की जीत को बरकरार रखने के लिए और कोई मजबूत स्थानीय उम्मीदवार नहीं है. मौजूदा सांसद सुधाकरन ने पय्यावूर के पास कंदाकसेरी में प्रचार अभियान के दौरान ने कहा कि उन्हें अपनी जीत पर भरोसा है और केवल अपने बहुमत के अंतर को बढ़ाने ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

कटिहार में तारिक अनवर लगाएंगे छक्का या दुलाल गोस्वामी कर देंगे आउट

कटिहार। कटिहार की लोकसभा सीट हो या फिर यहां की विधानसभा सीटें, कभी किसी दल का एकछत्र राज नहीं रहा है. वैसे इस सीट ने देश को कई दिग्गज नेता दिए हैं. यहां छह विधानसभा सीट कटिहार, कड़वा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी और बरारी हैं. इनमें कटिहार और प्राणपुर में बीजेपी, कड़वा और मनिहारी में कांग्रेस, बरारी में जेडीयू और बलरामपुर में सीपीआईएमएल का विधायक है।

बिहार का कटिहार जिला इतिहास और राजनीति, दोनों लिहाज से एक विशेष क्षेत्र है. पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा कटिहार झीलों की वजह से बिहार का प्रमुख पर्यटन स्थल भी है. पहले यह पूर्णियां जिले का हिस्सा हुआ करता था. यहां का त्रिमोहिनी संगम काफी प्रसिद्ध है. यह तीन नदियों का संगम है. गंगा, कोसी और कलबलिया का यहां मिलन होता है. लोकसभा चुनावों के दौरान कटिहार लोकसभा सीट बिहार की हॉटकेक बनी हुई है. कटिहार में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा.

कटिहार लोकसभा सीट पर एनडीए गठबंधन की ओर से जनता दल-यू के दुलाल चंद्र गोस्वामी मैदान में हैं. उनका मुकाबला इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के दिग्गज नेता तारिक अनवर से है. जहां दुलाल गोस्वामी वर्तमान सांसद हैं तो तारिक अनवर भी इसी सीट से पांच बार सांसद रह चुके हैं. अब तारिक अनवर कटिहार से जीत का छक्का लगा पाएंगे या फिर यहां की जनता दुलाल चंद्र गोस्वामी को ही अपना दुरार देगी यह तो 4 जून को ही स्पष्ट हो पाएगा, लेकिन यहां का चुनावी मुकाबला काफी रोचक हो चला है. इनके अलावा कटिहार सीट पर बहुजन समाज पार्टी के गोपाल कुमार महतो, भारत जोड़ो जनता पार्टी से विष्णु सिंह, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया से मरांग हांसदा, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी से राज कुमार मंडल, समाज शक्ति पार्टी से बिंदु कुमारी और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खालिद मुबारक तथा ज्ञानेश्वर सोरेन अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. लोकसभा सीट की बात करें तो 1957 के चुनाव में यहां से कांग्रेस ने खाता खोला था. उसके बाद 1962 में यहां प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की प्रिया गुप्ता ने जीत हासिल की. 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सीताराम येचुरी विजयी हुए. इसके बाद 1971 में भारतीय जनसंघ के टिकट पर गंगेश्वर प्रसाद यादव ने जीत हासिल की. 1980 के चुनाव में कांग्रेस की ओर से तारिक अनवर की यहां एंट्री हुई. उन्होंने 1984 का चुनाव भी जीता. 1989 और 1991 के चुनाव यह सीट जनता दल की झोली में चली गई. 1996 में तारिक अनवर ने फिर से कब्जा किया. 1998 में भी वही चुने गए. 1999, 2004 और 2009 के लोकसभा चुनावों में यहां से बीजेपी के निखिल कुमार चौधरी लगातार तीन बार सांसद बने. 2014 में तारिक अनवर ने शरद पवार वाली एनसीपी के टिकट पर जीत हासिल की।

दुलाल चंद्र गोस्वामी

जेडीयू सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी छात्र जीवन से ही राजनीति में हैं. वे एक बार बीजेपी के टिकट पर और एक बार निर्दलीय विधायक रह चुके हैं. निर्दलीय विधायक चुने जाने के बाद दुलाल चंद्र बिहार सरकार में श्रम संसाधन मंत्री रहे. 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार तारिक अनवर को 57 हजार वोटों से हराया था.

तारिक अनवर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं. कटिहार सीट से वे पांच बार चुनाव जीत चुके हैं. अब छक्का लगाने के लिए मैदान में उतरे हैं. इससे पहले तारिक अनवर महाराष्ट्र से राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं. वे कृषि और खाद्य प्रसंस्करण केंद्रीय मंत्री थे. कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम केसरी के बेहद करीबी रहे तारिक अनवर पढ़ाई के दौरान ही राजनीति में एंट्री कर ली थी.

बृजमोहन के समर्थन में युवाओं ने किया रोड शो

■ दिल्ली NCR की तर्ज पर विकसित किया जाएगा रायपुर SCR: बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की नीति हमेशा फूट डालो और राज करो कि रही है। कांग्रेस का हाथ भ्रष्टाचारियों और अपराधियों के साथ रहा है। पिछले पिछले 5 सालों में कांग्रेस कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में विकास का काम नहीं हुआ छत्तीसगढ़ का केवल विनाश हुआ है। यह कहना है रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का।

शनिवार को बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया जिसको लेकर युवाओं में भी बड़ा उत्साह देखने को मिला युवाओं ने बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में रोड शो किया।

यह रोड शो मोती नगर, बोरिया खुर्द, सेजबहार, बोरिया कला, माना बस्ती, टेमरी, डूमरतराई होते हुए लालपुर पहुंचा जहां उसका समापन हुआ। आज आज के

रोड शो के दौरान बृजमोहन अग्रवाल का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया अपने संविधान में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा सरकार देश और देशवासियों का विकास करने में विश्वास करती है रायपुर में भी भाजपा शासन काल के दौरान विकास के अनेकों कार्य हुए हैं। रिंग रोड निर्माण, कनाल रोड निर्माण, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लक्ष्मण झूला, दर्जनों फ्लाई ओवर ब्रिज, नया रायपुर का विकास इसका उदाहरण है। पिछले 5 सालों में कांग्रेस शासन काल में रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ का विनाश हुआ है यहां की सड़कों की हालात बदल हो गई थी, पूरे शहर में केवल भ्रष्टाचारियों और अपराधियों का बोल बाला रहा। शराब घोटाला कोयला घोटाला रेप घोटाला डीएफ घोटाला डंपर घोटाला, महादेव ऐप घोटाला यहां तक की गोबर खरीदी में भी भूपेश सरकार ने घोटाला कर छत्तीसगढ़वासियों को ठगा है। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ नकेल कसी जा रही है। गरीब को अब उसका हक मिल रहा है और हक मारने वाले जेल जा रहे हैं। आगे भी भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होता रहेगा। अग्रवाल ने कहा कि, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है पूरे देश में एक्सप्रेस वे का जाल बिछाया जा रहा है। देश में हाई स्पीड वाली वंदे भारत ट्रेन शुरू हो चुकी है जल्द जी रायपुर से दूसरे शहरों के लिए वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाएगा। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा सरकार रायपुर को मेट्रो सिटी बनाने की दिशा में काम कर रही है बहुत जल्द रायपुर को को दिल्ली की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर विकसित किया जाएगा जिससे यहां रोजगार के लाखों अवसर विकसित होंगे। क्योंकि हमारी भाजपा सरकार गरीब युवाओं महिलाओं और किसानों के हितों को देखते हुए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 5 साल की मोदी की गारंटी के कामों को 3 महीने में ही करके दिखा दिया है आने वाला लोकसभा चुनाव राष्ट्र के निर्माण का चुनाव है राष्ट्र की सुरक्षा का चुनाव है।आज विश्व में युद्ध की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में मोदी जी की हाथों में सुरक्षित है। आप सभी रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ से भाजपा को जीतकर मोदी जी को तीसरी बार पुनः प्रधानमंत्री बनाएं और एक मजबूत, सुरक्षित समृद्ध खुशहाल भारत के निर्माण में सहयोग करें। मोतीलाल साहू ने भी लोगों को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल लगातार आठ बार से रायपुर दक्षिण के विधायक हैं। उन्होंने रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के लिए काम किया है। अब दिल्ली जाने के बाद यहां के विकास में और तेजी आएगी।

वे आईं और झूठ बोलकर प्रियंका चली गईं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की दुर्गति क्यों हुई: सोनी

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी आज बालोद दौरे पर थी, जहां उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। जिसके बाद बीजेपी सांसद सुनील सोनी ने कहा कि, प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ आईं और फिर से झूठ बोलकर जा रही हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार को बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जहां बीजेपी सांसद सुनील सोनी ने प्रियंका गांधी के बयानों पर कांग्रेस को जमकर घेरा।

उन्होंने कहा कि, प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ आईं और फिर से झूठ बोलकर जा रही हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की दुर्गति क्यों हुई? यहां कांग्रेस ने सारे अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया था और छत्तीसगढ़ उनके लिए आमदनी का जरिया बन गया था। उन्होंने आगे कहा कि, ये छत्तीसगढ़ की संस्कृति की बात करते हैं। भूपेश बघेल कहते हैं कि, मुठभेड़ फर्जी है। कितने नक्सलियों को पहचानते हैं भूपेश बघेल। इनका दुर्भाग्य है देश विरोधियों के साथ खड़े रहना। हम किसानों को एकमुश्त पैसा दे रहे हैं और भूपेश बघेल 4 किस्तों में रुला रुलाकर देते थे। हमने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खातों में 1 हजार डाला है। कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ में जो गोबर खरीदती थी उसे उपलब्धि मानकर गई है। उन्होंने आगे कहा कि, प्रदेश के गोठनो में घोटाला हुआ है। प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ के लोग नासमझ समझती हैं। यहां के लोग बहुत समझदार हैं, सीधे सरकार ही बदल देते हैं।

न्यूज गैलरी

अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिरहसौद पुलिस ने मंदिरहसौद पुलिस ने अवैध शराब के साथ अलग-अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मंदिरहसौद रावण भट्ठा के पास दबिश देकर आरोपी जीवराखन धृतलहरे 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। इसी तरह दूसरे मामले में पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर बहुरन पाट जंगल के पास चंदखुरी में दबिश देकर कच्चा महुआ शराब बनाते आरोपी घनाराम चेलक व अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 2 ड्रम में रखे 572 लीटर महुआ शराब, बर्तन में रखे किलो महुआ जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। गोलबाजार पुलिस ने आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले तीन ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मालवीय रोड में आवागमन में बाधा पहुंचाने पर गोलबाजार पुलिस ने ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 एनजेड 9424 के चालक संतोष साहू, ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीसी 0769 के चालक देवराज जंघेल व ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीजे 1986 के चालक अब्दुल कलाम के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई की है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर 35 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य निरीक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 35 लाख रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकेश कुमार देशलहरे 26 वर्ष नायकबांधा अभनपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी महेश्वर लाल सोनवानी 46 वर्ष ने प्रार्थी को खाद्य विभाग में निरीक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में कुल 35 लाख रुपए ले लिया और आरोपी ने प्रार्थी को फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र दे दिया। जब प्रार्थी उक्त प्रमाण पत्र को लेकर जब खाद्य विभाग में पहुंचा, तो पता चला कि वह फर्जी है। जिससे उसने आरोपी से अपना पैसा वापस मांगा। आरोपी ने प्रार्थी को पैसा न देकर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 294, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 20 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने आनंद वाचनालय के पास सरेआम शराब पीते आरोपी नवीन दीवान 34 वर्ष व पुस्पेंद्र सांडिल्य 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी श्रीनाथ योगी 48 वर्ष, रूपेश बंजारे 25 वर्ष व मनमोहन यादव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी गेंदलाल पटेल 42 वर्ष, मुकेश साहू 25 वर्ष व परमेश्वर साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अजीत कुमार ध्रुवें 29 वर्ष, टिकरापारा पुलिस ने आरोपी तरूण साहू 35 वर्ष, सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी सताब नायक 24 वर्ष, खमतराई पुलिस ने आरोपी रघुवीर सिंह 47 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी अशोक टुण्डे 28 वर्ष व राहुल यादव 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने आरोपी रोशन बघेल 22 वर्ष एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी प्रेम यादव 38 वर्ष व नंद कुमार साहू 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी धनेश्वर साहू 39 वर्ष व धर्म रात्रे 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी विजय कुमार मरकाम 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अशोका बिरयानी के संचालक को पुलिस ने भेजा जेल

■ गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया

रायपुर/नवप्रदेश। थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत अशोका बिरयानी में गटर के जहरीली गैस से दो कर्मचारियों की मौत के मामले में सेंटर के संचालक को कोर्ट ने चार मई तक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी कृष्णकांत तिवारी को गिरफ्तार किया था। अगले दिन तेलीबांधा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के तहत आरोपी संचालक की गिरफ्तारी कर उसे जेल दाखिल कराया। प्रकरण के दो अन्य आरोपी रोमिना मण्डल एवं रोहित चंद्र को गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही उन्हें जेल दाखिल करा चुकी है। गौरतलब है कि लाभांडीस्थित अशोका बिरयानी सेंटर के गटर टैंक की सफाई के लिए सुबह दो कर्मचारियों को गटर में उतारा गया था। दोनों कर्मचारी डेविड साहू और नीलकुमार पटेल वहां फंस गए। जहरीली गैस की चपेट में आने के बाद दम घुटने से दोनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने के बाद सामाजिक संगठनों और परिजनों ने बिरयानी सेंटर में मृतकों के दोनों शवों को लेकर बिरयानी सेंटर के बाहर बड़ा प्रदर्शन किया था। इसके बाद पुलिस ने प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अपराध कायम किया। जिला प्रशासन व पुलिस ने अशोका बिरयानी के सभी सेंटरों को सील करने आदेश जारी किया। मामले में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए थे।

मोदी का सेना की वर्दी पहन कर वोट मांगना अलोकतांत्रिक, सेना का अपमान : दीपक बैज

■ कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत कर कहा भाजपा के होर्डिंग को जप्त कर कड़ी कार्यवाही करें

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा में साहस नहीं कि वह मोदी सरकार के 10 सालों के काम के आधार पर लोकसभा चुनाव में वोट मांग सके इसीलिये भाजपा ने नरेंद्र मोदी के सशस्त्र बलो का यूनिफार्म पहने वाला फोटो लगा कर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर वोट अपील किया है। यह मोदी और भाजपा की नाकामी का सबसे बड़ा उदाहरण है कि जिस दल ने 10 सालों तक देश की सत्ता संभाली हो उसे चुनाव में वोट लेने के लिये सेना की वर्दी का सहारा लेने की जरूरत पड़ रही है। यह सेना का भी अपमान है। समूचा देश अपनी सेनाओं पर गर्व महसूस करता है। आजादी के बाद से ही देश की सरकारों ने अपने सेनाओं की सशक्तिकरण के लिये लगातार प्रयास किया तभी आज भारत की सेना दुनिया की उत्कृष्ट सैन्य बलों में से एक मानी जाती है। सेना के नाम पर वोट मांगना देश के लोकतंत्र के लिये भी घातक है। यह भाजपा और मोदी की फासीवादी सोच का नतीजा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सेना की वर्दी पहन कर वोट अपील करना प्रजातंत्र को मुंह चिढ़ाने के समान है तथा भारत की जनता के सेना के प्रति अटूट भरोसे का राजनीतिकरण करना है। भारतीय जनता पार्टी के इस कृत्य की कांग्रेस ने कड़ी निंदा करते हुये राज्य निर्वाचन आयोग से भी शिकायत कर भाजपा की इन होर्डिंगों को तत्काल हटाने तथा सेना के वर्दी के दुरूपयोग करने के लिये भाजपा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का आग्रह किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी और भाजपा में साहस हो तो नोटबंदी के नाम पर वोट मांगे, जीएसटी के नाम पर वोट मांगने का पोस्टर जारी करे, बेरोजगारी, महंगाई कम करने, किसानों की आय दुगुनी करने के वादे के नाम पर वोट मांगने का साहस दिखायें। विदेश से कालाधन लाये इसके आंकड़े जारी करके वोट मांगने का साहस दिखायें। अच्छे दिन लाने के नाम पर पोस्टर जारी कर वोट मांगे तो जनता इनको जवाब दें।

आरंग में बाप-बेटों ने पड़ोसी को मौत के घाट उतारा पंडरी के झंडा चौक में युवक की संदिग्ध लाश बरामद

■ 24 घंटे के भीतर दो बड़ी वारदात, आरंग थाना में तीन की गिरफ्तारी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में एक बार फिर दो सनसनीखेज घटनाओं ने पुलिस के कान खड़े कर दिए हैं। आरंग क्षेत्र में मामूली झगड़े में जहां बाप-बेटों ने मिलकर पड़ोसी को मार डाला वहीं शहर के बीच पंडरी इलाके से एक युवक की लाश संदिग्ध हालत में मिली है। आरंग पुलिस ने बाप-बेटे के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, इधर पंडरी में संदिग्ध मौत के मामले में क्राइम ब्रांच की टीम जांच में जुट गई है। आरंग में रविवार की सुबह 7 बजे भोथली गांव में रहने वाले मोहनलाल सोनवानी 58 वर्ष की हत्या की सूचना आरंग पुलिस को मिली।

मोहनलाल को पड़ोस में रहने वाले भागचंद बंजारे 65 वर्ष और उसके दो बेटे गणेश बंजारे 26 वर्ष, महेश बंजारे 20 वर्ष ने लाठी डंडे और टंगिया से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। आरंग पुलिस का कहना है मृतक मोहनलाल अपने घर में अकेले रहता था। उसके परिवार वाले दूसरे गांव चरोदा में रहते हैं। आस पड़ोस का बयान लेने पर मालूम हुआ है मोहन अक्सर शराब के नशे में गाली गलौज करता था। रविवार को भी सुबह दूसरों को गाली गलौज कर रहा था। इस दौरान पड़ोसी भागचंद ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच विवाद गहरा गया। मारपीट तक की नौबत आने के बाद भागचंद और उसके दोनों बेटों ने गुस्से में आकर मोहनलाल पर हमला कर दिया। लाठी डंडे के साथ टंगिया लेकर मोहनलाल को जख्मी कर दिया। सिर और पैर पर गंभीर चोटें आने के बाद मोहन को मौके अस्पताल में उपचार के पहले ही मौत हो गई। संदिग्ध लाश मिलने का दूसरा मामला पंडरी इलाके का है। यहां झंडा चौक में रहने वाले रामचंद्र कुमावत उम्र 37 साल मूल निवासी सीकर राजस्थान की संदिग्ध लाश मिली है। बिस्तर में पड़ी लाश के गर्दन में एक रस्सी बंधे हालत में मिलने के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में क्राइम ब्रांच की यूनिट ने जांच शुरू की है।

बाप और आरोपी बेटे समेत सभी हिरासत में

आरंग पुलिस ने भोथली में हत्या करने वाले बाप-बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया, मौके से टंगिया और लाठी-डंडे जब्त कर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक मोहनलाल के शव का पोस्टमार्टम कर उसे परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

अर्धनग्न हालत में मिला शव, जांच जारी

पंडरी के झंडा चौक में जिस मकान से लाश बरामद की गई है पुलिस आस पड़ोस के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है अर्धनग्न हालत में शव बरामद हुआ है। मृतक ने सिर्फ अंडरवियर पहने है, बदन में और कोई दूसरे कपड़े नहीं है। गर्दन में रस्सी बंधे होने के कारण हत्या की आशंका है।

पुल के नीचे बना रहे थे महुआ शराब, पुलिस की रेड

■ मंदिर हसौद पुलिस ने मौके से दो ड्रम कच्ची शराब जब्त की, कीमत डेढ़ लाख के पार

फाइल फोटो

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के चंदखुरी इलाके में सूनसान जगह पर महुआ शराब बनाने के दौरान पुलिस ने छापामारी कार्रवाई की है। शनिवार देर रात छापेमारी के दौरान महुआ बनाने वाला गिरोह मौके से भाग निकला लेकिन पुलिस ने स्पॉट से दो ड्रम कच्ची शराब जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी भागने में कामयाब रहे। महुआ शराब बनाने वालों में एक आरोपी की पहचान घनाराम चेलक के रूप में हुई है।

मंदिर हसौद पुलिस ने रविवार को दो ड्रम महुआ शराब जब्त करने की जानकारी दी। एक पुल के नीचे से शराब बनाने उपयोगी सामग्री भी बरामद किया। जब्त सामग्री की कीमत डेढ़ लाख रुपये के आसपास है। पुलिस ने बताया, रात के अंधेरे में पुल के नीचे आग लगाकर संदिग्ध लोगों के जमावड़ा बनाने की सूचना मिली थी। रात 12 बजे पुलिस ने मौ के दबिश दी। पुलिस को आते देख कुछ लोग वहां से भाग निकले, लेकिन स्पॉट में जांच करने पर महुआ शराब बनाने का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत मौके से सामग्री जब्त कर आरोपियों की छानबीन शुरू की। आसपास के गांवों से पूछताछ करने पर महुआ शराब बेचने वाले एक शख्स की शिनाख्ती हुई है। आरोपी घनाराम चेलक की तलाश चल रही है। घनाराम के इशारे पर महुआ शराब बनाया जा रहा था।

जवानों को एचएचएमडी और डीएफएमडी की ट्रेनिंग

■ वीवीआईपी, वीआईपी प्रवास की सुरक्षा ड्यूटी के लिए दिए गए उपकरण

रायपुर/नवप्रदेश। आईजी रायपुर रेंज में वीवीआईपी, वीआईपी की ड्यूटी में तैनात सुरक्षा बलों को विशेष ट्रेनिंग देकर उन्हें सुरक्षा उपकरण सौंपा गया है। जवानों के लिए शनिवार को एचएचएमडी और डीएफएमडी की ट्रेनिंग का किया गया। रेंज आईजी अमरेश कुमार मिश्रा, एसएसपी संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में यातायात मुख्यालय रायपुर के सभाकक्ष में आगामी अति महत्वपूर्ण/महत्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रवास के दौरान उनकी व्यापक सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षा उपकरण एच.एच.एम.डी. और एफ.एम.डी. के संचालन के प्रशिक्षण के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा जवान शामिल हुए।

पुलिस विभाग के मुताबिक प्रशिक्षण के दौरान जीएन प्रधान, उप पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर वीपी सिंह, उप निरीक्षक, प्र.आर. दिनेश राठौर, सुमीत अग्निहोत्री पुलिस मुख्यालय रायपुर व बीडीएस टीम पुलिस मुख्यालय द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण में उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने अपने कहा कि वी.आई.पी. की सुरक्षा के लिये नजदीक जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की चेकिंग होनी चाहिये, डी.एफ.एम.डी./एच. एच.एम.डी. वह उपकरण है जिसकी जानकारी तथा उपयोगिता के सहारे हम वी.आई.पी. की सुरक्षा करते है। वर्तमान परिदृश्य में इस उपकरण का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है, जो आज पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान 77 महिला पुरूष कर्मचारी शामिल रहे।

हमला रोकने प्रशिक्षण जरूरी: आईजी

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार वी.आई.पी. की सुरक्षा में हमले का खतरा है, उससे डी. एफ.एम.डी./एच.एच.एम.डी. के माध्यम से चेक किया जाकर खतरा कम किया जा सकता है। डी.एफ.एम.डी./एच.एच.एम.डी. का प्रशिक्षण प्राप्त कर ले तथा आने वाले वी.आई.पी. प्रवास में सीखे गये तरीकों से ड्यूटी संपादित करें।

सुविचार

चाहे परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों आप अपना स्वभाव मत बदलिए। याद रखें ओरिजिनल का महत्व फोटोकॉपी से ज्यादा होता है। - अज्ञात

मतदान को लेकर अपने अपने दावे

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों के लिए मतदान छिटपुट हिंसक घटनाओं के बीच संपन्न हो गया। औसतन लगभग 60 प्रतिशत मतदान हुआ। बंगाल में सबसे ज्यादा 77 प्रतिशत वोट पड़े। सबसे कम बिहार में 48 प्रतिशत मतदान हुआ। अन्य राज्यों में 60 से 70 प्रतिशत तक मत पड़े। कुल मिलाकर औसत मतदान हुआ। अब मतदान के बाद सभी राजनीतिक पार्टियों के बीच इस मतदान को अपने पक्ष में बताने की होड़ लग गई है। एक ओर तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह दावा कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान एनडीए के पक्ष में गया है। मतदाताओं ने आईएनडीआईए को पूरी तरह नकार दिया है। पीएम मोदी का कहना है कि देश के मतदाताओं ने उनकी सरकार के काम काज के आधार पर वोट दिया है। खासतौर पर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने एनडीए के पक्ष में ही मतदान किया है। आईएनडीआईए तो मतदान के पहले ही अपनी हार मान चुका है। क्योंकि उसे चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी ही नहीं मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने देशवासियों से आव्हान किया है कि अगले चरण के मतदान में लोग और ज्यादा वोट करें। वहीं दूसरी ओर आईएनडीआईए में शामिल दलों के नेता इस मतदान को अपने पक्ष में बता रहे हैं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि बिहार की जिन चार सीटों पर मतदान हुआ है। वे चारों सीटें आईएनडीआईए भारी बहुमत से जीतने जा रही हैं। इसी तरह उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी यह दावा किया है कि उत्तरप्रदेश की जिन आठ लोकसभा सीटों पर पहले चरण का मतदान हुआ है वे सभी सीटें आईएनडीआईए के खाते में जा रही हैं। उनका तो यह भी दावा है कि उत्तरप्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा को हार मिलने जा रही है। पहले चरण के मतदान के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता जो दावे कर रहे हैं उनमें कितना दम है यह तो तभी पता चलेगा जब 4 जून को ईवीएम का मुंह खुलेगा। बहरहाल पहले चरण के मतदान में छिटपुट हिंसा को छोड़कर कहीं कोई बड़ी हिंसक घटना नहीं हुई। यह संतोष की बात है। पहले चरण के मतदान के दौरान मतदाताओं में खासतौर पर महिला मतदाताओं में जो उत्साह देखा गया। उससे यही लगता है कि अगले चरण के मतदान में और भी ज्यादा वोट पड़ेंगे। मतदान का प्रतिशत बढ़ना लोकतंत्र के हित में है। यह ठीक है कि अभी भी शत प्रतिशत मतदान नहीं हो पा रहा है। लेकिन देश के कई राज्यों में 70 से 80 प्रतिशत तक वोट पड़ना संतोष का विषय है। अगले चरण के मतदान में विभिन्न राज्यों की कुछ ऐसी लोकसभा सीटें भी हैं जो संवेदनशील मानी जाती हैं। इसलिए ऐसी सीटों पर मतदान के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सख्त जरूरत है। ताकि वहां मतदान के दौरान हिंसक घटनाएं न हो पाएं और लोग निर्भीक होकर मतदान कर सकें।

नक्सली हिंसा के बीच 63 प्रतिशत मतदान

लोकसभा से पहले चरण के मतदान में छत्तीसगढ़ की नक्सल प्रभावित एकमात्र लोकसभा सीट बस्तर में भी मतदान हुआ। मतदान के दौरान बीजापुर जिले के एक मतदान केन्द्र के पास विस्फोट हुआ। जिसमें एक सीआरपीएफ का जवान घायल हो गया। इस हिंसक घटना का मतदान पर असर पड़ा और बीजापुर में मात्र 41 प्रतिशत मतदान हो पाया। जबकि बस्तर के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में 65 से 73 प्रतिशत तक मतदान हुआ। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में कुल 63 प्रतिशत से ज्यादा मत पड़े। जो पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान हुए मतदान से थोड़े ही कम हैं। नक्सली हिंसा की घटनाओं के बीच हुए इस चुनाव के दौरान बस्तर के बाशिंदों ने मतदान के प्रति जो उत्साह दिखाया है वह काबिले तारीफ है। एक मतदान केन्द्र में तो ग्रामीणों ने 3 किलोमीटर पैदल चलकर पहाड़ी को पार किया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गौरतलब है कि नक्सली संगठनों ने बस्तर क्षेत्र में जगह जगह पोस्टर बैनर लगाकर मतदान के बहिष्कार का फरमान जारी किया था। उसका कुछ ही क्षेत्रों में असर हुआ नक्सली हिंसा ग्रस्त सुकमा जिले के अति संवेदनशील एक मतदान केन्द्र में नक्सलियों के खौफ के कारण सन्नाटा देखा गया। इस तरह के कुछ अपवाद को छोड़कर बाकी जगह मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। बस्तर के बाशिंदों ने लाल तंत्र को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से करारा जवाब दिया है। नक्सल प्रभावित बस्तर के आदिवासी मतदाताओं के इस जज्बे को सलाम हैं। बस्तर जैसे नक्सली हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए चुनाव आयोग और पुलिस व सुरक्षाबल के जवान भी बधाई के पात्र हैं। मतदान के दौरान बीजापुर जिले के एक मतदान केन्द्र के बाहर हुए ब्लास्ट में घायल जवान के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी चुनावी ड्यूटी पर तैनात पुलिस और सुरक्षाबल के जवानों की प्रशंसा की है। बस्तर में नक्सलियों के विरोध के बावजूद 63 प्रतिशत से ज्यादा मतदान होना शुभ संकेत है। इससे यह भी साबित हो गया है कि बैलेट पर कभी भी बुलेट भारी नहीं पड़ सकता।

प्रेम शर्मा

सत्तारूढ़ पार्टी की एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों उपलब्धियों के बीच पहले चरण का मतदान निराशाजनक ही माना जा रहा है। एक तरफसत्तारूढ़ दल चार सौ पार का दावा कर रहा है। मतदाताओं के बीच अनेकानेक उपलब्धि और आने वाले समय में बड़े से बड़े कामों का दावा करने के बावजूद मतदान का प्रतिशत गिरने से एक बारगी जनता में चुनाव के प्रति निराशाजनक महौल वाकई चिन्ता का विषय है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए देश की 21 राज्यों की 102 सीटों पर लगभग 64 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। पिछले चुनाव की तुलना में मतदान का प्रतिशत इस चुनाव में कम देखने को मिला है। पिछले चुनाव में लगभग 70 प्रतिशत मतदान हुए थे। देश में त्रिपुरा को छोड़कर किसी भी राज्य में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत तक नहीं पहुंचा है। सबसे अधिक त्रिपुरा में 80.6 प्रतिशत वोट डाले गए। बंगाल में लगभग 78 प्रतिशत मतदान की सूचना है. वहीं पूरे देश में सबसे कम मतदान बिहार में देखने को मिला।बिहार में महज 47.50 प्रतिशत वोटिंग की खबर है। ऐसे में यह सवाल उठ रहे हैं कि वोटर्स मतदान केंद्र तक क्यों नहीं पहुंचे ? ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के लिए चिंता बढ़ सकती है क्योंकि राष्ट्रीय राजनीति में मोदी युग के उदय के बाद वोट प्रतिशत में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली थी। 2014 और 2019 में मत प्रतिशत अच्छे रहे थे।

भारी उपलब्धियों के बीच कम मतदान

इस चुनाव में बीजेपी ने अपने लिए मिशन 400 का लक्ष्य रखा है। बीजेपी की तरफसे इस बात के दावे लगातार होते रहे हैं कि पार्टी आसानी से इस लक्ष्य तक पहुंच जाएगी। विशेषज्ञ मतदान प्रतिशत में गिरावट के बाद सवाल उठा रहे हैं कि क्या बीजेपी नेताओ की तरह ही बीजेपी वोटर्स भी कहीं अति आत्मविश्वास के शिकार तो नहीं हो गए ? क्या बीजेपी के वोटर्स मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचे ? हालांकि इसे लेकर कोई विस्तृत डेटा अभी सामने नहीं आया है जिसके आधार पर इस बात के दावे किए जाए कि किस क्षेत्र के वोटर्स का टर्नआउट अधिक रहा है और किसका कम रहा। बीजेपी की तरफ से मिशन 400 को लेकर यह माना जा रहा था कि बीजेपी अपने मजबूत राज्य यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश में पहले से ही बेहतर हालात में है। वहीं उसे उम्मीद है कि इन राज्यों में वो एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करेगी और 2014, 2019 की तरह ही शानदार प्रदर्शन करेगी। हालांकि मतदान प्रतिशत में हुई बड़ी गिरावट के बाद बीजेपी नेतृत्व की परेशानी बढ़ सकती है। हालाकि पहले चरण में कम मतदान को लेकर कांग्रेस, सपा सहित अन्य विपक्षी दल इसे भाजपा सरकार की नाकामयाबी की ओर इशारा कर रहे है। बीजेपी इस चुनाव में मिशन साउथ को लेकर बेहद एक्टिव नजर आयी है। पीएम मोदी की तरफसे दक्षिण के राज्यों में लगातार सभा की जा रही है। बीजेपी को 400 के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए किसी भी हालत में दक्षिण भारत के राज्यों में भी उत्तर भारत की सफलता के साथ ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा. हालांकि ऐसे में सवाल यह उठ रहे हैं कि क्या मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी की तैयारी राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में कमी रह गयी।

बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव में इन सीटों पर लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुए थे वहीं इस चुनाव में लगभग 47 प्रतिशत वोट ही पड़े हैं। बात अगर उत्तर प्रदेश की करें तो इस चरण में जिन सीटों पर मतदान हुए हैं उन सीटों पर पिछले चुनाव में लगभग 67 प्रतिशत मतदान हुए थे। वहीं इस बार 57 प्रतिशत वोट ही पड़े हैं. मध्य प्रदेश में भी पिछले चुनाव की तुलना में इस चुनाव में वोट प्रतिशत में भारी गिरावट देखने को मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछले चुनाव में 75 प्रतिशत वोट डाले गए थे वहीं इस चुनाव में महज 63 प्रतिशत वोट पड़े हैं। राजस्थान में 2019 के चुनाव मे 64 प्रतिशत वोट पड़े थे वहीं इसबार यह आंकड़ा महज 57 प्रतिशत के आसपास रहा है। हालांकि एक तरफ जहां कम मतदान को लेकर कुछ विशेषज्ञ बीजेपी के लिए खतरे की घंटी बता रहे हैं। वहीं कुछ आंकड़ें बताते हैं कि चुनाव में कम मतदान होना इस बात के संकेत हो सकते हैं कि जनता बदलाव नहीं चाहती है। कई बार ऐसा राज्यों के चुनावों में देखा गया है कि जब बंपर वोटिंग हुई है तो सत्ता में बदलाव हुए हैं। सरकार को बदलने के लिए अधिक मतदान होते रहे हैं। कम मतदान का लाभ सत्ताधारी दलों को मिला है। ज्ञात हो कि पिछले 12 में से 5 चुनावों में मतदान प्रतिशत में गिरावट देखने को मिले है। जब-जब मतदान प्रतिशत में कमी हुई है 4 बार सरकार बदल गयी है। वहीं एक बार सत्ताधारी दल की वापसी हुई है। 1980 के चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट हुई और जनता पार्टी की सरकार सत्ता से हट गयी। जनता पार्टी की जगह कांग्रेस की सरकार बन गयी। वहीं 1989 में एक बार फिर मत प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गयी और कांग्रेस की सरकार चली गयी। विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी। 1991 में एक बार फिर मतदान में गिरावट हुई और केंद्र में कांग्रेस की वापसी हो गयी। 1999 में मतदान में गिरावट हुई लेकिन सत्ता में परिवर्तन नहीं हुआ। वहीं 2004 में एक बार फिर मतदान में गिरावट का फायदा विपक्षी दलों को मिला। यही नही उत्तराखंड में करीब 25 जगहों पर लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया उनकी बिजली पानी जैसी छोटी-छोटी मांगे थीं पश्चिम बंगाल में सुबह के सात बजे से लंबी लाइनें लग गई थीं. शाम को वोटिंग खत्म हुई थी, तब भी लाइनें लगी हुई थीं वहीं नॉर्थ-ईस्ट की कई सीटों पर जमकर मतदान हुआ है पूर्वी नागालैंड के 6 जिलों के 4 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने एक भी वोट नहीं डाला गया क्योंकि एक स्थानीय मुद्दे पर मतदान का बहिष्कार का आह्वान किया गया था।

तमिलनाडु में भी जमकर मतदान हुआ है। 102 सीटों पर पहले चरण में 65.4 फीसदी वोटिंग हुई है, जबकि पिछले चुनाव में यह 70 फीसदी थी। वोटिंग प्रतिशत कम होने से किसी तरह के ट्रेंड का पता नहीं लगता है। लेकिन कम मतदान का एक कारण भीषण गर्मी हो सकती है, बीजेपी कैडर का ओवर कॉन्फिडेंस हो सकता है। वोटर निराश हो सकता है कि यह चुनाव तो डन डील है और कहीं कहीं जैसे राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कुछ-कुछ जातियों में असंतोष है, जिसके कारण वोट प्रतिशत पहले की अपेक्षा कम रहा है. तमिलनाडु और बंगाल में राजनीति बहुत ही प्रतिस्पर्द्धी हो गई है। बहरहाल अभी परिणामों को लेकर कोई चर्चा करना बेमानी होगा लेकिन इतना तय है कि पहले चरण में जिन क्षेत्रों मे अल्पसंख्यक वोटर थे वहॉ जमकर मतदान हुआ है। ऐसे में मतदान के घटने और बढ़ने को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना लगभग असंभव नजर आता है। इसमें कई और कारण होते हैं, जिसके कारण लोग किसी सरकार के पक्ष या विपक्ष में वोटिंग करते हैं।

आज का इतिहास

22 अप्रैल 1792 में आज के दिन ही अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने यूरोप के युद्ध में अमेरिकी तटस्थता की घोषणा की थी। 1906 में आज ही के दिन यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरूआत हुई थी। 1915 में 22 अप्रैल के दिन ही प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस का इस्तेमाल किया था। 1921 में आज ही के दिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आइंडियन सिविल सर्विस से त्यागपत्र दिया था। 1926 में 22 अप्रैल के दिन ही पर्शिया, तुर्की और अफगानिस्तान के बीच सुरक्षा संधि पर साइन किए गए थे। 1931 में आज ही के दिन मिस्र और इराक ने शांति समझौते पर साइन किए थे। 1944 में 22 अप्रैल के दिन ही द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने न्यू गिनी में जापान के खिलाफएक बड़े हमले की शुरुआत की थी। 1954 में आज ही के दिन तत्कालीन सोवियत रूस यूनेस्को में शामिल हुआ था। 1958 में 22 अप्रैल के दिन ही एडमिरल आर डी कटारी भारतीय नौसेना में पहले प्रमुख बने थे। 1966 में आज ही के दिन तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया था। 1970 में 22 अप्रैल के दिन ही दुनिया में पहली बार पृ?वी दिवस मनाया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आज नहीं तो कल

आज नहीं तो कल मन में न रखो छल, प्यार हंसी खुशी से सिंचे रिश्तों की जड़ । काट लो कट जाएगी बांट लो बंट जाएगी बचा लो प्रकृति जल सुरक्षित रहेगा कल ।

– सुरेश वैष्णव

जहां पत्तियां नही झड़ती

जहां पत्तियां नही झड़ती वहां बसंत नही आता मार्च अब गुजरने को है कितना रिश्ता कितनी दूरी, कितनी बनती मजबूरी आगा-पीछा सोचकर मौसम कुछ कहने को है आगे होंगे झोंके लू के ठंडी हवा के बाद ही मौसम का मिजाज सख्त होने को है मार्च अब गुजरने को है !

– पुष्पा त्रिपाठी

खास पाती

रोज ही रंग बदले अगर आदमी

रोज ही रंग बदले अगर आदमी, उसकी कैसे करें फिर कदर आदमी। दौड़ता जब रगों में लहू देखिए, दुश्मनों पे है ढाता कहर आदमी। माल-ओ दौलत को पाने की इस होड मैं,छोड़ता ही कहाँ है कसर आदमी। बेबसी है ये कैसी बताए कोई, अब इबादत भी है बे असर आदमी। कीजिए मत गिला गैर से तो सुमन, दे रहा है दगा अब तो हर आदमी।

– सुमन ओमानिया

छुपा है चाँद बादलों में इस कदर उदासी

छुपा है चाँद बादलों में इस कदर उदासी मे डूबा हो जैसे बेसाखूता आयी उनके यादों की लहर मैं डूबती गयी डूबा हो चांद बादलों में जैसे बेखबर रहा मेरे गमों से इस कदर वो कोई अजनबी हो जैसे बाद कज़ा मेरे तुरबत पर रोए इस कदर वो कोई गमख्वार हो जैसे..

– डेजी जयसवाल

फर्ज अपना यूँ अदा करता हूँ मैं चूम कर माँ

फर्ज अपना यूँ अदा करता हूँ मैं चूम कर माँ भारती उठता हूँ मैं। है दिलों में राम भी रहमान भी देश भारत का वो बाशिंदा हूँ मैं। पाक गीता और है कुरआन भी उस जमीं सर हिंद का हिस्सा हूँ मैं। बेटियाँ हैं माँ भवानी अंश जब लाज लुटती देख शर्मिंदा हूँ मैं। है तिरंगा शान औ ईमान भी जाँ ओ दिल कुर्बान सब करता हूँ मैं। था तो पत्थर राह ठोकर खा रहा अक्स पा भगवान् बन बिकता हूँ मैं।

- सतीश मैथिल तनुज

क़द किसी का इतना भी ऊंचा न हो,

क़द किसी का इतना भी ऊंचा न हो, अपने से छोटा उसे दिखता न हो, मंज़िलें तो चाहता है हर कोई, चाहता है पांव में छाला न हो, नागिनें तन्हाई की डसने लगें, कोई भी दुनिया में यूं तन्हा न हो, ज़िंदगी में वह भी घट जाता कभी, आपने जैसा कभी सोचा न हो, स्वच्छ हो ये आत्मा का पैरहन, और ये किरदार भी मैला न हो, ऐसी बीनाई का क्या है फायदा, जिस से क्या अच्छा-बुरा ? दिखता न हो, रहमतें क्या हैं? ये उसको क्या पता, जो बड़ों के सामने झुकता न हो, दुनिया में वो होता है सबसे ग़रीब, जिस का कोई चाहने वाला न हो, जानिएगा उसको क़िस्मत का धनी, जो मुक़द्दर से कभी हारा न हो – अजय अज्ञात

ये ज़िस्म की हवस ये जलते हुए ज़िस्म

ये ज़िस्म की हवस ये जलते हुए ज़िस्म इन्हीं में एक मैं तू ही बता मुझे क्या मैं ईंधन बनाया गया था ? क्यों नहीं बताता मुझे कि ये रंग तमाशे, ये महबूब सब सुलगते हुए ईंधन हैं मौत की भट्ठी को जलाने के लिए बीज तो जन्म से ही बोया था जल चुका है कब का वह हल चला न फिर से मालिक मैं अच्छा किसान साबित नहीं हुआ जुलैखा सा न सही मेरा होना बदल दे रुख रहमत की नील का ये आग तो बुझे जो ज़िन्दा दोज़ख है बख्श इन बेनूर आँखों को दीदार

– केदारनाथ शब्द मसीहा

बैठी जो हिसाब करने...

बैठी जो हिसाब करने... तबस्सुम मुसलसल बिखरने लगी लबों पर.... न रही याद अज़ीयत ज़ख्मों की... लज़्ज़त लम्स का तसव्वुर फिर तक़दीर बन गई.....

– नम्रता सरन सोना

प्रेरक प्रसंग

सादगी में विद्वता

भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्व. श्री राजेंद्र प्रसाद ने प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रवेश लिया। सादगी उनके व्यक्तित्व की अपनी एक महत् विशेषता थी। जब पहले दिन वे कक्षा में गए तो अचकन, पाजामा और टोपी पहने हुए थे। शेष सब लड़के कोट, पतलून तथा टाई में थे।

वे सब लड़कों को देखकर समझे कि इनमें अधिकांश एंग्लो इंडियन होंगे। और उन्हें देखकर सब लड़कों ने ऐसा भाव व्यक्त किया, जैसे पूछ रहे हो, कहाँ से रस्सा तुड़ाकर भाग आए हो ? बहुत मजाक बनाया सबने उनका। जब कक्षा में अध्यापक आए और सबका नाम व परिचय सबको मिला तो दोनों ही आश्चर्य में थे।

राजेंद्र बाबू इसलिए आश्चर्यचकित थे कि उन्हें मालूम पड़ा कि सभी विद्यार्थी भारतीय ही थे और शेष विद्यार्थी इसलिए आश्चर्यचकित थे कि राजेंद्र बाबू ने जिन्हें वे निरा गँवार ही समझ रहे थे'- विश्वविद्यालय में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया था।

विद्यार्थी अब आश्चर्यचकित थे। उनकी सादगी तथा भारतीय वेशभूषा में छिपी ज्ञान गरिमा पर और राजेंद्र बाबू दयार्द हो उठे थे, उन विद्यार्थियों की पाश्चात्य सभ्यता की नकल करने में गौरव की अनुभूति करने वाली प्रवृत्ति पर।

QUIZ TIME

1) किस अभिलेख में अशोक ने कहा है, सभी सम्प्रदायों के सारतत्व की वृद्धि हो?

2) भारत के किस अंग्रेजी शासन विरोधी नेता को, जनता में भय फैलाने हेतु, उसकी मृत्यु हो जाने के बाद भी सार्वजनिक रूप से फांसी दी गई थी?

3) लोकसभा द्वारा विचारार्थ भेजे गए वित्त विधेयक को राज्यसभा अधिकतम कितने समय तक रोके रख सकती है?

4) मकर संक्रांति के समय कर्क रेखा पर दोपहर के सूर्य का उन्नतांश कितना होता है?

5) किसे संगीत कलानिधि पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) 12वाँ शिलालेख (2) दीवान वेलु थम्पी (3) 14 दिन (4) 43 डिग्री (5) टी.एम.कृष्णा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -034

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 033 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदय: 05:53, सूर्यास्त: 06:46 चन्द्रोदय: 16:39, चन्द्रास्त: 28:49

अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतु: ग्रीष्म, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : हस्त, योग : हर्षण, प्रथम करण : कौलव (11:57 तक), द्वितीय करण : तैतिल (25:11 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : कन्या मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी) बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन केतु : कन्या, अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:46, अमृत काल 09:01 से 10:49, सर्वार्थसिद्धि योग पूरे दिन अमृतसिद्धि योग 17:08 से 29:48, रवियोग 17:08 से 29:48, विजय मुहूर्त 14:30 से 15:22, गोधूलि मुहूर्त 18:49 से 19:11, सायाह्न सन्ध्या 18:51 से 19:56, निशिता मुहूर्त 23:58 से 24:41, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:20 से 13:58, होमाहुति शनि (17:08 से चन्द्र), दिशाशूल पश्चिम, नक्षत्र शूल उत्तर (17:08 तक), अग्निवास पृथ्वी चन्द्रवास दक्षिण।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज के दिन आप नासमझी में किसी मुसीबत में फंस सकते है।
वृष : आज का दिन भागदौड़ भरा रहेगा। दिन के आरंभ में घर मे किसी शुभ आयोजन के चलते कोई अन्य आवश्यक कार्य रद्द अथवा आगे सरकाना पड़ेगा।
मिथुन : आज के दिन आपका आचरण अन्य लोगो को पसंद नही आएगा। स्वभाव से धार्मिक होते हुए भी वाणी में मिठास की कमी रहेगी।
कर्क : आज के दिन आपके स्वभाव में परिवर्तन देखने को मिलेगा लेकिन इसके पीछे भी कुछ ना कुछ स्वार्थ अवश्य छुपा रहेगा।
सिंह : बीते दिन की अपेक्षा आज आपके स्वभाव में गंभीरता आएगी लेकिन पहले की लापरवाही आज कुछ ना कुछ अभाव अवश्य बनायेगी।
कन्या : आज का दिन बीते दिनों की तुलना में शुभ फलदायक रहेगा। लेकिन आज आप मन ही मन जले भुने से रहेंगे।
तुला : आज का दिन आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है दिन के आरंभिक भाग को छोड़ शेष भाग में कोई ना कोई परेशानी लगी रहेगी।
वृश्चिक : आज के दिन आपको घरेलू और सार्वजिनक कार्यो के लिये अपनी दिनचार्य एवं आवश्यक कार्यो में बदलाव करना पड़ेगा।
धनु : आज का दिन आपके लिये कार्य सफलता वाला रहेगा पिछले कुछ दिनों से किसी विशेष कार्य में सफल होने की संभावना अधिक है।
मकर : आज के दिन आपका चित धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत रहेगा। दिन का आरंभ अत्यंत सात्विक और सादगीपूर्ण रहेगा।
कुंभ : स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से आज का दिन प्रतिकूल रहेगा दिन के आरम्भ से ही शारीरिक शिथिलता मांसपेशियों में अकड़न रहने से दैनिक कार्यो को भी जबरदस्ती करना पड़ेगा।
मीन : आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा। दिन के आरंभिक भाग में किसी परिजन से आपके गलत आचरण को लेकर बहस होगी।

न्यूज गैलरी

चोरी की स्कूटी बरामद

भिलाई। नेवई थाना पुलिस ने वहां चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। 18 अप्रैल को प्रार्थी चंदन लाल पटेल निवासी आजाद मार्केट रिसाली भिलाई ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि इनके घर के सामने हिरो माईस्ट्रो क्रमांक सीजी07 बीएल 3198 रखी थी उसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। चोर को पकड़ने मुखबीर लगाया गया एवं घटना स्थल के आस पास के सीसीटीव्ही कैमरा का त्रिनयन एप्प के माध्यम से कैमरे की जानकारी प्राप्त कर चेक किया। जिसमें संदेही उपेन्द्र कुमार गिरी उर्फ विजय के रूप में पहचान होने पर उक्त संदेही को पूछताछ किया जो उक्त माईस्ट्रो स्कूटी को चोरी करने स्वीकार किया। चोरी के माईस्ट्रो क्रमांक सीजी 07 बीएल 3198 को अपने घर से निकाल कर पेश किया जिसे जप्त किया गया है।

व्यय व पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए दुर्ग जिले में सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्टी (आईआरएस), मोबाईल नंबर 7647046173 है। पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा (आईपीएस) मोबाईल नंबर 7647046209 है। सामान्य प्रेक्षक एसबी शेट्टन्नवर (आईएएस) मोबाईल नंबर 7647046210 है एवं लताकर श्रीकेश बालाजीराव (आईएएस) मोबाईल नंबर 7647046325 है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा आम जनता प्रेक्षकगणों से उनके मोबाईल नंबर पर सीधे संपर्क कर सकते हैं।

हनुमान जन्मोत्सव पर मानस गान

दुर्ग। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में हर साल की भांति इस वर्ष भी हनुमान प्रकटत्सोव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। दरबार के लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि 22 अप्रैल की रात्रि 7 बजे से हिरेश सिन्हा एवं तिजेशवरी सिन्हा गाड़ा गाड़ा जोहार फेम परसदा उत्तर बस्तर वाले मंडली के द्वारा मानस गान एवं 23 अप्रैल को शाम 4 बजे से दरबार से भव्य झांकी के साथ जय बजरंग अखाड़ा मंडली सिवनी मंदिर हसौद वाले के द्वारा कला के साथ गली भ्रमण शोभा यात्रा जो कि दरबार से शुरू होकर बजरंगपारा, बाजार चौक, मेन गली, शीतला माता, कर्मा मंदिर, बंमलाई पारा से गोल्डन चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंचेगा।

एकतरफा प्यार में रूंगटा कॉलेज के युवा प्रोफेसर की गई जान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। एक तरफा प्यार के चक्कर में एक होनहार युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। अंधे प्यार के चक्कर में युवक ने यह नहीं सोचा कि किन तकलीफों के साथ पता-पिता ने उनकी परवरिश की होगी। यह भी नहीं सोचा कि मारने के बाद कौन उनके बहनों को राखी बंधेगा। इस एक तरफा प्यार में युवक ने फांसी लगाकर अपनी एहलीला समाप्त तो कर ली लेकिन यह नहीं सोचा की घर वालों को जीवन भर का दर्द दे गया जो शायद कभी न भर पाएगा। मारने के बाद अपने पीछे रोता बिलखता परिवार छोड़ गया। रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर राजीव नगर वार्ड 19 निवासी मनीष शर्मा ने शनिवार रात घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शव के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमे प्यार में नाकामी के चलते आत्महत्या की बात लिखी है। जानकारी के अनुसार मनीष शर्मा (32 वर्ष) पिता

धनेश शर्मा रूंगटा आर-1 में असिस्टेंट प्रोफेसर थे। उनके पिता पंडित धनेश शर्मा आरटीओ एजेंट हैं और पुरोहित का काम भी करते हैं। धनेश रामनगर शकुंतला विद्यालय के पास रहते हैं। उनका संयुक्त परिवार है। उसमें धनेश शर्मा के भाई और उनका परिवार भी रहता है। धनेश शर्मा की तीन संतानें हैं, जिसमें दो बेटियां हैं, मनीष इकलौता बेटा था। मनीष रात 2 बजे तक जाग रहा था। वो अक्सर देर रात तक पढ़ाई करने के लिए जगता था, तो घरवालों ने सोचा कि वो पढ़ाई कर रहा है। सुबह 6 बजे जब उसके चाचा मॉर्निंग वॉक के लिए निकले, तो मनीष के कमरे की लाइट जल रही थी। उन्होंने उसे आवाज दी, तो कोई रिप्लाई नहीं आया। चाचा जब मॉर्निंग वॉक से 7 बजे लौटे तो फिर से मनीष को आवाज लगाई। जब मनीष ने कोई रिप्लाई नहीं दिया, तो वे कमरे में पहुंचे। उन्होंने देखा कि मनीष ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। इसके बाद उन्होंने परिवार के बाकी लोगों को जगाया और पुलिस को सूचना दी। सुसाइड नोट में मनीष ने लिखा है कि कुछ दिन पहले ही पता चला कि जिससे वे शादी करना चाहते थे, उस लड़की का कई लोगों से अफेयर है। लड़की को समझाया भी और सब छोड़कर शादी करने को कहा। पर उसने साफइनकार कर दिया।

संयंत्र ने वैल्यू एडेड स्पेशल स्टील ग्रेड का बढ़ाया उत्पादन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र अपने ग्राहकों और विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए वैल्यू एडेड स्पेशल स्टील ग्रेड्स की एक विस्तृत श्रृंखला का उत्पादन करता है। अपने स्पेषल स्टील उत्पादन को बढ़ाते हुए संयंत्र ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 3.85 मिलियन टन वैल्यू एडेड स्पेषल स्टील ग्रेड का उत्पादन किया है, जो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में दर्ज 3.54 मिलियन टन उत्पादन से अधिक है। वर्ष 2023-24 में स्पेशल स्टील ग्रेड का उत्पादन कुल सेलेबल स्टील उत्पादन का 73.8 प्रतिषत था। डिस्पैच के लिए स्पेशल स्टील की लोडिंग में वर्ष 2022-23 में दर्ज 3.48 मिलियन टन की तुलना में, वर्ष 2023-24 में संयंत्र द्वारा उच्चतम 3.83 मिलियन टन की लोडिंग दर्ज की गई। वर्ष 2023-24 में संयंत्र की प्लेट मिल द्वारा उत्पादित स्पेषल स्टील में 254045 टन हाई टेंसाइल/ सेल्मा ग्रेड प्लेट्स, 95948 टन बॉयलर क्वालिटी ग्रेड, गैर-विनाशकारी परीक्षण के साथ 40 मिमी से अधिक मोटाई में 17661 टन प्लेट्स, 65970 टन नॉर्मलाइज्ड रोल्ड और 25812 टन नॉर्मलाइज्ड माइल्ड प्लेट्स, 8466 टन सेल हार्ड ग्रेड प्लेट्स, 3155 टन कॉपर बियरिंग प्लेट और अन्य ग्रेड्स शामिल हैं। मिल ने वर्ष के दौरान नौसेना के जहाजों में उपयोग के लिए नेवल ग्रेड डीएमआर 249 ग्रेड ए की 1358 टन की लोडिंग भी की है। वर्ष 2023-24 में संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, बार एंड रॉड मिल द्वारा रोल किए गए स्पेषल स्टील ग्रेड में टीएमटी एचसीआर ग्रेड के 23550 टन, सेल एसईक्यूआर 550 डी ग्रेड के 332698 टन, एफई 500 डी ग्रेड के 388430 टन और एफई 550डी ग्रेड के 213862 टन शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में संयंत्र के मर्चेंट मिल द्वारा लाइट स्ट्रक्चरल सेक्शन में एंगल्स और चैनलों के स्पेशल स्टील ग्रेड में आईएस 2062 250/350 (बीआर) के 182861 टन, 2062सीयू (कॉपर) ग्रेड के 8883 टन और सेल्मा 2062 410 ग्रेड के 2922 टन शामिल हैं। स्पेषल ग्रेड स्टील के राउंड और बार्स सेक्षन में, मर्चेंट मिल ने 410364 टन टीएमटी बार्स का उत्पादन किया, जिसके अंतर्गत 12566 टन टीएमटी (एचसीआरएम) और 125567 टन टीएमटी (550 डी) शामिल है। मिल ने 223334 टन टीएमटी (एफई-500डी) और 48,897 टन टीएमटी (एसईक्यूआर-550डी) का उत्पादन किया। वर्ष 2023-24 में संयंत्र के वायर रॉड मिल द्वारा उत्पादित स्पेषल स्टील ग्रेड में 29,933 टन इलेक्ट्रोड क्वालिटी (ईडब्ल्यूएनआर) आईएस-2879 वायर रॉड्स, 1,78,014 टन टीएमटी रॉड्स (500डी/550डी), जिसके अंतर्गत 9564 टन टीएमटी (एचसीआरएम) शामिल है। मिल ने 243700 टन ग्रेड-2/सीएक्यू/ एमआईजी प्लेन वायर रॉड्स उत्पादन किया।

राहुल गांधी की 25 गारंटियों पर जनता को भरोसा : राजेन्द्र साहू

■ **कांग्रेस की सरकार देगी महिलाओं को हर साल एक लाख**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने आज दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क करते हुए चुनाव प्रचार किया। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के मोहलाई, नगपुरा, बोरई, रसमड़ा, अंजोरा, थनौद, विनायकपुर, अंडा, तिरगा, निकुम, आलबरस में नागरिकों से मुलाकात की। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई कम करने और हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा कर भाजपा ने दस साल पहले केंद्र में सरकार बनाई लेकिन न महंगाई कम हुई, न हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार मिला। उलटे महंगाई कई गुना बढ़ गई। कई करोड़ बेरोजगार बढ़ गए। किसानों की आय दोगुना करने का वादा भी पूरा नहीं किया गया। केंद्र की भाजपा सरकार ने जनता से किया कोई भी वादा पूरा नहीं किया। राजेंद्र ने कहा कि कांग्रेस

नेता राहुल गांधी ने पूरे देश को यह गारंटी दी है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए दिये जाएंगे। इसी तरह किसानों की कर्जमाफी के लिए आयोग का गठन किया जाएगा। एमएसपी बढ़ाने की दिशा में अनिवार्य और ठोस पहल की जाएगी। मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 4 सौ रुपए दी जाएगी। 30 लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा और सभी युवाओं को ट्रेनिंग के लिए एक लाख रुपए दिये जाएंगे। राहुल गांधी की पांच न्याय योजनाओं और 25 गारंटियों से देश के नागरिकों में नया भरोसा पैदा हुआ है। उन्होंने दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से कांग्रेस को वोट के साथ समर्थन और सहयोग देने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, मोहन हरमुख, हरेंद्र देशमुख, तुलसी देशमुख, प्रदीप शर्मा, देवराज जनपद सदस्य, अजय वैष्णव, सरपंच ममता साहू, पूर्व सरपंच कचराबाई ठाकुर, लालजी गुप्ता, भागवत साहू, ईश्वर साहू, अनिल बाफना, पन्ना साहू, संतोष रामटेके, धरती साहू, आशा देशमुख, प्यारेलाल देशमुख, भुरू देशमुख, मयंक देशमुख, देवीसिंह देशमुख, डालराम देशमुख, शिवलाल चक्रधारी,कृष्णा देवांगन, रामकृष्ण मिश्रा, भरत निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भगवान महावीर के उपदेश आज भी प्रासंगिक है : गजेंद्र

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भगवान महावीर जयंती के अवसर पर जैन समुदाय ने शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जिसमें विधायक गजेंद्र यादव शामिल हुए। उन्होंने 24वें तीर्थंकार महावीर का आशीर्वाद लेकर जयंती की शुभकामनायें दिये और शोभायात्रा में शामिल सभी का अभिवादन किये। इसके पूर्व विद्युत नगर स्थित जैन मंदिर के समक्ष ध्वजारोहण में शामिल हुए और भगवान महावीर के उपदेश पर उपस्थितजन को सम्बोधित किये। जैन समुदाय द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में पटेल चौक में आयोजित प्रसाद वितरण में शामिल हुए और राहगीरों को प्रसाद वितरण भी किए। उन्होने कहा की भगवान महावीर ने समाज सुधार और आत्मकल्याण हेतु कई उपदेश दिए हैं जो आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं, उन्होंने समाज कल्याण के लिए पंचशील का सिद्धांत दिया था। बाजे गाजे व भक्तिगीतों से निकले शोभायात्रा में नमो मंत्र और महावीर के जयकारे गूंज रहे थे।

अस्पताल से फरार कुख्यात आरोपी अनुपम झा गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। हत्या और लूट के वारदात को दुर्ग जिले के अमलेश्वर में अंजाम देने वाले कुख्यात आरोपी दुर्ग शासकीय अस्पताल से सुरक्षा व्यवस्था के बीच भागने वाले साथी आरोपी अनुपम झा को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी ने 14 नवंबर 2023 को शासकीय चिकित्सालय दुर्ग से भाग खड़ा हुआ था आरोपी को बिहार पुलिस ने जम्मू से पकड़ा गया कुख्यात अपराधी अनुपम झाःरास्ते में बिहार पुलिस की पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश में गोली लगी थी। दुर्ग में की थी हत्या-लूट छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला अस्पताल से फरार कुख्यात बदमाश अनुपम झा पुलिस एनकाउंटर में वो घायल हो गया है। बिहार पुलिस ने जम्मू स्थित मां वैष्णो देवी के मंदिर से उसे गिरफ्तार किया।

अमलेश्वर में हत्या कर समृद्धि ज्वेलर्स में की थी लूट

अनुपम झा ने अपने साथियों के साथ मिलकर 20 अक्टूबर 2022 को दुर्ग जिले के अमलेश्वर में समृद्धि ज्वेलर्स के संचालक सुरेंद्र सोनी की बेरहमी से हत्या कर ली की थी। इसी मामले में वह अपने तीन साथियों के साथ दुर्ग सेंट्रल जेल में बंद था। यहां से इलाज के बहाने 14 नवंबर 2023 को वह अस्पताल से फरार हो गया था। पहले भी रायपुर जेल से पेशी के दौरान अनुपम फरार हो चुका है। बाद में अमलेश्वर में हत्या और लूट की घटना के बाद दुर्ग पुलिस ने उसे बनारस से गिरफ्तार किया था।

51 लाख की लूट के मामले में बिहार पुलिस ने पकड़ा था

दरअसल, बिहार पुलिस ने अनुपम झा को मुजफ्फरपुर के कलकत्ता ज्वेलर्स में 10 अप्रैल को हुई 51 लाख की लूट के मामले में जम्मू के कटरा से पकड़ा था।

मुख्य आरोपी अनुपम झा समेत तीन बदमाशों को भी गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि फकुली में पुल के पास अनुपम झा ने टॉयलेट के बहाने गाड़ी रुकवाई और पुलिस की पिस्टल लेकर भागने लगा।

सोसाइटी ने दी कर्मियों को विदाई

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस दौरान सोसाइटी श्री परगनिहा ने सभी रिटायर कर्मियों को जीवन के नए अध्याय की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी और सभी के स्वस्थ्य व खुशहाल जीवन की कामना की। इन रिटायर कर्मियों में इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग लेबोरेटरी से तपन नाथ, मर्चेंट मिल अजय श्रीवास्तव, सुरेश वर्मा, प्लेट मिल से रघुवीर सिंह ठाकुर, प्रेमजीत सिंह, ब्लास्ट फर्नेस गुरु भेदसिंह छाबड़ा, थानेश्वर सारंगपुरे, रेलएंड स्ट्रक्चरल मिल सुब्रा मुखोपाध्याय, ओम प्रकाश, नर्मदा सोनी, राजेश वर्मा, मोहनलाल सोनी, सियाराम ठाकुर, मनोज पाटिल, एसके फटिंग, रामकृष्ण सहारे, अर्जुन सिंह ठाकुर, रविंद्र महाराणा, मुकेश दास,जगजीवन राम, श्यामलाल ध्रुव, द्वारिका मालेकर शामिल है।

बजरंगियों ने शोभायात्रा में बांटा पेयजल

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। त्याग, तप, सत्य, अहिंसा, लोक कल्याण, दया एवं परोपकार पर आधारित उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। इसी उद्देश्य को लेकर नगर सह सयोंजक बलदाऊ साहू के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बजरंगी भाइयों के द्वारा श्री महावीर जी कि शोभायात्रा में जल पिलाकर अपने जीवन को श्री महावीर के कुछ मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। सुबह से ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मे एक अलग ही उत्साह था। दल के विभाग सह संयोजक रामलोचन (राकेश) तिवारी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष पारस जंधेल, सहमंत्री विजय दुबे, जिला सहसयोंजक खेमलाल सेन, टिक्कू निषाद, नगर सहसयोंजक बदलाऊ साहू, ग्रामीण सहसंयोजक मिलाप पारकर, राज साहू, पर्वत साहू, शुभम खरोले, डोमन सोनकर,करतार सिग, हनी शर्मा, सविन चौड़े, यशवंत साहू, यशवंत चक्रधारी, जितेन्द्र चक्रधारी,अमित, डोमेंद्र साहू,जीतू,राहुल साहू, तरुण तेंदुलकर, संदीप साहू, लक्की चक्रधारी, अंकित साहू, गोविन्द कसेर, भानु कुंभकार, बिट्टू सिन्हा, गौरव विश्वकर्मा, दीपक साहू, तरेन्द्र साहू, जीतू गुप्ता,रोशन गुप्ता,ओमप्रकाश देवांगन, टिकेश देवांगन, कृष्णा कुंभकार, रोहित कुंभकार,सचिन साहू,प्रवीण ढीमर, राहुल साहू,संदीप साहू,पप्पू साहू, तोरण ढीमर, रवि साहू, युवराज पटेल आदि ने सहयोग किया गया।

हनुमान जन्मोत्सव पर पंचमुखी बजरंग मंदिर में आज से धार्मिक आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कसारीडीह स्थित श्री पंचमुखी बजरंग मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर 22 और 23 अप्रैल को दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। मंदिर परिसर से 22 अप्रैल की शाम 5 बजे हनुमानजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 23 अप्रैल को प्रातः4.30 बजे श्रृंगार व आरती, प्रातः7 बजे हनुमानजी का अभिषेक व पूजन, प्रातः 8 बजे श्री बजरंग मानस मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ,प्रातः 11 बजे श्री बजरंग महिला मानस मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ, दोपहर 12 बजे यज्ञ,आहूति व पूजन, दोपहर 1 बजे सुरधारा म्यूजिकल ग्रुप दुर्ग द्वारा भक्तिगीतों की प्रस्तुति, दोपहर 1 बजे से महाभंडारा और संध्या 7 बजे हनुमानजी की महाआरती की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री पंचमुखी हनुमान जन्मोत्सव समिति के सदस्य और अधिवक्त विजय चौधरी ने श्रद्धालुओं से जन्मोत्सव पर शामिल होने की अपील की है।

स्वच्छता दीदियों ने तख्तियां लेकर किया जागरूक

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान हेतु जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान जागरूकता अभियान की कड़ी मे निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के दिशा निर्देश में नगर निगम की स्वच्छता दीदियां भी जागरूकता के लिए कदम बढ़ा रही हैं। सूर्य की प्रथम किरणों के साथ निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर एवं स्वीप वॉलंटियर डॉ पाणिग्राही ने

वार्ड नंबर 43 के स्वच्छता दीदियों के साथ मतदाता जागरूकता का एक नवाचारी कार्यक्रम शुरू किया। स्वच्छता दीदियों ने एक हाथ में सफाई के लिए झाडू तो दूसरे हाथ में मतदान जरूर करें लिखी तख्ती थामें सबसे पहले मतदान, उसके बाद दूसरा काम के नारे लगाए। डॉ पाणिग्राही ने बताया यह ऐसा समय होता है जब लोग बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा, वरिष्ठ जन सभी मॉर्निंग वॉक के लिए जाते रहते हैं तो कुछ लोग मॉर्निंग वॉक से लौटते रहते हैं। ऐसे समय में मतदान जागरूकता संदेश लोगों तक पहुंचा सके। स्वच्छता सुपरवाइजर अनिल रत्नाकर, आलोक हेला की सहभागिता से मतदान संकल्प एवं नारे लगाते हुए मतदान की अपील का एक अच्छा संदेश लोगों के बीच पहुंचाया गया।

मांगलिक आयोजनों के साथ मना महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

■ **8 दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन निकली भव्य शोभायात्रा आसपास के क्षेत्रों से भी जैन समाज के लोग भी हुए शामिल**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग द्वारा इस वर्ष भगवान महावीर का 2623 वॉ जन्म महोत्सव 14 अप्रेल से 21 अप्रैल तक सामाजिक-सांस्कृतिक एवं सेवा के विभिन्न कार्य इन आठ दिनों में आयोजित किए गए। आज प्रातः आठ बजे श्वेतांबर मंदिर एवं दिगंबर मंदिर से भगवान का रथ गांधी चौक मोती काम्पलेक्स होते हुए मारवाड़ी स्कूल पहुंचा। जहां विधि विधान से श्वेतांबर समाज के लोग मारवाड़ी स्कूल में तथा दिगंबर समाज के लोग कस्तुरबा बाल मंदिर में विधि विधान के

साथ भगवान महावीर स्वामी की पूजा-अर्चना की पश्चात वहीं से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। जो मान होटल, गुजराती, धर्मशाला, फरिश्ता, कंपलेक्स, स्टेशन रोड, भाजपा कार्यालय, शनिचरी बाजार होते हुए सदर जैन मंदिर एवं दिगंबर जैन मंदिर में समापन हुआ। भगवान महावीर का 2623 वां जन्म कल्याणक महोत्सव डॉ सतीश मुनि, कल्प यज्ञ सागर, हेमप्रभा श्रीजी के सानिध्य में मनाया गया। भगवान महावीर के 2623 में जन्म महोत्सव में शोभायात्रा में इतनी बड़ी संख्या में जन सेलाब पहली बार देखने को मिला।

जैन समाज के सभी वर्ग के लोग बच्चे, महिला युवक-युवतियों एवं जैन समाज के विभिन्न संगठन, युवा संगठन, बालिका संगठन, महिला संगठन ने हर्ष और उल्लास के वातावरण में इन सात दिनों के सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लिया और सभी कार्यक्रमों को अभूतपूर्व सफलता के साथ संपादित किया। आज की भव्य शोभायात्रा में विधायक गजेंद्र यादव, राजेंद्र साहू अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल सहित जैन समाज के सभी गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष अजय श्रीश्रीमाल, महामंत्री चुन्नीलाल जैन, उपाध्यक्ष संदीप लुहाडिया, शशांक चोपड़ा, किशोर श्रीश्री माल, सहमंत्री पीयूष पारख, मनोज चाकलीवाल, राजा कांकरिया, कोषाध्यक्ष रितेश बुरड एवं प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी नवीन संचेती निभाते हुए सभी कार्यक्रमों को सफलता के आयाम पर स्थापित किया।

राजा की भक्ति में थिरके लोग

राजा बाफना की भक्ति गीतों ने समां बांधा राजा बाफना के लयबद्ध गीत संगीत को शानदार प्रस्तुति ने शोभा यात्रा को चार चांद लगा दिया युवा समुदाय भक्ति गीतों पर थिरकते हुए भगवान महावीर के जयघोष के साथ इस शोभायात्रा में एक नया इतिहास रच दिया।

भंडारा में भरपेट भोजन

जैन समाज के सदस्यों ने विशाल भंडारे का आयोजन पुराना बस स्टैंड दुर्ग में किया जिसमें आम जनता ने भंडारे में 2500 लोगों ने भरपेट भोजन ग्रहण किया। निर्मल बाफना एवं उनके दोस्त यार ग्रुप में विशाल भंडारा में सहयोग किया। जिसमें आज हजारों की संख्या में भंडारे का लाभ लिया।

नाम-परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अफसाना बेगम (AFSANA BEGAM) पति फिरोज अहमद अंसारी (FIROZ AHMAD ANSARI) निवासी House No. 2635/7, In front of Marbal House, Shivaji Nagar, Supela, Bhilai, Distt- Durg (C.G.) Pin 490023 यह शपथ लेती हूं कि मैने अपना पुराना नाम अफसाना बेगम (AFSANA BEGUM) पति फिरोज अहमद अंसारी (FIROZ AHMAD ANSARI) को त्याग कर नया नाम अफसाना बेगम (AFSANA BEGAM) पति फिरोज अहमद अंसारी (FIROZ AHMAD ANSARI) रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक व अन्य दस्तावेजों में नए नाम अफसाना बेगम (AFSANA BEGAM) पति फिरोज अहमद अंसारी (FIROZ AHMAD ANSARI) के नाम से जाना पहचाना जाए।

अफसाना बेगम
(AFSANA BEGAM)
House No. 2635/7, In front of Marbal House, Shivaji Nagar, Supela, Bhilai, Distt- Durg (C.G) Pin 490023

नाम-परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिखा मनोज वर्गीस (SHIKHA MANOJ VERGHESE) पति मनोज वर्गीस (MANOJ VERGHESE) निवासी House No. A-94, Street No. 27, Near Canra Bank, Smriti Nagar, Junwani, Bhilai, Distt- Durg (C.G.) Pin 490020 यह शपथ लेती हूं कि मैने अपना पुराना नाम शिखा मनोज (SHIKHA MANOJ) पति मनोज वर्गीस (MANOJ VERGHESE) को त्याग कर नया नाम शिखा मनोज वर्गीस (SHIKHA MANOJ VERGHESE) पति मनोज वर्गीस (MANOJ VERGHESE) रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक व अन्य दस्तावेजों में नए नाम शिखा मनोज वर्गीस (SHIKHA MANOJ VERGHESE) पति मनोज वर्गीस (MANOJ VERGHESE) के नाम से जाना पहचाना जाए।

शिखा मनोज वर्गीस
(SHIKHA MANOJ VERGHESE)
House No. A-94, Street No. 27, Near Canra Bank, Smriti Nagar, Junwani, Bhilai, Distt- Durg (C.G.) Pin 490020

■ न्यूज गैलरी

सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा क्षेत्र रायपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस संजय कुमार की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र-45 बलौदाबाजार एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा के मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। एनआईसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने बलौदाबाजार-45 के 196 एवं भाटापारा-46 विधानसभा क्षेत्र के 282 मतदान केंद्रों के लिए मतदलों का निर्वाचन आयोग के पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के माध्यम से मतदान दलों को मतदान केंद अलॉट करने की प्रक्रिया की गई। रेंडमाइजेशन के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर.दुबे दोनों विधानसभा क्षेत्र के एआरओ सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

बोड़तरा में तीन दिवसीय जसगीत स्पर्धा शुरू

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम बोड़तरा में मावली माता युवा सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय जसगीत प्रतियोगिता में प्रथम दिवस में महिला जसगीत समिति मुड़पार.गुमा,ढाबाडीह, आदि समितियों ने अपना प्रस्तुति दी। इसके पूर्व इस धार्मिक प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच श्रीमती नीतू रवि आडिल एवम गायत्री जितेंद्र आडिल पूर्व भाजपा अध्यक्ष महिला मोर्चा भाठापारा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आयोजक समिति के सदस्य गण सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

घर घुसकर महिला से छेड़छाड़

भाटापारा/नवप्रदेश। महिला के घर घुसकर उसका हाथ बाह पकड़ छेड़खानी के मामले में ग्रामीण पुलिस ने एक मुर्गी फार्म संचालक को गिरफ्तार किया है।

उपरोक्त संबंध में ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पाटले ने बताया कि अभियान सृजन÷ के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में महिला संबंधी अपराध के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। ग्रामीण थाना में प्रार्थीया ने लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17अप्रैल के रात 10.30 कमलेश मुर्गी फार्म के मालिक कमलेश साहू निवासी रेंगाबोड द्वारा मेरे निवास में जबरदस्ती अंदर घुसकर बेईज्जती करने के नीयत से प्रार्थीया के हाथ-बाह एवं शरीर को पकड़ने लगा उक्त रिपोर्ट पर धारा 354,456 भादंवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया।

कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बलौदाबाजार में किया जनसंपर्क

कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटियों की दी जानकारी

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने जनसंपर्क के दौरान बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में तपती धूप में पहुंच कर कांग्रेस नेताओं के साथ जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की। प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने सुबह बलौदाबाजार के गुरु घासीदास महंत नयनदास स्मृति स्थल पर जोड़ा जैतखाम में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क प्रारंभ किया। इसके पूर्व नामांकन भरने के बाद रात में बलौदाबाजार पहुँचकर कार्यकर्ताओं के साथ भोजन बनाकर सबके साथ भोजन किया। रात्रि विश्राम नगर के गुरु घासीदास नैनदास महिलांगे स्मृति भवन में कार्यकर्ताओं के साथ किया। ग्राम पंचायत लटूवा, भरसेला में मनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूरों से मिल कर कांग्रेस के गारंटी मजदूर न्याय योजना के बारे में जानकारी दी। कांग्रेस की सरकार बनेगी तो मनरेगा मजदूरों को प्रति दिन 400 रुपए और साल में 150 दिन मजदूरी उपलब्ध कराया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत गैतरा, करमदा, धवई, रवान, पौसरी, रवान, कुकुरदी,, अर्जुनी, सेमहराडीह, भारूवाडीह, खमहरिया, चांपा, ठेलकी, रिसदा, दसरमा पुरेना, खपरी में जनसंपर्क कर आशीर्वाद मांगा। इस दौरान मनरेगा मज़दूरों से मिलने पहुँचे, खेत में ट्रैक्टर भी चलाया। विकास उपाध्याय ने जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस की घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी की जानकारी दी। कहा की कांग्रेस की पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय%, %किसान न्याय%, %नारी न्याय%, %श्रमिक न्याय% और %युवा न्याय% और 25 गारंटी के साथ देश के सभी वर्गों के हितों के लिए कांग्रेस को वोट करने अपील की।

उक्त अवसर पर वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर पूर्व विधायक जनक राम वर्मा दिनेश यदु पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला,ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी रूपेश ठाकुर परमेश्वर यदु संदीप पांडे राजा तिवारी प्रभाकर मिश्रा संजीव सिंह आर्यन शुक्ला गणेश शंकर साहू लखेश साहू के के वर्मा अनिल साहू सोनू वर्मा अविनाश मिश्रा थानेश्वर वर्मा अखिलेश मिश्रा सुभाष राव मनोज प्रजापति संतोष यादव शैलेंद्र बंजारे देवेंद्र बंजारे दीपक साहू धर्मेंद्र वर्मा रविन्द्र नामदेव समीर अग्रवाल उमेश जैन राजेश साहू जितेंद्र नवरत्न संदीप साहू गोल्डी मोरईया सुखदेव साहू अभिषेक पटेल सलमान सेख ईश्वर कुर्रे विशाल डोंगरे संतोष साहू मदन साहू कुलेश्वर साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

महावीर जयंती पर जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

भाटापारा/नवप्रदेश। भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव सकल जैन समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष पीयूष जैन ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के 13वें दिन महावीर स्वामी का जन्म बिहार के कुंडग्राम में हुआ था। इन्हें जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर के रूप में माना जाता है। महावीर स्वामी उन जैन 24 तीर्थंकरों में से हैं जिन्होंने तपस्या से आत्मज्ञान की प्राप्ति की थी।

इस परिपेक्ष्य में सकल जैन समाज द्वारा सुबह 7 बजे मंगलाष्टक व भगवान महावीर स्वामी की शांति धारा, आरती व पूजन की गई। इसके बाद श्री दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर से श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस श्री दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा का कई जगह स्वागत किया गया। विभिन्न प्रकार की निर्मित झांकियों एवं आचार्य विद्या सागर जी की स्मृति मंदिर का दर्शन पाकर भक्तों ने धर्म लाभ लिया। श्री जी की शोभायात्रा के पश्चात मूल नायक भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी का महामस्तकाभिषेक का सौभाग्य शोभालाल जैन परिवार एवं प्रकाश मोदी परिवार ,छत्र चढ़ाने का सौभाग्य बिमला देवी कोतमा निवासी ,रत्नावली ,रेखा सिंघई परिवार एवम ध्वजारोहण का सौभाग्य अनुराग जैन परिवार,अभिषेक करने का सौभाग्य विद्या गुरु सेवा संघ युवा मंडल शांति धारा का सौभाग्य मनोज एवम सुनील छाबड़ा परिवार को प्राप्त हुआ। शाम को महा आरती एवं 251 दीपों से पूरे मंदिर को सजाकर दीपोत्सव मनाया गया और महिला मंडल ,नवकार बहु मंडल,बालिका मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

पूर्व संध्या पर जैन समाज ने निकाली बाइक रैली

भाटापारा/नवप्रदेश। महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर जैन समाज के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महावीर स्वामी का जयघोष के साथ समाप्त हुई। इसके बाद सकल दिगंबर जैन समाज व विद्या गुरु सेवा संघ के तत्वावधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

जैन समाज के अध्यक्ष पियूष जैन ने बताया कि महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर महावीर स्वामी के जयघोष के साथ एक शाम महावीर के नाम पर श्री दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर से सकल जैन समाज बाइक से प्रभावना रैली निकाली गई। जियो और जीने दो के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। प्रभावना रैली गोविंद चौक, कांग्रेस भवन, जय स्तंभ चौक, रामसप्ताह चौक , सदर बाजार प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर में जाकर खत्म हुई। रात में फैंसी ड्रैस स्पर्धा का आयोजन किया गया।

बोथरा परिवार ने मरणोपरांत पुष्पा देवी का नेत्रदान और देहदान किया

नवापारा राजिम। रविवार 21 अप्रैल की सुबह नवापारा नगर के प्रतिष्ठित बोथरा परिवार की श्रीमती पुष्पा देवी बोथरा पति नगराज बोथरा का निधन हो गया। मृतका के परिजनों ने जनकल्याण के लिए श्रीमती पुष्पा देवी के मरणोपरान्त उनकी नेत्र और देह दान करने का निर्णय लिया। पुष्पा देवी ने देहदान की इच्छा परिजनों को बताई थी। उनकी इच्छा के अनुसार उनके परिजनों ने नेत्र दान और देहदान कार्य सम्पन्न कराया ।सुबह अरविंदो नेत्रालय की टीम ने उनकी आंखों को संरक्षित किया। इस दौरान नवापारा की शासकीय अस्पताल के नेत्र संयोजक एस पी देवांगन भी उपस्थित थे।उनकी देहदान की प्रक्रिया शाम 4 बजे पूरी की गई। उनके शरीर को श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज मोवा, रायपुर के सुपुर्द किया जाएगा। यह संयोग की बात है कि आज श्री महावीर जयंती पर पुष्पा देवी को निर्वाण प्राप्ति हुई है। नगर में यह आज चर्चा का विषय बना हुआ है। इस प्रक्रिया को नवापारा नगर की संस्था श्री सिंधु सेवा मंडल के सदस्यों ने रायपुर की अग्रणी संस्था बढ़ते कदम के देहदान प्रभारी राजू झामनानी के सहयोग से संपन्न किया श्री सिंधु सेवा मंडल के सदस्यों ने नगराज बोथरा और बोथरा परिवार के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया और सर्व समाज से अपील की कि सभी लोग समाज सेवा के ऐसे कार्यों के प्रति सजग थे।

जनरल ऑब्जर्वर ने स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर (सामान्य प्रेक्षक) आईएएस संजय कुमार ने शनिवार को नवीन मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाबलों,सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक इत्यादि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र पर भूपेश ...

साल के कामकाज का ज़िक्र होता। आपने देखी ऐसी कोई होर्डिंग जिसमें मोदी जी अपना काम गिना रहे हों? किसी ने नहीं देखा। ऐसे में कांग्रेस ही लोगों को उम्मीद की तरह दिख रही है।

प्रश्न : फिर भी राज्य में कितनी लोकसभा की सीटें कांग्रेस जीत रही है?

उत्तरः जनता का भरोसा हमारी गारंटियों पर है, जनता का भरपूर आशीर्वाद हम सबको मिल रहा है। भाजपा से ज़्यादा सीटें कांग्रेस जीतेगी।

प्रश्न : आप अपनी राजनांदगांव लोकसभा सीट के बारे में क्या सोचते हैं? किस मुद्दे के साथ आप मैदान में है?

उत्तरः राजनांदगांव को भाजपा ने एक प्रयोगशाला बनाकर रख दिया है। जनता को अपना सांसद पहचानने के लिए गूगल पर तस्वीर ढूँढनी पड़ती है। जनता की मैंने मुख्यमंत्री रहते सेवा की है। जनता को मुझ पर और कांग्रेस पर भरोसा है। जनता अपने बीच रहने वाला, काम करने वाला और उनकी आवाज उठाने वाला सांसद इस बार चुनने जा रही है।

प्रश्न : क्वांटिफाइबल डाटा आयोग की रिपोर्ट आपने जानबूझकर सार्वजनिक नहीं की यह आरोप विधायक अजय चंद्राकर का है?

उत्तरः जिस व्यक्ति पर उसकी पार्टी को ही भरोसा नहीं है, उसके आरोप पर मैं जवाब देकर अपना और आपका वक्त जाया नहीं करना चाहता। कोई गंभीर और समझदार व्यक्ति तो ऐसा नासमझी भरा सवाल पूछ ही नहीं सकता।

प्रश्न : राज्य में जीत के दावें की हकीकत की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं क्या इसी वजह से आप इस बार कोई दावा नही कर रहे हैं? मसलन 2018 में अमितशाह का दावा था 65 पार का था 15 पर आई भाजपा। 2023 में बतौर मुख्यमंत्री आपने दावा 75 पार का किया था कांग्रेस आई 35 पर? क्या इसी अनुभव के आधार पर आप दावा नहीं कर रहे है?

उत्तरः 75 पार का नारा मैंने नहीं, हमारे कार्यकर्ताओं ने दिया था। एक कार्यकर्ता होने के नाते मैंने भी उसे दोहराया और हम सबने मिलकर उसे सफल बनाने का प्रयास किया। हर बॉल पर आप रन नहीं बना सकते, कुछ गेंदे हमारी खाली छूट गयीं और स्कोरबोर्ड पर वो स्कोर नहीं आ पाया। लेकिन पिच भी वही है और मैदान भी वही। किसी दिन शतक फिर मार लेंगे।पर जो जीत भाजपा को मिली है उस पर बहुत से प्रश्न चिन्ह लगे हुए हैं। भाजपा के लोग तो अभी भी समझ नहीं पा रहे हैं कि उनकी जीत कैसे हुई।

प्रश्न : आपके नामांकन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत द्वारा पीएम मोदी के लिए दिए गए बयान से आपको राजनांदगांव में या कांग्रेस को पूरे राज्य में क्या नुकसान होता दिख रहा है। न केवल भाजपा आक्रमक हुई बल्कि पीएम मोदी ने भी अपने कांकेर के भाषण में इसका जिक्र किया था?

उत्तरः छत्तीसगढ़ की संस्कृति, भाषा और यहाँ के मुहावरों को जो समझता नहीं है, उसे समझाने की आवश्यकता भी नहीं। छत्तीसगढ़िया लोग उनके बयान को समझ गए, इसीलिए भाजपा का आरोप धराशाई हो गया और उन्हें मुंह की खानी पड़ी। प्रधानमंत्री के बयान का जहां तक सवाल है तो वे अपने कामकाज गिनवाने की जगह विपक्ष के बारे में ही बोलते रहते हैं। आपको यह कहां से दिख गया कि इससे नुकसान होता दिख रहा है?

भारत में अब घोटालेबाज नहीं ...

नाम है। कांग्रेस ने युवाओं को आतंकवाद के नाम पर, उग्रवाद के नाम पर उकसाने का कार्य किया है।

मौका मिला तो छत्तीसगढ़ को पूरी तरह लूटा

पूरे देश के अंदर एक ही लहर है, एक ही आवाज है- फिर एक बार मोदी सरकार। इसी आवाज को छत्तीसगढ़ में भी हमें गुंजाना है। जो लोग जातिवाद के नाम पर और अन्य आधार पर यहाँ लोगों को बाँटना चाहते हैं, उनको दरकिनार करिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब भी अवसर मिला, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पूरी तरह लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

योगी ने रामलला को उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से ऐसे जोड़ा

कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त कर प्रभु श्रीरामलला का फिर से अयोध्या में आगमन हुआ है। क्या यह काम कांग्रेस के लोग कर पाते? जब भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास हुआ था तो उन्होंने इसी छत्तीसगढ़ की तरफ रुख किया क्योंकि ननिहाल नजदीक था। पहले चित्रकूट आए और फिर दंडकारण्य होते हुए पंचवटी की तरफ गए। उस समय भी उनके सामने चुनौती थी कि रावण के कुछ राक्षस इस पूरे क्षेत्र में यहां के ऋषि-मुनियों को परेशान करते थे, सभ्य समाज को प्रताड़ित करते थे उनकी सुरक्षा का दायित्व प्रभु राम ने अपने कंधे पर लिया।

रामलला का 500 वर्षों का इंतजार खत्म

निसिचर हीन करहुँ माही का संकल्प लेकर उन्होंने इसी धरती पर इसको निशिचरहीन करने का जो संकल्प लिया उसी का परिणाम था कि लंका के राजा रावण को भी अंततः अपने पूरे खानदान के साथ दूसरे लोक के लिए प्रस्थान करना पड़ा था। श्री योगी ने कहा कि आज अगर अयोध्या में रामलला का प्रगटीकरण हुआ है, फिर से रामलला 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या आए हैं तो प्रधानमंत्री श्री मोदी के कारण आए हैं।

कांग्रेस के लोग कहते थे कि राम हुए ही नहीं

योगी ने कहा कांग्रेस के लोग तो कहते थे कि राम हुए ही नहीं, जब राम हुए ही नहीं तो गांधी जी क्यों कहते थे हे राम, अंत में उन्होंने कहा था रघुपति राघव राजा राम। गांधीजी के नाम पर जिन लोगों ने जीवनभर सत्ता पर काबिज रहे, वे राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा कर रहे थे।

योगी बोले- नक्सलवाद के साथ...

लगाम लगाने का काम बीजेपी ने किया है।

इससे पहले राजनांदगांव में उन्होंने कहा कि, भुनेश्वर साहू के पिता को विधायक बनाकर भुनेश्वर को जनता ने सच्ची श्रद्धांजलि दी। भुनेश्वर की एक ही गलती थी कि उसने लव जिहाद का विरोध किया था, कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण की नीति का विरोध किया था।

योगी आदित्यानाथ की सभा के मुख्य अंश

0 'पहले ननिहाल में ही बच्चा आता है, यहां मंदिर पहले बना था'

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, जब रायपुर में राम मंदिर बन रहा था तब भी मैं यहां आया था। सबसे पहले बच्चा ननिहाल आता है। भगवान राम का मंदिर भी छत्तीसगढ़ में पहले बना था। मैंने रमन सिंह से रायपुर में कहा था, आपने यहां भव्य राम मंदिर बनाया है अब जल्द ही अयोध्या में भी बन जाएगा।

नक्सलवाद के साथ कांग्रेस की साठगांठ-योगी

कांग्रेस ना सुरक्षा दे सकती है ना विकास की बड़ी परियोजना ला सकती है। इनका तो नक्सलवाद के साथ भी आंतरिक समझौता था। कैसे सांठगांठ करते थे ये किसी से छिपा नहीं है। जिन नौजवानों के हाथ में रोजगार होना चाहिए था उनके हाथ में कांग्रेस ने तमंचे थमा दिए। समाज को बांटने का काम कांग्रेस करती है।

अब कोई कांग्रेसी दलाल डकैती नहीं डाल पाएगा- योगी

कांग्रेसी तो कमीशन खाने के आदी हैं। उनकी कमीशनखोरी को लगाम लगाने के लिए पीएम मोदी ने जन-धन अकाउंट खोले हैं। दिल्ली और रायपुर से अगर पैसा आपको भेजा जाएगा तो उसमें कोई कांग्रेसी दलाल डकैती नहीं डाल पाएगा।

अधिकारों को छीनने का ...

प्रियंका गांधी ने कहा कि आपने ये प्रदेश अपनी मेहनत के दम पर बनाया है। यहां प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में हैं, इसके बावजूद यहां बेरोजगारी चरम पर है। आज हम अपने जीवन में संघर्ष कर रहे हैं। पैसे कमाते हैं, लेकिन बचता नहीं है। किसानों की हालत आज ऐसी है कि यहां पर कृषि में भी लाभ नहीं दिखता। फसलों पर भी जीएसटी लागू है।

प्रियंका ने कहा जब यहां सरकार थी, तो छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की रक्षा की गई, आदिवासियों की जमीन वापस कराई गई, अब यहां पर सरकार बदल गई है। यहां पर सरकार ने गौठान से संबंधित योजनाएं बंद कर दीं।

हम देंगे गरीब परिवार को एक लाख

प्रियंका ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम एक गरीब परिवार को 1 लाख रुपए सालाना और 25 लाख रुपए तक का इलाज देने का वादा करते हैं। आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए केंद्र अपना हिस्सा बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी भाई-बहन यहां बैठे हुए हैं। हमने सरकार में रहते जल, जंगल, जमीन की रक्षा की।

.. तो रोक लें युद्ध को

प्रियंका गांधी ने कहा कि बीजेपी 400 पार की बात कहते हुए संविधान बदलने की बात करते हैं। उन्होंने कहा अगर इन्हें बहुमत मिला, तो ये संविधान बदल देंगे, अधिकारों को छीन लेंगे, क्या ऐसी सरकार चाहिए, जो आपका संविधान ही बदल दे। उन्होंने भाजपा पर चुटकी लेते हुए कहा कि दुनिया भर में सबसे बड़े नेता मोदी जी हैं, तो रोक लें युद्ध को। मोदी जी बड़े नेता हैं, तो 10 साल में बेरोजगारी क्यों नहीं खत्म कर पाए? मोदी अगर बड़े नेता हैं, तो नीयत में कोई समस्या है या फिर वे समस्या सुलझाना ही नहीं चाहते।

मैं बालोद का भांजा- बीरेश ठाकुर

प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने कहा कि यहां पर मैं आशीर्वाद मांगने आया हूं। उन्होंने कहा कि बालोद का मैं भांजा हूं, न्याय के लिए लड़ने आया हूं। हमने लोकसभा के लिए 5 न्याय की गारंटी दी है, उसे अब पूरा करने का समय है। आप मौका देंगे, तब हम दिल्ली में नेतृत्व करेंगे।

4 महीने में 16 हजार ...

को भाजपा सरकार ने 16 हजार करोड़ के कर्ज में डाल दिया है। यहां पर हत्या, चोरी, डकैती, बलात्कार जैसे अपराध बढ़े हैं।

परिवारवाद और भ्रष्टाचार ...

वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत यह है ?कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है, उसकी गुनहगार वो खुद है।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की मीटिंग बुला कर फाड़ कर फेंक देते हैं।

मोदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर की सजा दी है। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत राजस्थान यह जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। उन्होंने कहा कि देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे, वो हालात दोबारा नहीं चाहिए। उन्होंने

कांग्रेस ने 60 वर्षों ...

ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया। इन्हीं पापों की सजा देश उनको दे रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते-जाते लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था, सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी।

मोदी ने 10 साल में रोजगार ...

नौकरी पक्की व एक साल में एक रुपये लाख मानदेय। पेपर लीक से मुक्ति दी जाएगी और नौकरी परीक्षाओं के लिए पेपर लीक होने के मामलों का निपटारा करने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन कर पीड़ितों को मुआवजा प्रदान करेंगे।

गिग इकॉनॉमी के लिए सामाजिक सुरक्षा

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा गिग इकॉनॉमी के लिए सामाजिक सुरक्षा के तहत हम गिग इकॉनॉमी में कार्यरत श्रमिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा का क़ानून बनाएंगे। युवा रोशनी के तहत स्टार्ट-अप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना का पुनर्गठन करेगी और उपलब्ध फंड का 50 प्रतिशत, 5,000 करोड़ रुपए, जहां तक संभव हो, देश के सभी जिलों में समान रूप से आवंटित करेगी ताकि देशभर में 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए धन उपलब्ध कराया जा सके जिससे वो अपने व्यवसाय को बढ़ा सके और रोजगार के अवसर पैदा करें।

पांच साल बाद छत्तीसगढ़ में ...

थे, पांच साल में सरकार चलाने के बाद भी कोई वादा पूरा नहीं किया, बल्कि हमारे छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बनाया। कोयला, शराब, रेत, गोबर, गोठान, बिएमएफ राशि में भ्रष्टाचार किया। आज कांग्रेस के नेता और अधिकारी जिन्होंने सहयोग किया सब जेल में हैं। कांग्रेस की सरकार में शराब की दुकानों में दो कैश काउंटर लगते थे एक हिसाब किताब सरकार के खजाना में दूसरा हिसाब किताब कांग्रेस के आलाकमान राहुल, सोनिया प्रियंका के खता में जाता था।

सीएम साय ने आगे कहा इसलिए प्रदेश की जनता ने सरकार से उन्हें हटाया और इस लोकसभा में भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को खाता नहीं खोलना देना है। सभी 11 सीटों को जिताकर नरेंद्र मोदी जी का हाथ मजबूत करना है।

जनता ने सबक सिखाया : धर्मजीत सिंह

वहीं तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ जिस कुशासन, अराजकता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंस रहा था उससे जनता भलीभांति परिचित थी और विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने मताधिकार से इसका जवाब दिया।

इस अवसर पर कबीरधाम जिलाअध्यक्ष अशोक साहू, सुशीला भट्ट, रामकुमार भट्ट, सियाराम साहू, सीताराम साहू, समुंद बाई कुर्रे, सुमित पुसाम, कल्याण सिंह, ओम यदु, रोशन दुबे जी, पुष्पलता राज, रुपेश जैन, भुनेश्वर चंद्राकर, सुरेश दुबे, पीयूष ठाकुर, उत्तम मस्कोले, हेमंत ठाकुर, सुखदेव धुर्वे, रतिराम भट्ट, गजपाल साहू, परमेश्वर चंद्रवंशी, दीपा धुर्वे, सरोज धुर्वे, शिवनंदन पाण्डेय, तिवारी साहू, बालाराम चंद्रवंशी, विदेशी राम धुर्वे, सुखदेव धुर्वे, विकास तिवारी, प्रज्ञेश तिवारी, फलित साहू, रोहित भास्कर, बसंत वाटिया, दीपक सलूजा, मोहित मरावी, दशरथ कुम्भकार, मुकेश प्रजापति, चैतराम पटेल, शंकर ठाकुर, शंकर साहू, गनपत करचाम, शत्रुहन साहू, बसंत बोहरा, यश कुमार साहू, राजकुमार धुर्वे, घनेश दिलावर, शिव साहू, राहुल चंद्राकर, हीरा चेल्से, राधेलाल साहू, कलेश राठौर, बालकृष्ण साहू, थानूराम साहू, हुकुम सिंह ठाकुर, राजेन्द्र साहू, निलाम्बर चंद्राकर, राघवेन्द्र वर्मा, दिनेश चंद्रवंशी सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

गरीबों की चिंता करने वाले को ...

क्योंकि वो गरीब माँ का बेटा है।

योजनाएं तैयार कर क्रियान्वयन ...

कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जनधन खाते, गैस कनेक्शन आदि का लाभ दिया जा रहा है। पीएम आवास का लाभ जिसे कांग्रेस ने रोक दिया था उसे फिर से हमारे मुख्यमंत्री जी ने शुरू किया। महिलाओं को महतारी वंदन के माध्यम से प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहयता दी जा रही है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी निवासरत आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जनमन योजना के माध्यम से 51 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 16 विकास कार्यों के लिए 3667.59 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

कांकेर में शाह, रायपुर-भिलाई ...

23-24 अप्रैल को पीएम मोदी की होगी सभा

बता दें कि, अब छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण होना है। 26 अप्रैल को राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा सीट के लिए चुनाव होंगे। पीएम नरेंद्र मोदी 23 अप्रैल को सुबह जांजगीर-चांपा के सक्ती???? में चुनावी रैली करेंगे। 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे अंबिकापुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी सभा होगी।

राज्य में आज से 15 जून ...

से कक्षाएं लगाएं।

हीट वेव या लू क्या होती है?

गर्मी में तेज गर्म हवा चलने को लू कहते हैं। अप्रैल से लेकर जून के महीने में यह ज्यादा होती है। क्योंकि इन तीन महीनों में ही पारा बहुत ज्यादा होता है और बहुत गर्म, सूखी हवाएं चलती हैं। लू तब लगती है जब टेंपरेचर बहुत ज्यादा हो। उसी दौरान चेहरा और सिर डायरेक्ट हवा और धूप के संपर्क में रहता है, तो लू लग जाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

बीजापुर के कोत्तूर गांव में अज्ञात बीमारी से दहशत, इलाज के लिए तेलंगाना भागे लोग

महामारी की आशंका !

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के भोपालपटनम ब्लॉक मुख्यालय के कोत्तूर गांव में अज्ञात बीमारी की चपेट में कई लोग आ गए हैं. इस बीमारी से पिछले हफ्ते दो ग्रामीणों की मौत भी हो गई है. दो ग्रामीणों की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है. वहीं, ये बीमारी लगातार लोगों को अपनी चपेट में लेते जा रहा है. कई लोग तेलंगाना के वारंगल में इस बीमारी के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं. अब तक करीब 50 से ज्यादा लोग इस बीमारी से पीड़ित है. जबकि दो लोगों की मौत हो चुकी है.

पिछले 15 दिनों से हो रही समस्या- दरअसल, बीजापुर जिला के भोपालपटनम ब्लॉक मुख्यालय से 36 किमी दूर नेशनल हाईवे पर बसे तारलागुड़ा और कोत्तूर गांव में इन दिनों लोग अज्ञात बीमारी की चपेट में आ रहे हैं. इस बीमारी में लोगों को बुखार, हाथ और पैर में दर्द की शिकायत हो रही है. इस अज्ञात बीमारी से गांव के दो लोगों की मौत हो गई है. गांव वालों की मानें तो पिछले 15 दिनों से ग्रामीणों को ये समस्या हो रही है. एक-एक कर लोगों को ये बीमारी हो रही है. पहले हाथ-पैर दर्द, उसके बाद तेजी से बुखार लोगों को जकड़ ले रहा है. नहीं मिल रहा मरीजों को सहयोग- बीमार लोग इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे हैं, लेकिन कोई खास उपचार नहीं मिल पा रहा है. पिछले पंद्रह दिनों से यह शिकायत है, धीरे-धीरे पूरा गांव इसकी चपेट में आ गया है. इस अज्ञात बीमारी के कारण गांव में दहशत का माहौल बना हुआ हैं. वही ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल में भी स्टाफ मरीजों को सहयोग नहीं कर रहे हैं. स्टाफ का मरीजों के प्रति रवैया भी ठीक नही है. हर दिन अस्पताल में भर्ती हो रहे 8-10 मरीज- इस बीमारी से 20 साल की लड़की की मौत हो गई. वहीं, एक अधेड़ उम्र के शख्स की भी मौत हो गई. एक सप्ताह में दो मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है. हर दिन 8-10 मरीज अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं. वहीं, मरीजों को ब्लट सैंपल भी जांच किया गया, हालांकि इनकी बीमारी का पता नहीं चला.इस बार में बीएमओ ने जानकारी दी कि ये वायरल बुखार या चिकन गुनिया हो सकता है. जांच के बाद ही पता चल पाएगा.तेलंगाना इलाज के लिए जा रहे लोग- बता दें कि कोत्तुर में 148 मकान है. लगभग 500 लोग यहां रहते हैं. 20-25 दिनों से पूरे गांव में महामारी जैसी स्थिति है. एक सप्ताह के भीतर दो लोगों की मौत हो गई है. गांव के बुजुर्ग और बच्चे भी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कल नगर में चार सभाएं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव प्रचार अभियान को गति प्रदान करने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाए आयोजित हो रही हैं। इसी तारतम्य में कल 22 अप्रैल सोमवार को मुख्यमंत्री श्री साय राजनांदगाँव विधानसभा के श्रमिक बहुल क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर कमल फूल निशान को विजयी बनाने का आवाहन करेंगे। भाजपा मीडिया सेल प्रभारी अशोक लोहिया व अमर लालवानी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल शाम 05रू00 बजे नंदई में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगेए इसके पूर्व भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता बाईक रैली के माध्यम से श्री साय का भावभीना स्वागत करेंगे। इसके पश्चात शाम 06रू00 बजे लखोलीए शाम 07रू00 बजे चिखली एवं रात्रि 08रू00 बजे मोतीपुर पहुचकर जनसम्पर्क करते हुए चुनावी सभा के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से जीत दिलाने का आवाहन आमजनों से करेंगे।

देवरबीजा पुलिस ने 5 जुआरियों से 4310 रुपए व तास किया जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी देवरबीजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम निनवा में 19 अप्रेल को कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहें हैं की सुचना पर पुलिस चौकी देवरबीजा पुलिस टीम पहुचकर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर जुआडियों पकडे गये। जिसमें 1 प्रकरण दर्ज कर 5 जुआडियों रवि वर्मा उम्र 25 साल, नरेश निर्मलकर उम्र 55 साल, पूनाराम वर्मा उम्र 36 साल, दीनुराम निषाद उम्र 25 साल, मन्नु भट्ट उम्र 29 साल सभी साकिनान निनवा पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 4310 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक डीएल सोना, प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी, आरक्षक रमेश चंद्रवंशी, प्रवीण वर्मा एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

कांग्रेस ने किया भगवान महावीर की शोभायात्रा का स्वागत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विश्व में अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हाचार्य और अपरिग्रह का मार्ग दिखाने वाले जैन समाज के 24वें तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक के अवसर पर रविवार 21 अप्रैल को सकल जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि सकल जैन समाज द्वारा शहर में भगवान महावीर स्वामी जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गायत्री मंदिर चौक में शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत कर जैन समाज के लोगों को भगवान महावीर स्वामी की जयंती की बधाई दी, वहीं भगवान महावीर स्वामी को श्रीफल चढ़ाकर शहरवासियों की खुशहाली के लिए आर्शीवाद मांगा। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर ने जैन समाज के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि भगवान महावीर एक ऐसे मार्गदर्शक थे विश्व में अहिसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हाचार्य और अपरिग्रह का मार्ग जो सभी धर्मों के लोगों को मार्ग प्रशस्त है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजनांदगांव विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, महापौर हेमा देशमुख, पदम कोठारी, पंकज बांधव, सुदेश देशमुख, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, मोहिनी सिन्हा, शरद खंडेलवाल, अजीत जैन, मनीष साहू, राजेश चौहान, नारायण सोनी उपस्थित थे।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज खैरागढ़ विस क्षेत्र में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी संतोष पांडे कल 22 अप्रैल सोमवार को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों में जनसंपर्क करते हुए सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा प्रत्याशी श्री पांडे कल दोपहर 2 बजे खैरागढ़ ग्रामीण मंडल के ग्राम धनगांव से अपना जनसंपर्क अभियान प्रारंभ करेंगे। इसके पश्चात वे ग्राम चिंगरी, जोरातराई, भीमपूरी व बाजार अतरिया पहुंचेंगे एवं ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए चुनावी सभा के माध्यम से कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। फिर वे दोपहर 4.30 बजे खैरागढ़ शहर में आयोजित सघन जनसंपर्क अभियान में सम्मिलित होंगे। शाम 5.30 बजे से देर रात्रि तक राजनांदगांव शहर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जन सभाओं में शामिल होंगे।

मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने के निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के सभी औद्योगिक इकाईयों को मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश दिए हैं। ताकि संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी एवं श्रमिक संबंधित मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

नक्सलगढ़ के इस सीट का समीकरण, कांकेर के किले की सियासी फाइट कितनी टाइट

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का आदिवासी बहुल क्षेत्र कांकेर में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है. मतदान की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है. क्षेत्र में सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है. सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्र में अर्धसैनिक बलों की बड़ी टुकड़ियों की तैनाती की गई है. मतदान से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग ने शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरुक करने का अभियान भी चलाया है.

थम जाएगा चुनावी शोर- कांकेर लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान होना है. मतदान से 48 घंटे पहले यानि बुधवार की शाम पांच बजे चुनावी शोर थम जाएगा. यही कारण है कि क्षेत्र के प्रत्याशी डोर टू डोर चुनाव प्रचार कर रहे हैं. साथ ही जनता से वोट की अपील भी कर रहे हैं. बुधवार शाम के बाद चुनावी शोर थम जाएगा और प्रत्याशी भी प्रचार नहीं करेंगे. इनके बीच है मुकाबला- कांकेर लोकसभा सीट पर बीजेपी ने भोजराज नाग को प्रत्याशी बनाया है. जबकि कांग्रेस ने बीरेश ठाकुर को टिकट दिया है. ये दोनों अपने अपने दल के दिग्गज नेता हैं. लगातार चुनाव प्रचार के दौरान दोनों एक दूसरे को घेरते नजर आते हैं. लोकसभा चुनाव में इस सीट पर कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है. इस सीट पर बीरेश ठाकुर सबसे अमीर प्रत्याशी- कांकेर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर सबसे अमीर प्रत्याशी हैं. बीरेश ठाकुर की की कुल संपत्ति 1.56 करोड़ की है. इसमें नगदी 80 हजार है. 26.24 लाख के वाहन के अलावा 32.72 लाख का

सोना और जमीन है. उनकी पत्नी शिक्षिका हैं. उनके नाम पर 69.72 लाख के वाहन हैं. इसके अलावा नगदी, सोना तथा 28.15 लाख की जमीनें है. पत्नी के नाम 15 लाख का कर्ज भी है. बीरेश इस सीट पर सबसे अमीर प्रत्याशी हैं. दूसरे नंबर पर हमर राज पार्टी के विनोश नागवंशी हैं,जबकि तीसरे नंबर में बीजेपी प्रत्याशी भोजराज नाग हैं. क्षेत्र में नक्सल समस्या के साथ ये मूल मुद्दे- कांकेर लोकसभा क्षेत्र का ज्यादातर हिस्सा नक्सल प्रभावित है. यहां नक्सलियों की मौजूदगी हमेशा बनी रहती है. यही कारण है कि कांकेर लोकसभा सीट के संवेदनशील क्षेत्रों में विकास काफी मुश्किल से पहुंच पाता है. हालांकि समय के साथ-साथ कई क्षेत्रों का विकास हुआ है. आज भी कई जगहों में शिक्षा की कमी है. कई जगहों पर पेयजल की समस्या है.यहां के लोग आज भी झील-झरना और तुर्रा के पानी के सहारे जी रहे हैं. पक्की सड़क यहां के ग्रामीणों के लिए सपने जैसा है. यहां के लोग पेयजल, बिजली और शिक्षा के साथ ही मूलभूत सुविधाओं के लिए मतदान करते हैं. कांकेर लोकसभा सीट का चुनावी इतिहास- साल 1999 के लोकसभा चुनाव में कांकेर लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 10,36799 थी. इस सीट पर बीजेपी प्रत्याशी सोहन पोटाई ने जीत हासिल की थी. उन्हें कुल 3,18,040 वोट मिले थे. वहीं, साल 2004 के लोकसभा चुनाव में कांकेर लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 11,52,128 थी. इस सीट पर बीजेपी उम्मीदवार सोहन पोटाई ने जीत हासिल की और सांसद बने. उन्हें कुल 2,74,294 वोट मिले थे. बात अगर साल 2009 की करें तो कांकेर लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 12,96,734 थी. इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी सोहन पोटाई ने 3,41,131 वोटों से जीत हासिल की. जबकि साल 2014 के लोकसभा चुनाव में कांकेर लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 14,48,375 थी. इस सीट से बीजेपी उम्मीदवार विक्रम उसेंडी ने 4,65,215 वोटों से जीत हासिल की थी. वहीं, साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कांकेर लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 15,58,952 थी. इस सीट पर बीजेपी प्रत्याशी मोहन मंडावी ने 5,46,233 वोटों से जीत हासिल की थी।

पूर्व सांसदों को निष्क्रिय सांसद का पक्ष रखने का नैतिक अधिकार नहीं : रूपेश दुबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं अभिषेक सिंह के संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दोनों पूर्व सांसदों को उनकी पार्टी ने जिस प्रकार से टिकट से वंचित रखा और उसके बाद वर्तमान निष्क्रिय सांसद को दुबारा टिकट देकर भाजपा क्या संदेश क्षेत्र की जनता को दी है, इस पर उन्हें आत्म चिंतन करना चाहिए।

प्रवक्ता दुबे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के द्वारा चावल के नाम पर गोल-मोल वक्तव्य पर कहा भाजपा प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल भाजपा दे रही थी, उसे कांग्रेस सरकार प्रत्येक परिवार को 35 किलो और उसके बाद प्रति व्यक्ति 7 किलो चावल देने की योजना लागू की थी। चावल और राशन कार्ड भाजपा मात्र चुनावी लाभ लेने के लिए और गरीब जनता के साथ मजाक करती रही है और राजनांदगांव शहर में कुल 32008 परिवार में 22798 परिवार गरीबी रेखा में आते थे, उसके बावजूद 32 हजार से अधिक राशन कार्ड बनाकर गरीबों के हक में डाका डाला गया था। जीपीएस सिस्टम बंद कर नान घोटाला भाजपा के कृत्यों को दर्शाता है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तो लिखे को भी ठीक से नहीं पढ़ सके, इससे साफ हो गया कि वे केन्द्र सरकार की योजनाओं से अनिभिज्ञ है, उन्हें पहले ये पता करना चाहिए कि उनकी सरकार 4 करोड़ आवास कहा बनाएं, क्योंकि केन्द्र सरकार के खुद के आंकड़ों में 2 करोड़ 95 लाख आवास के लक्ष्य में 2 करोड़ 94 लाख 68 हजार 272 आवास स्वीकृत किए, जिसमे से 2 करोड़ 55 लाख 17 हजार 812 आवास ही पूरे देश में पूर्ण हो पाए है। छग में कांग्रेस सरकार ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में 9 लाख 63 हजार 936 आवास जनता को सौंप दिए है, वहीं वर्तमान भाजपा सरकार अपने पहले केबिनेट के निर्णय अनुसार एक भी पीएम आवास हितग्राही को एक रुपया भी केन्द्र सरकार से दिलाने में असक्षम है, जो डबल इंजन की सरकार के दावों की पोल खोल दी है, उसी प्रकार अभिषेक सिंह जनधन खातों की सच्चाई धरातल में पता कर ले कि कितने खाते संचालित है। 25 करोड़ को गरीबी रेखा से ऊपर के दावे करने से पहले 80 करोड़ को निःशुल्क चांवल क्यों देना पड़ रहा है, इस पर थोड़ा चिंतन करें। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में शौचालय की 12 हजार रूपये हेराफेरी की जांच केंद्रीय एजेंसी क्यों कराने में असक्षम रहे सांसद पांडे जरा उनसे पूछ कर सार्वजनिक करें। 70 साल में देश पर मात्र 55 लाख का कर्ज था, जो 10 वर्षीय मोदी जी के नेतृत्व 215 लाख करोड़ की कर्ज में देश को डुबोने वाली भाजपा झूठ के साथ राजनीति ना करें।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दों को लेकर युवा निर्दलीय प्रत्याशी भुवन मैदान में

लोकतंत्र के महापर्व में जीत हासिल करने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां एड़ी-चोटी का जोर लगा रहें हैं। सबकी अपनी-अपनी घोषणाएं और मुद्दे हैं। इन सबके बीच हम राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-06 से 27 वर्षीय युवा निर्दलीय उम्मीदवार भुवन साहू के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने लोकतंत्र की इस रण में अपने मुद्दों को लेकर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है, उनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है और वे कृषि कार्य और मजदूरी से अपना जीवन-यापन करते हैं, फिर भी वे आम जनता के सामने मुखरता से अपने मुद्दों को रख रहे हैं।निर्दलीय प्रत्याशी भुवन साहू ने शिक्षा, स्वास्थ्य और हर परिवार को रोजगार मुहैया कराने के अलावा पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई।

डीएवी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनी हंसराज जयंती

बेमेतरा/नवप्रदेश। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में महात्मा हंसराज जयंती के उपलक्ष्य पर विद्यालय के 700 से ऊपर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर विभिन्न आयोजन एक्टिविटी में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाए, इस उपलक्ष्य में वैदिक हवन यज्ञ कराया गया जिसमें शिक्षक-शिक्षकाओ के साथ छात्र- छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षकों सहित विद्यार्थियों द्वारा महात्मा हंसराज के छायाचित्र पर श्रद्धा के पुष्प सुमन अर्पित किए। प्राचार्य पीएल जायसवाल ने छात्र-छात्राओं विद्यालय परिवार को जानकारी साझा किया कि महात्मा हंसराज का जन्म 19 अप्रैल 1864 को होशियारपुर (पंजाब) के समीप बजवाड़ा ग्राम में हुआ एवं स्वर्गारोहण 14 नवंबर 1938 को लाहौर में हुआ। महात्मा हंसराज का कार्य समाज के लिए अद्वितीय रहा और उन्होंने अल्पायु में ही आर्य समाज तथा राष्ट्र के विशाल क्षेत्र में कार्य करना प्रारंभ कर दिया था। इस तरह माता गणेश देवी की पवित्र कोख से जन्मे बालक हंसराज के पिता लाला चुन्नीलाल स्वभाव से सत्संग प्रेमी और स्वतंत्र विचारों के थे, यह संस्कार बच्चे पर भी पड़ा, परिवार साधारण था, 12 वर्ष की आयु में पिता का देहांत हो गया, तो भी संस्कार बालक महात्मा हंस राज में प्रभु भक्ति, कठोर परिश्रम, सादगी तथा तपस्या के बीज पनपते रहे। उन्होंने अपनी शिक्षा अपने बड़े भाई मुल्खराज के पास रहते हुए लाहौर में पूरी की अपनी श्रेणियों में भी सदा प्रथम रहते थे। बीए की परीक्षा उन्होंने सन 1885 में संस्कृत और इतिहास विषय लेकर पास की वे प्रांत भर में प्रथम स्थान पर रहे। बालक और युवा हंसराज का यह निर्माण काल था। पिता के होते हुए भी बचपन निर्धनता से गुजर रहा था शिक्षा का आरंभ जिस प्राइमरी स्कूल से हुआ वह भी दूर था। इस तरह पढ़ाई बहुत तपस्या के साथ चल रही थी। इस अवस्था में भी बालक हंसराज गांव वालों के पत्रों को लिखकर तथा आने वाले पत्रों को पढ़कर सुनाते हुए लोक सेवा करता रहा। बड़ी कक्षाओं में पहुंचकर भी उसकी सेवा भावना यथावत बनी रही।

भाजपा प्रत्याशी की पत्नी रेखा पांडे ने किया जनसंपर्क

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को बड़ी जीत दिलाने हेतु जहां भाजपा के बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता जीजान से जूटे हुए हैं, वहीं भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की धर्मपत्नी रेखा पांडे भी नियमित रूप से घर-घर पहुंचकर आमजनता से कमल फूल निशान के लिए समर्थन एवं आशीर्वाद मांग रही हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती पांडे ने कल वार्ड क्रमांक 12 के बूथ क्रमांक 91, 92 एवं 93 स्टेशनपारा पहुंचकर सघन जनसंपर्क करते हुए नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की हैं, जिसका सीधा लाभ मातृशक्ति को प्राप्त हुआ हैं। जिसमें प्रमुख रूप से धुंए से मुक्ति दिलाने हेतु उज्ज्वला गैस योजना, महिलाओं के आत्म-सम्मान एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत घर-घर शौचालय का निर्माण कराया, स्वसहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिकाओं को शिक्षित करना जैसे अनेक योजनाएं इसका जीता जागता उदाहरण हैं। इसी तरह आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किया। प्रदेश सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक विवाहित महिला को प्रतिमाह एक हजार रुपए प्राप्त हो रहे हैं, इससे महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

भ्रष्टाचार पर भाजपा का भूपेश को पत्र सौम्या चौरसिया पर चुप्पी तोड़े

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा महामंत्री भरत वर्मा,राम जी भारती व भाजपा नेता सियाराम साहू ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा है द्य पत्र में पूछा गया है कि सौम्या चौरसिया पर भूपेश बघेल मौन क्यो है?बार बार सौम्या चौरसिया की जमानत रद्द हो रही है वह आपकी उपसचिव रही है ऐसे में कैसे संभव है आप इस भ्रष्टाचार में संलिप्त नही है ।

पत्र में कहा गया है जैसा कि आपको विदित है, आपके शासनकाल में आपकी उप सचिव रही सौम्या चैरसिया पिछले 16 माह से गिरफ्तार है और माननीय न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका 16 अप्रैल, 2024 को एक बार फिर खारिज कर दी है। आपके मुख्यमंत्री रहते सौम्या चैरसिया आपकी उप सचिव थी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते गिरफ्तार की गई है, ऐसे में अब आपकी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि जनता के इस मुद्दे को लेकर उठ रहे सवालों को जवाब दें।

आपके मुख्यमंत्रित्व काल में आपकी उप सचिव सौम्या चैरसिया क्या आपके कहने पर वसूली करती थी? यह कैसे माना जाए कि भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में आपकी संलिप्तता नहीं है?

02 दिसंबर, 2022 को जब सौम्या चैरसिया की गिरफ्तारी हुई थी, तब आपने जोर-शोर से कहा था कि यह गिरफ्तारी गलत है, जबरन गिरफ्तारी की गई है और यह सरकार को बदनाम करने की साजिश है।

अब जबकि पिछले 16 माह से सौम्या चैरसिया को जमानत तक नहीं मिल रही है, तब प्रदेश को आप बताएँ कि भ्रष्टाचार के इतने गंभीर मामले की आपने पैरवी क्यों की? अपनी उपसचिव सौम्या चैरसिया के मामले में आप अपना मौन तोड़े।

ये कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब प्रदेश की जनता आपसे चाहती है। मुझे विश्वास है कि आप मेरे पत्र को अन्यथा नहीं लेकर प्रदेश की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इन सवालों के जवाब देंगे।

कलेक्टर ने होम वोटिंग के लिए मतदान दलों को किया रवाना

बालोद/नवप्रदेश। जिले के कुल 54 मतदाताओं ने अपने घरों में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में बालोद जिले में आज होम वोटिंग की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक होम वोटिंग संपन्न कराने हेतु की गई चाक-चैबंद व्यवस्था के फलस्वरूप आज पहले दिन ही जिले के सभी 54 मतदाताओं को उनके घरों में मतदान कराकर जिले में होम वोटिंग की प्रक्रिया को पूरी की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से आज सुबह 09 बजे होम वोटिंग के लिए मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को सफलतापूर्वक होम वोटिंग की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। जिले में होम वोटिंग की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मतदाताओं के निवास स्थानों के आधार पर जिले में कुल 11 रूट बनाए गए थे। इसके अंतर्गत तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को रूट चार्ट प्रभारी अधिकारी बनाया गया था। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने मतदान दलों के साथ रूट के प्रभारी अधिकारियों को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक, नोडल अधिकारी श्रीमती पूजा बंसल, सहायक नोडल अधिकारी श्री एमएस भारद्वाज सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग हेतु मतदान केन्द्रों में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने में असमर्थ 85 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की तिथि 21 एवं 22 अप्रैल को निर्धारित की गई है। लेकिन निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों तत्परता एवं योजनाबद्ध ढंग से किए गए कार्यों के फलस्वरूप आज 21 अप्रैल को जिले के सभी 54 मतदाताओं को मतदान कराकर होम वोटिंग की प्रक्रिया को एक ही दिन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के नवीन व्यवस्था के फलस्वरूप अपने शारीरिक अक्षमता के कारण मतदान केन्द्रों में पहुँचकर मतदान करने के लिए असमर्थ जिले के सभी 54 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता आज अपने घरों पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। अपने-अपने घरों में मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा मिलने से जिले के सभी बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग के होम वोटिंग की सुविधा की सराहना करते हुए इस व्यवस्था को अपने जैसे अनेक लोगों के लिए अत्यंत कारगर बताया। ज्ञातव्य हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में होम वोटिंग के लिए चलने-फिरने में असमर्थ 85 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित कर होम वोटिंग के लिए विकल्प भरवाया गया था।

दीक्षा : अब स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के नाम से जाने जाएंगे

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला के ग्राम सलधा (बेरला) स्थित सपाद लक्षेश्वर धाम के प्रभारी एवं जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज के कृपा पात्र शिष्य ज्योतिर्मयानंद ब्रह्मचारी आज 45 वर्ष की आयु में चैत्र शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 2081 तद्नुसार 21 अप्रैल 2024 रविवार को ब्रह्म मुहूर्त में गंगा घाट काशी में उत्तराम्नाय ज्योतिशपिठाधिश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ÷1008÷ महाराज से दंड संन्यास की दीक्षा ग्रहण किये। अब आप स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के नाम से जाने जाएंगे और आप शंकराचार्य परंपरा को समर्पित हुए। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिला अंतर्गत बिरनपुर कला की पावन धरा में पौष कृष्ण दशमी विक्रम संवत 2036 को मां श्रीमती उर्वशी शुक्ला पिता भरतलाल शुक्ला के घर जन्मे बालक प्रभात का बचपन से ही धर्म ध्यान में रुचि रहा, वर्ष 2001 में 21 वर्ष की आयु में गृह त्याग कर ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के सानिध्य में काशी में संस्कृत, वेद, उपनिषद इत्यादि का अध्ययन कर शिक्षा ग्रहण किये, तत्पश्चात वर्ष 2010 हरिद्वार कुंभ में 30 वर्ष की आयु में ब्रह्मचारी दीक्षा ग्रहण ज्योतिर्मयानन्द ब्रह्मचारी कहलाए। आपके सांसारिक जीवन के माता-पिता श्रीमती उर्वशी शुक्ला एवं भरत लाल शुक्ला कवर्धा निवास करते हैं। मंझले भाई सुभाष शुक्ला तहसीलदार बेरला एवं छोटे भाई संदीप शुक्ला आरक्षक कबीरधाम पुलिस में कार्यरत हैं।

न्यूज गैलरी

संग्रहण केंद्र से धान का उठाव व परिवहन नहीं, संग्रहण केंद्र प्रबंधकों ने लगाई याचिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। धान संग्रहण केन्द्रों में होने शार्टेज व अन्य नुकसान के लिए सीधे केंद्र प्रभारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने को देखते हुए पहली बार संग्रहण केंद्रों के प्रबंधक व प्रभारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि संग्रहण केंद्र से पैडी का परिवहन सही तरीके से नहीं हो रहा है। लगातार बारिस होने से धान सड़ रहा है। इस पर कोर्ट ने पूछा आप को इससे क्या दिक्कत है। तो याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कहा हमारे पास पैडी रखने शेड नहीं है बारिस में सड़कर धान खराब होता है और इसके लिए हमारे खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाता है। इस पर कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि प्रतिवर्ष इस मामले में सहकारी समितियों के खिलाफ 200 मुकदमा दर्ज होता है। इस कारण कोर्ट ने सीधे सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम को नोटिस जारी कर प्रदेश के सभी जिलों में पैडी प्रोक्योरमेंट स्कीम 2023-2024 के अनुसार धान का उठाव व परिवहन की स्थिति के सम्बंध में शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा है। कोर्ट ने स्कीम का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई इसकी भी जानकारी मांगी है। याचिका में एक सप्ताह बाद सुनवाई होगी।

याचिकाकर्ता सब इंस्पेक्टर को राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सब इंस्पेक्टर की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की सिंगल ने एडीजीपी प्रशासन रायपुर एवं सहायक पुलिस महानिरीक्षक प्रशासन को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में सात मई 2024 के पूर्व याचिकाकर्ता के विरुद्ध जारी विभागीय जांच को पूरा करने और रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। घनश्याम प्रसाद चेलक ने अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं दुर्गा मेहर के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि वह पुलिस मुख्यालय, रायपुर में सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ है। फरवरी 2019 में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआइजीपी), पीएचक्यू रायपुर द्वारा उनके विरुद्ध विभागीय जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। वर्ष 2024 में पांच वर्ष से अधिक की समयावधि बीत जाने के बाद भी विभागीय जांच कार्यवाही पूरी नहीं की गई। मामले की सुनवाई जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता अभिषेक पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रेमनाथ बाली विरुद्ध रजिस्ट्रार दिल्ली उच्च न्यायालय एवं अन्य के मामले में वर्ष 2015 में दिये गये निर्णय का हवाला दिया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर द्वारा जारी किये गये सर्कुलर की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी शासकीय कर्मचारी के विरुद्ध चल रही विभागीय जांच का निराकरण एक वर्ष के भीतर किया जाना अनिवार्य है।

सीसीटीवी कैमरे से स्टेशनों पर सुरक्षा की निगरानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंडल रेल प्रशासन यात्रियों को बेहतर यात्री सुविधाएं तथा सुरक्षा के साथ बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है । स्टेशन के सूक्ष्म से सूक्ष्म गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं जिनकी मदद से रेलवे परिसरों की बेहतर संरक्षा औए सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। सीसीटीवी की मदद से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के कंट्रोल रूम से स्टेशनों के सभी गतिविधियों व सुरक्षा की निगरानी 24 घंटे की जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के क्रम में निर्भया फंड से मंडल के 4 स्टेशनों में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं, जिसमें रायगढ स्टेशन में 32, पेण्ड्रारोड स्टेशन में 16, अनुपपुर स्टेशन में 32 एवं शहडोल स्टेशन में 16 सीसीटीवी कैमरे शामिल हैं। इस क्रम में अकलतरा स्टेशन में भी 12 सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस प्रकार अब निर्भया फंड से मंडल के 05 स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने का कार्य पूरा हो चुका है।

5 सौ लीटर महुआ शराब जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस लगातार नशे के खिलाफ़ कार्यवाही कर रही है इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासपुर के शहरी तथा सभी ग्रामीण थानो में लगातार शराब, गांजा, नशीली पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में थाना प्रभारी कोटा रजनीश सिंह को सूचना मिली की ग्राम गनियारी में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाया जा रहा है। सूचना पर कोटा थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम के साथ रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपीगण- रामनारायण उर्फ कल्लू वर्मा पिता आलन वर्मा उम्र 34 साल निवासी वर्मा मोहल्ला गनियारी से 180 लीटर महुआ शराब, शांति वर्मा पति विकास वर्मा उम्र उम्र 22 साल निवासी वर्मा मोहल्ला गनियारी से 150 लीटर महुआ शराब, अघनिया वर्मा पति महावीर वर्मा उम्र 55 साल निवासी गनियारी से 165 लीटर महुआ, सोनिया वर्मा पति कुशवाहा वर्मा उम्र 40 साल निवासी गनियारी के कब्जे से 4.5 लीटर महुआ शराब जुमला 499.5 लीटर महुआ शराब कीमती 49950 जप्त कर कब्जा लिया गया है।

कांग्रेस समस्या है भाजपा समाधान, गलत वोट से होते हैं घोटाले: योगी

कांग्रेस की कमीशनखोरी पर भाजपा ने लगाई लगाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। बहतराई इनडोर स्टेडियम में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के पक्ष में चुनावी सभा ली। मुख्यमंत्री श्री योगी ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में वोट डालकर प्रधानमंत्री मोदी को फिर से केंद्र सरकार में भाजपा की सरकार बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कांग्रेस को तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस का तो नक्सलवाद से आंतरिक समझौता है। कांग्रेस समस्या है, जिसका बीजेपी समाधान है। गलत वोट से घोटाले होते हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 3 चुनावी सभाएं की। तीसरी सभा बिलासपुर में हुई। यहां भी उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि, कांग्रेस समस्या है, जिसका बीजेपी समाधान है। गलत वोट से घोटाले होते हैं। घोटालों की श्रृंखला कांग्रेस की पहचान बन चुकी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, गरीब के लिए आवास है, आपकी आस्था के लिए अयोध्या में राम मंदिर है। कांग्रेस का पेट इतना बड़ा है, जो कभी भरने वाला नहीं है। कांग्रेस समस्या है, जिसका बीजेपी समाधान है। सही वोट तो सही सरकार, सही सरकार तो सही निर्णय। गलत वोट से घोटाले होते हैं, कोयला, शराब और पीएससी घोटाला होता है। घोटालों की श्रृंखला कांग्रेस की पहचान बन चुकी है।

प्रभु राम की धरती से संदेश लेकर आए हैं

योगी ने कहा कि, प्रभु राम की धरती से संदेश लेकर उनके ननिहाल हम आए हैं। ये बताने आए हैं कि, अयोध्या में रामलला आ गए हैं। राम राज की स्थापना मोदीजी के नेतृत्व में होने जा रही है। इसके लिए मोदीजी को जिताना जरूरी है। कांग्रेस ना सुरक्षा दे सकती है ना विकास की बड़ी परियोजना ला सकती है। इनका तो नक्सलवाद के साथ भी आंतरिक समझौता था। कैसे सांठगांठ करते थे ये किसी से छिपा नहीं है। जिन नौजवानों के हाथ में रोजगार होना चाहिए था उनके हाथ में कांग्रेस ने तमंचे थमा दिए। समाज को बांटने का काम कांग्रेस करती है।

कांग्रेस ने गोबर में भी किया घोटाला

एक तरफ फ्री में राशन, दूसरी तरफ कांग्रेस ने घोटाले पर घोटाला किया। शराब, कोयला यहां तक की गोबर में भी उन्होंने घोटाला कर दिया। कांग्रेस ने भगवान को भी नहीं छोड़ा महादेव एप के नाम पर भी घोटाला कर दिया। अब छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार 18 लाख गरीबों को एक-एक आवास उपलब्ध कराएगी।

योगी की सभा से पहले बुलडोजर रैली

19 अप्रैल से देश में आम चुनाव के लिए मतदान की शुरुआत हो चुकी है पहले चरण के 102 सीटों के लिए संपन्न हुए मतदान में छत्तीसगढ़ के एक सीट बस्तर के लिए मतदान कराया गया तो वहीं अब 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान होना है दूसरे चरण में कांकेर महासमुंद और राजनांदगांव में मतदान होगा तो वहीं तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ के बाकी सात सीटों के लिए मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है छत्तीसगढ़ में सभी राजनीतिक पार्टियों के स्टार प्रचारकों का दौरा लगातार हो रहा है इसी कड़ी में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में आगामी दिनों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्र गृहमंत्री अमित शाह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी दौरा प्रस्तावित है।

इसके अलावा बिलासपुर लोकसभा में रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही शामिल हो रहे हैं। इसके लिए बिलासपुर लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उनके सभा के लिए भव्य तैयारी की गई है जिसके मध्य नजर रविवार शोभा शहर में बुलडोजर रैली निकाली गई 20 से भी अधिक बुलडोजर सरकंडा लोधी पारा से रैली के रूप में निकली जो नेहरू चौक, राजेंद्र नगर चौक, सिविल लाइन, सत्यम चौक, तालापारा, व्यापार विहार, तारबाहर, शिव टॉकीज चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल बहतराई स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान रैली के रूप में बुलडोजर के काफिले को देखने के लिए शहर में उत्साह का माहौल नजर आया। वहीं भाजपा के कार्यकर्ता बुलडोजर रैली में शामिल होकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करने के लिए आतुर भी थे।

600 कोटवारों, वन रक्षकों को चुनाव का प्रशिक्षण



विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में करेंगे काम

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के पुलिस अधिकारियों ने 600 कोटवार, वन रक्षक, सुरक्षा कर्मियों को चुनाव का प्रशिक्षण दिया गया। इन सभी को मतदान के दिन विशेष पुलिस अधिकारी का पॉवर होता है। आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान दल में पुलिस अधिकारियों के साथ साथ ज़िले के कोटवार, वनरक्षक व सुरक्षाकर्मी भी विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में निर्वाचन कार्यों को संपादित करेंगे। जिला बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन में जिले के सभी विशेष पुलिस अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। स्व. लख़िराम स्मृति सभागार में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में लगभग 600 प्रशिक्षणार्थियों को पुलिस अधीक्षक ने संबोधित किया और आदर्श आचार संहिता के पालन में विशेष पुलिस अधिकारी की भूमिका, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने, निष्ठापूर्वक चुनाव संबंधी कर्तव्यों का निर्वहन करने संबंधी निर्देश दिये गये। सुरक्षाकर्मियों के कार्यों को बारीकियों से समझाया गया। उनके निर्धारित कर्तव्यों के संबंध में नियमावली से प्रशिक्षित किया गया, जिससे सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन आदर्श आचार संहिता के अनुरूप कर सकें।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीणअर्चना झा द्वारा ड्यूटी के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, मतदान दिवस को क्या करें, क्या न करें के संबध में विषेश पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलायी, प्रशिक्षण कार्यक्रम दौरान उदयन बेहार डीएसपी मुख्यालय, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र गुप्ता, निर्वाचन सेल प्रभारी उपनिरीक्षक राज व स्टाफ बिलासपुर उपस्थित रहे।

कोर्ट के निर्देश के बाद भी हिंदी माध्यम स्कूल बंद, शिक्षा सचिव को नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। जनहित याचिका में हिन्दी माध्यम से चल रहे शाला को बंद नहीं करने एवं यदि छात्र हिन्दी माध्यम से अध्ययन करने के इच्छुक हैं तो इस माध्यम से पढ़ाने का निर्देश देते हुए जनहित याचिका को निराकृत किया। कोर्ट निर्देश का पालन नहीं कर हिन्दी माध्यम से संचालित शाला को अंग्रेजी माध्यम में बदले जाने पर हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव को नोटिस जारी किया है।

राज्य शासन ने शिक्षा सत्र 2016-2017 में हिन्दी माध्यम से संचालित शाला को अंग्रेजी माध्यम में बदलने का निर्णय लिया। इसके खिलाफ जशपुरनगर निवासी डॉ. रविन्द्र कुमार वर्मा ने हाईकोर्ट में तीन अलग अलग याचिका पेश की। याचिका में हिन्दी राष्ट्र भाषा होने के कारण हिन्दी माध्यम से चल रहे शाला को बंद कर अंग्रेजी माध्यम में नहीं खोलने की मांग की गई। हाईकोर्ट ने तीनों ही याचिका को क्लब कर सुनवाई की एवं निराकृत किया। कोर्ट ने राज्य शासन द्वारा वर्तमान में संचालित लगभग 377 अंगेजी माध्यम से संचालित शालाओं को बंद करने का आदेश दिये जाने अनुचित ठहराया, किन्तु हिन्दी माध्यम से संचालिक शालाओं को पूरा बंद करने के निर्णय को भी गलत ठहराया। याचिकाओं को निर्देश के साथ निराकृत किया गया। आदेश में कोर्ट ने कहा अंग्रजी माध्यम से संचालित शाला यथावत चलती रहेंगी किन्तु छत्तीसगढ़ शासन हिन्दी माध्यम से अध्ययनरत छात्रों के लिए पूर्व में संचालित शालाओं में ही अध्यापन की व्यवस्था करेगी- साथ ही इच्छुक छात्र-छात्राओं को प्रवेश देते हुए हिन्दी माध्यम से अध्यापन कार्य प्रारंभ करेगी। शासन चाहे तो दो पाली में शाला संचालिक कर सकती है। कोर्ट ने इस निर्देश का त्वरित पालन करने का निर्देश दिया था। कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं कर हिन्दी माध्यम से संचालित शालाओं को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला किए जाने पर डा. रविन्द्र कुमार वर्मा ने शिक्षा सचिव डा. आलोक कुमार को पक्षकार बनाते हुए अवमानना याचिका पेश की है। याचिका में कहा गया कि कोर्ट के आदेश का पालन ही नहीं किया गया। हिन्दी माध्यम से संचालित शालाओं को बंद कर अंग्रेजी माध्यम किया जा रहा है। सुनवाई उपरांत कोर्ट ने स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी किया है।

हिंदी में बहस व राष्ट्र भाषा में आदेश

याचिकाकर्ता ने पूरी याचिका हिन्दी में पेश की थी। बहस भी हिन्दी में ही की गई व आदेश भी हिन्दी में ही पारित किया गया है। सभी याचिका में याचिकाकर्ता ने स्वयं बहस कर तर्क प्रस्तुत किए हैं।

शिक्षक पंचायत को ग्रंथपाल पद पर पदोन्नति का अधिकार: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। सहायक शिक्षक पंचायत को शिक्षक पंचायत ग्रंथपल के पद पर पदोन्नति से अपात्र करने के विरुद्ध दायर अपील को स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता सहायक शिक्षकों (पंचायत) को शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल के पद पर पदोन्नत करने का आदेश दिया है। इसके लिए राज्य शासन को छह सप्ताह की मोहलत दी है। राज्य शासन ने सहायक शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल को ही शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल पद पर पदोन्नति के लिए पात्र मान रही थी। राज्य शासन के इस निर्णय के कारण सहायक शिक्षक (पंचायत) पदोन्नति से वंचित हो गए थे। छत्तीसगढ़ शिक्षक (पंचायत) संवर्ग (सेवा तथा भर्ती) नियम 2012 के अनुसार सहायक शिक्षक (पंचायत) जो लाइब्रेरी साइंस में डिप्लोमा या डिग्रीधारी हैं और सात वर्ष का अनुभव रखते हैं उसे शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल के पद पर पदोन्नति की पात्राता मिलेगी। याचिकाकर्ता सर्वेश शर्मा और अन्य सहायक शिक्षक पंचायत के पद पर गरियाबंद में 2008 में नियुक्त हुए थे। सात वर्ष की सेवा के बाद उन्हें शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल के पद पर पदोन्नति की पात्रता थी। किन्तु वर्ष 2018 में राज्य शासन ने एक निर्देश जारी कर सहायक शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल ही शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल के पद पर पदोन्नत होने की शर्त रख दी। राज्य शासन के इस निर्णय को सर्वेश शर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में बताया है कि नियम 2012 में शिक्षक ग्रंथपाल पर पदोन्नति के लिए सहायक शिक्षक पंचायत प्रावधानित है। जिसे अवर सचिव ने गलत व्याख्या करते हुए सहायक शिक्षक पंचायत के साथ ग्रंथपाल जोड़ दिया है। अवर सचिव के गलत व्याख्या और नियमों में अनावश्यक संशोधन करने के कारण सहायक शिक्षक (पंचायत) पदोन्नतिसे वंचित हो गए हैं।

दो जिलों में हुई पदोन्नति बना फैसले का आधार

मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच में हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से दो जिलों में सहायक शिक्षक पंचायत की पदोन्नति की जानकारी कोर्ट को दी है। कोर्ट ने इसे आधार बनाते हुए कहा है कि जब दो जिलों में सहायक शिक्षक पंचायत की पदोन्नति की गई है तो याचिकाकर्ताओं के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के प्रकरण में पदोन्नति पर विचार करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य शासन को छह सप्ताह की मोहलत दी है।

महावीर जयंती पर निकली शोभा यात्रा

धमतरी/नवप्रदेश। सकल जैन श्री संघ द्वारा भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार से रविवार 21 अप5ैल की सुबह 10.30 बजे भव्य बरघोड़ा शोभायात्रा निकाली गई जो कि आमापारा स्थित आदिश्वर जिनालय पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान समाज के युवाओं व महिलाओं ने आकर्षक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी । शोभायात्रा के दौरान भगवान महावीर स्वामी के जयकारे लगते रहे व जियो एवं जीने दो का संदेश दिया गया। शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के पूर्व प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी इतवारी बाजार पार्श्वनाथ जिनालय से निकलकर श्री वर्धमान जैन नया स्थानक भवन पहुंची इसके पश्चात प्रातः 7 बजे श्री दिगम्बर जैन मंदिर अठवानी गली में मूलनायक 1008, भगवान महावीर स्वामी का 108 रजत कलशो से महामस्ताभिषेक हुआ। वहीं प्रातः 7 बजे से श्री पार्श्वनाथ जिनालय ईतवारी बाजार में भगवान महावीर घट कल्याणक पूजा हुई। श्री दिगम्बर जैन मंदिर से श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार तक पालकी यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात भव्य बरघोड़ा शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ जिनालय से निकाली गई जो कि सदर बाजार, घड़ी चौक से होते हुए श्री आदिश्वर जिनालय तक पहुंचकर सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा के पश्चात धनकेशरी मंगल भवन में स्वामी वात्सल्य, महावीर प्रसादी वितरण, पुराना स्थानक भवन में महावीर स्वामी के जीवन से प्रश्नोत्तरी, सकल जैन श्री संघ द्वारा फल वितरण हुआ।भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर जैन समाज द्वारा निकाली गई बरघोड़ा यात्रा का जगह- जगह स्वागत नेताओं, आरएसएस व अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया।

मुठभेड़ में एक माओवादी ढेर हथियार, विस्फोटक बरामद

बीजापुर/नवप्रदेश। केशकुतुल-केशामुंडी इलाके में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। केशकुतुल-केशामुंडी के जंगलों में डिविजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पण्डरू ने माओवादी विरोधी अभियान चलाया था। जिसमें 15-20 माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली है। घटनस्थल से हथियार, विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की गई है। वहीं सर्चिंग के माध्यम से कार्रवाई जारी है। गौरतलब है कि रविवार 21 अप्रैल की सुबह 5.30 बजे केशकुतुल के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक माओवादी ढेर हो गया।

भाजपा नक्सलियों की पोषक : शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के द्वारा दिये गये बयान कांग्रेस की नक्सलवादियों से सांठगांठ है पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आदित्यनाथ का बयान बेतुका और झूठा है। सारा देश और छत्तीसगढ़ जानता है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की पोषक तो भाजपा रही है, जिसके 15 सालों के छत्तीसगढ़ के शासन काल में नक्सलवाद बस्तर के 3 ब्लॉको से निकल कर राज्य के 14 जिलों तक पहुंचा, यहां तक तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के गृह जिले तक पहुंच गया था।

कांग्रेस सरकार के पांच सालों में तो नक्सलवादी घटनाओं में 80 प्रतिशत तक कमी आई थी तथा राज्य में शांति की बहाली हुई थी। भाजपा के नेताओं और नक्सलियों का नाता पुराना है। 15 सालों के रमन सरकार के दौरान भाजपा के अनेक बड़े नेता नक्सलियों के शहरी नेटवर्क के अंग बन गये थे। भाजपा नेता नक्सलियों को सामाग्री पहुंचाते थे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस से ज्यादा नक्सलवाद के दंश को कौन जान सकता है?

चुनाव ड्यूटी से लौटते जवानों की बस पलटी, 10 घायल, 3 गंभीर

- कोडनार थाना क्षेत्र के तोकापाल ब्लॉक नेशनल हाइवे के पास की घटना

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर में चुनाव ड्यूटी कर लौट रहे जवानों से भरी बस पलट गई। हादसे में कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। यह घटना कोडनार थाना क्षेत्र के तोकापाल ब्लॉक के डिलमिली नेशनल हाइवे के पास की है।

जानकारी अनुसार एक वाहन अचानक बस के सामने आ गया जिसे बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि सूचना मिलते ही सीआरपीएफ कैंप से कई जवना घटनास्थल पर पहुंचे और घायल जवानों को अस्पताल पहुंचाया। 10 घायल जवानों में 3 को काफी चोटें आई हैं।

कांकेर के लिए निकले थे जवान

दरअसल, 19 अप्रैल को बस्तर में पहले चरण का मतदान हुआ। जहां ड्यूटी में तैनात सभी जवान बस्तर गए हुए थे। चुनाव खत्म होने के बाद जवान बस से जगदलपुर जा रहे थे। वे कांकेर के लिए निकलने वाले थे। क्योंकि 26 अप्रैल को यहां पर मतदान होना है। दंतेवाड़ा और बस्तर के बाद सभी जवानों की ड्यूटी कांकेर में लगाई गई है। इसी बीच नेशनल हाईवे-63 में रायकोट के पास सड़क दुर्घटना हो गई।

बस में सवार थे 32 सीआरपीएफ जवान

जिस समय बस पलटने की घटना हुई उस वक्त 32 सीआरपीएफ जवान सवार थे। इस हादसे में कई जवान घायल हो गए। हालात ऐसे बन गए थे कि, जवानों को शीशे तोड़कर निकाला गया है। हालांकि सूचना मिलते ही प्रशासन अलर्ट जोन में आ गया और सभी को जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है।

■ न्यूज गैलरी

मोदी की चुनावी सभा 25 को

गांधी स्टेडियम में तैयार किया जा रहा हेलीपैड

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। उच्च सुरक्षा कारणों को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा गांधी स्टेडियम में हेलीपैड तैयार कराया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विलास भोस्कर ने बताया कि प्रधानमंत्री आगमन में उच्च सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्धारित नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होता है। निर्धारित प्रोटोकॉल एवं उच्च सुरक्षा व्यवस्था के मानकों पर केवल गांधी स्टेडियम स्थल उचित पाए जाने पर उसका चयन किया गया है। और इन्हीं नियमों के अनुरूप गांधी स्टेडियम में हेलीपैड तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना और जिले के आमजन की सुविधाओं का ध्यान रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। 25 अप्रैल को ही जिले के खिलाड़ियों एवं आमजन की सुविधा के मद्देनजर मैदान को प्रशासन द्वारा पूर्ववत अवस्था में कर दिया जायेगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी सभा के लिए बैठकें जारी

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के लखनपुर मंडल में विधायक राजेश अग्रवाल एवं मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठक लिया। आयोजित बैठक में सम्मिलित ज़मीनी कार्यकर्ताओं को आगामी 24 अप्रैल 2024 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंबिकापुर आगमन को लेकर विधायक एवं कार्यकर्ताओं के दरमियान विस्तृत रूप से संवाद हुआ। शक्ति केंद्र तथा बूथ स्तर पर लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण संवाद हुआ। बैठक में सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, यतेन्द्र पांडेय, कामेश्वर राजवाड़े, लक्ष्मण साहू, सतनारायण साहू, शिव साहू , अमित बारी, तबरेज आलम, सहदूल खान सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक व्यय प्रेक्षक पहुंचे स्ट्रांग रूम

जांजगीर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जांजगीर-चांपा क्षेत्र लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी एवं पुलिस प्रेक्षक विपिन शंकर राव आहिरे, व्यय प्रेक्षक पवन कुमार, कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने संयुक्त रूप से स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया।कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रेक्षकों को मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री वापसी की मूवमेंट, मतगणना स्थल तक पहुंच मार्ग, बिजली, सुरक्षा संबंधी, आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था की जानकारी दी। प्रेक्षकों ने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, निर्वाचन संबंधी सामग्रियों का वितरण एवं वापसी, मतगणना, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा आदि कार्य की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी में नागरिक उपस्थित थे।

मतदानकर्मी ही मतदान नहीं करते, 13 फीसदी को डाक मतपत्र का पता भी नहीं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में हो रहे लोकसभा चुनाव के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता की मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत अनेक कार्यक्रम कराये जा रहे हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिये जिले एवं ब्लॉक स्तर पर भी रोचक खेलों के जरिये भी प्रयास किये जा रहे है। पूर्व के विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता प्रतिशत घटने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किये जा रहे प्रयासों का परिणाम लोकसभा चुनाव के बाद ही सामने आयेगा। ज्ञात हो की विगत विधानसभा चुनाव में अधिकारियों-कर्मचारियों का ही मतदान प्रतिशत कम रहा।

जिले में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिन सरकारी कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है उनमें से 13 फीसदी कर्मचारियों को वोट डालना ही नहीं आता है। इसका खुलासा विधानसभा चुनाव में हुए मतदान करने वाले सेवा और डाक मतपत्रं की जांच से हुआ है। हालांकि चुनाव कार्य में लगे कुल कर्मचारियों में से 30 फीसदी भी मतदान नहीं करते, लेकिन जिन्हें वोट डालना है। उन्हें सही वोट डालना ही नहीं आता। विधानसभा चुनाव 2023 में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए डाक मतपत्रों के माध्यम से वोट डालने की सुविधा दी गई थी। मतदान के पूर्व कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डालने के लिए समय सीमा निर्धारित की जाती है। इस अवधि में डाक मतपत्र के माध्यम से कर्मचारी वोट डालते आ रहे हैं। निर्धारित समय में जिला निर्वाचन क्षेत्र में बनाए गए डाक मतदान की व्यवस्था होती है और कर्मचारी व अधिकारी मौके पर पोस्टल बैलेट से बोटिंग करते हैं। वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में सेवा मतदाताओं के लिए भी मतदान की व्यवस्था की गई जिसमें संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता यदि सशस्त्र बल की किसी भी इकाई मे कार्यरत है और क्षेत्र से बाहर हैं या सरकारी कार्य के सिलसिले में देश से बाहर है या प्रदेश में नहीं हैं। ऐसे कर्मचारियों को सेवा मतदाता की श्रेणी में रखा गया है। उनके लिए भी सेवा मतदान करने की सुविधा शुरू की गई है। प्रदेश में पिछले चुनावों में कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से वोटिंग तो की हैं, लेकिन इनमें से 13 फीसदी ऐसे कर्मचारी हैं जिन्हें वोट डालना नहीं आता और उनके मत निरस्त किए गए हैं। कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से वोट बकायदा डालने से पहले निर्वाचन अधिकारी और कर्मचारी ट्रेनिंग देते हैं। साथ ही सेवा मतदाताओं को मतदान के लिए मतदान के लिए है, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारी वैध मतदान नही कर पा रहे हैं। अब देखना यह है की लोकसभा चुनाव को लेकर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता का कितना कारगार साबित हो रहा है।

मतदान दलों को बताया प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्वामी आत्मानंद दाऊपारा में संगवारी मतदान केंद्रों हेतु मतदान दलों का प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर रीना ठाकुर एवं शशि प्रभा सोनी ने मतदान दलों को सामग्री प्राप्त करने जिसमें निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति मतदाता रजिस्टर निविदत मतपत्र के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रशिक्षण में उपसंचालक भूमिका देसाई ने बताया कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और पिछले विधानसभा 2023 में आप सभी लोगों ने निर्वाचन कार्य अच्छे ढंग से पूर्ण किया था उम्मीद है लोकसभा निर्वाचन 2024 भी आप अच्छे ढंग से सफल करेंगे। विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर रीना ठाकुर एवं शशि प्रभा सोनी ने मतदान दलों को सामग्री प्राप्त करने जिसमें निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति मतदाता रजिस्टर निविदत मतपत्र के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी तरह मास्टर ट्रेनर आरपी साहू एवं जिलाराम यादव ने युवा मतदान दलों को मतपत्र लेखा 17 सी भरना एवं ईडीसी जोड़ने की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही ईवीएम मशीन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। आवश्यकता अनुसार सभी प्रपत्रों में मतदान अभिकर्ता का हस्ताक्षर लेने की बात कही। इस अवसर पर डीएस राजपूत, पीएस बेदी, शिव प्रसाद कौशिक, अजय नाथ, मोहन उपाध्याय, संजय सोनी, चंद्रशेखर उपाध्याय, बृजेश्वर मिश्रा, गौकरण, रमेश अनंत उपस्थित रहे।

पीएम कल आएंगे जेठा, तैयारी जोरों पर

सक्ती/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 23 अप्रैल को सक्ती जिला जेठा में आगमन पर तैयारी जोरों पर कई डोम पंडाल एवं हेलीपेड बनाये जा रहे है टेन्ट के ठेकेदार ने बताया कि तीन डोम पंडाल बनाये जा रहे है प्रत्येक डोम पंडाल का साइज 100गुणा500 वर्गफीट है तथा स्टेज डोम पंडाल 150गुणा600 वर्गफीट है। पुलिस अधीक्षक कायाज़्लय के समीप 3 हेलीपेड बनाया जा रहा है तथा पंडाल के पास 1 हेलीपेड एवं 1 हेलीपेड पहले से ही बना हुआ है कुल 5 हेलीपेड है । 3 डोम पंडाल में लगभग अस्सी हजार नागरिकों की बैठने की व्यवस्था की जा रही है। 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बीच बीच में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सभा स्थल को देखने के लिये जाकर आवश्यक दिशा निदेश दे रहे हैं। सभा स्थल में अधिकारियों का जमावड़ा लगा हुआ है वे अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को दिशा निर्देश पूरी सावधानी के साथ दे रहे हैं । सभा स्थल पर भारतीय जनता पाटीज़ के पदाधिकारी जयकिषन केडिया बाराद्वार, अनूप अग्रवाल, अभिशेक (गोलू) शर्मा, रामनरेश यादव, भवानी तिवारी, घनश्याम साहू, अंकित अग्रवाल, प्रेम पटेल, आदित्य अग्रवाल, एवं अन्य पदाधिकारी जुटे हुये है ।

सभा को लेकर उत्साह

सक्ती जिला में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह का माहौल है तथा 23 अप्रैल का इंतजार आम जनता जनता कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा महिलाओं में सबसे ज्यादा उत्साह दिख रहा है।

पारा 43 के पार, गर्मी से लोग हाल-बेहाल

लू से बचने के लिए रुमाल-गमछों व चश्मों की दुकानों में बढ़ी भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। सूर्य की बढ़ती गर्मी से बचने के लिए लोग चश्मे के साथ ही टोपी और गमछा का सहारा ले रहे हैं। लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए व्यवसायियों ने सभी प्रकार के गमछे व टोपियां बेचने के लिए रखी है। जिनकी डिमांड भी बढ़ गई है। युवा वर्ग भी गमछा एवं स्कार्फ को फैशन के रूप में अपना रहे हैं।

तापमान के बढ़ने से चुभन भरी गर्मी घर से बाहर निकलने वालों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। काम है तो बाहर जाना पड़ेगा पर झुलसाती धूप से बचना भी जरूरी है। जिसके चलते बाजार में टोपी, चश्मा, गमछा तथा रूमालों की मांग बढने लगी है। दोपहर में पारा 43 डिग्री को पार कर रहा है। जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड, गोलबाजार में टोपी चश्मा की दुकानें सज गई है। बड़ी दुकानों में भी विभिन्न वेरायटी व किस्मों के महंगे सस्ते गॉगल, गमछा बिक रहे हैं। गोलबाजार चौक में लगी दुकानों में भीड़ कुछ ज्यादा ही लग रही है। बाजार में काले कांच के अलावा प्लास्टिक के रंग-बिरंगे चश्मे 50 रुपए से लेकर 500 रुपए तक बिक रहे हैं। बाजार में टोपियों की मांग भी बढने लगी है। टोपियां 50 रुपए से लेकर 250 रुपए तक उपलब्ध है। गोलबाजार चौक के दुकानदार का कहना है गर्मी के बढ़ते ही चश्मा तथा टोपियों की मांग बढ़ गई है। उनका कहना है विगत पिछ्ले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कपड़ो के मूल्यों के बढने की वजह से टोपी तथा गमछों के मूल्यों में भी वृद्धि हुई है। गोल बाजार के व्यवसायी गागनदास ने बतया कि गर्मी के चलते स्कार्फ की मांग बढ़ गई है। लड़कियों के साथ ही साथ लड़कों में भी स्कार्फ एवं गमछे की मांग की जा रही है। किसी भी काम से बाहर निकलने वाले लोग धूप से बचने के लिए पूरा जतन करते हैं। गॉगल व चश्मा के अलावा सिर को पूरी तरह ढ़कने के लिए कॉटन गमछा भी जरूरी हो गया है। हालांकि बाजार में युवतियों, महिलाओं के लिए विभिन्न रंगों के स्कार्फ उपलब्ध पर कॉटन का गमछा पुरूषों की पहली पसंद बना हुआ है।

हनुमान जन्म उत्सव पर होंगे विविध आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। हनुमान जयंती को लेकर कई स्थानों पर तैयारियां कर रहे हैं। कई हनुमान मंदिरों में तो भव्य भंडारा का आयोजन कमेटी द्वारा किया जा रहा है। दक्षिण पंचमुखी हनुमान मंदिर हरेठी, हटरी हनुमान मंदिर भव्य भंडारा का आयोजन मांगेराम राजकुमार के परिवार के तरफ से किया जा रहा है। इसी प्रकार थाना परिसर हनुमान मंदिर के पास कमेटी द्वारा महाआरती प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था की गई है। नारायण सागर तालाब के पास हनुमान मंदिर में भव्य भंडारे की व्यवस्था राज कुमार राजू द्वारा की जा रही है श्री राधाकृश्ण मंदिर में भी हनुमान जयंती के दिन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्म उत्सव के संबंध में शंकर अग्रवाल ने बताया कि 23 अप्रैल को सुंदरकाण्ड का पाठ किया जाना है जिन भक्तों को सुन्दरकांड के पाठ में बैठना हो वो पहले से सूचना देने का कष्ट करे ताकि व्यवस्था की जा सके। साथ ही श्री अग्रवाल ने बताया कि हनुमान जन्म उत्सव के सवामनी भोग प्रसाद लगवाना हो वह राधाकृष्ण सेवा समिति से संपर्क कर सकते है। इसी प्रकार कुछ चौक- चौराहे में शरबत, चना, रोट की व्यवस्था युवक वर्ग कर रहे हैं। अभी से पूरे नगर में 23 अप्रैल को हनुमान जयंती को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

बाइक रैली से जागरूकता का संदेश

जांजगीर/नवप्रदेश। व्यय प्रेक्षक पवन कुमार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला की अगुवाई में कलेक्टोरेट कार्यालय से बी टी आई चौक लिंक रोड होते हुए नेताजी चौक, कचहरी चौक से होकर ऑडिटोरियम तक विशाल बाइक रैली निकाली गई। इस अवसर पर जिला यूथ आइकॉन, महिला आईकॉन, दिव्यांग आईकॉन ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। इस बाइक रैली में अधिकारी-कर्मचारी, युवा सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। बाइक रैली के दौरान जगह-जगह उत्साह का माहौल देखने को मिला। यह रैली ''कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन'' का नारा लगाते हुए ऑडिटोरियम तक पहुंची। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

गर्मी तेज तेज धूप और गर्मी के चलते 40 डिग्री तापमान के बावजूद दिन में लगभग 30 से 35 बार बिजली बंद

लो वोल्टेज और बिजली कटौती से लोग परेशान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में पिछ्ले कुछ दिनों से लो वोल्टेज और बिजली कटौती के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 24 घंटे के भीतर 30 से 35 बार बिजली की आंख मिचैली जारी है, कभी कभी तो ग्रामीण क्षेत्रों में रात रातभर बिजली बंद हो जाने से नागरिकों का नींद पुरा नही हो पा रहा है।

पिछ्ले एक सप्ताह से रोहरा क्षेत्र के लोग लगातार बिजली की लचर व्यवस्था से बेहद परेशान हो गये हैं ।शनिवार को तेज धुप और गर्मी के चलते 40 डिग्री तापमान के बावजूद दिन में लगभग 30 से 35 बार बिजली बंद हुई और बिजली एक घंटा के लिए भी ठहर नहीं पा रही है। लगातार बिजली बंद हो जाने से जन जीवन पुरी तरह अस्त व्यवस्त हो गया है। बिजली व्यवस्था मे सुधार के बजाये व्यवस्था बिगडती जा रही है। समाचार लिखे जाने के दौरान भी देर शाम बिजली नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों में बंद है। लोग गर्मी उमष से कहरा उठे है उपर से बिजली कहर बरपा रही है। गर्मी में पंखा,कूलर,एसी ,फ्रिज नही चल पा रहे है ,

क्या कहते हैं बिजली अधिकारी-बिजली विभाग के अधिकारी श्री वासने ने बताया कि नगर मुख्य लाईन में फाल्ट है पिछ्ले चार पांच दिनों से लगातार बिजली विभाग के कर्मचारी फाल्ट ढुढने में लगे हुए है, उन्होने बताया कि इंसुलेटर में कही खराबी आई है जिसके कारण बिजली बार बार बंद हो रही है, जल्द व्यवस्था में सुधार होगी ।

गीत-कविता व नारा लेखन के प्रतिभागी सम्मानित

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत गीत-कविता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से गीत-कविता एवं नारा लेखन के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। गीत-कविता में प्रथम देवकुमार सोनझरी कुदरी गीत, द्वितीय अनुभव तिवारी कविता एवं दिनेश चतुर्वेदी कविता तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्रथम सुश्री दिवांशी यादव, द्वितीय अशोक अग्रवाल एवं तृतीय स्थान सरिता पटेल को प्राप्त किया। इसके साथ ही उत्कृष्ट नारा लेखन में सुश्री अंकिता अग्रवाल एवं कविता में कुलदीप सिंह को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम को टैग कर डिस्क्रिप्शन अथवा कैप्शन में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ पोस्ट किया गया था। इसके साथ ही गीत अथवा कविता को वीडियो के माध्यम से भी जिला प्रशासन को टैग कर पोस्ट किया गया था।

न्यूज गैलरी

स्पेशल टीम द्वारा शराब कोचियों के विरूद्ध कार्यवाही

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव के तहत अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा सभी थाना तथा चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। शराब कोचियो पर प्रभावी कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन पर पुलिस चौकी सुकुलदैहान द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही थी। इसी तारतम्य में 20 अप्रैल 2024 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बखत रेंगाकठेरा में राजू सिन्हा के किराना दुकान के सामने खेत में राजू सिन्हा नामक व्यक्ति अवैध रूप से मात्र से अधिक शराब रखा है। सूचना पर मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर रेड कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी राजू सिन्हा पिता नोहर सिंह, उम्र 41 साल, निवासी ग्राम बखत रेंगाकठेरा, पुलिस चौकी सुकुलदैहान के पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 140 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 25.200 बल्क लीटर कीमती 12600 रुपये एवं दूसरी सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 40 पौवा बॉम्बे गोवा अंग्रेजी शराब मात्रा 9.000 बल्क लीटर कीमती 6500 रुपया कुल 190 पौवा देशी एवं अंग्रेजी शराब जुमला मात्रा 34.200 बल्क लीटर कुल कीमती 19100 रुपये को आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया तथा आरोपी को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

बुजूर्गो और दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

खैरागढ़/नवप्रदेश। घर बैठे मतदान की सुविधा लेने वाले जिले के दिव्यांग सहित बुजूर्गो ने मतदान मे गजब का उत्साह दिखाया । खैरागढ़ जिले में कुल 78 मतदाताओं ने घर पर ही मतदान की सुविधा देने आवेदन किया था । इसके लिए जिला निर्वाचन शाखा द्वारा दो दिवसीय होम वोटिंग के लिए 9 मतदान दल को रवाना किया गया था । जिले मे ऐसे बुजूर्ग सहित दिव्यांग 78 मतदाताओ में से 73 ने घर मे पहुँचे मतदान दल के समक्ष मतदान किया । 78 मतदाताओ में बुजूर्ग महिला पूरूष सहित दिव्यांग भी शामिल रहे । दो मतदाताओं के इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती होने के च लते वे मतदान नही कर पाए । जबकि दो मतदाताओं की चुनाव प्रक्रिया के दौरान ही मौत हो चुकी है । एक मतदाता दिए गए निवास स्थान मे नही मिला । जिसके चलते घर बैठे मतदान प्रक्रिया मे 5 मतदाता हिस्सा नही ले पाए ।

दिव्यांगों के लिए मतदान दिवस नि:शुल्क परिवहन सुविधा

कवर्धा/नवप्रदेश । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पहुंचने सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मतदान रथ कुल 08 मतदान रथ रवाना किया जाएगा। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उसके आवास स्थल तक पहुंचाने निःशुल्क परिवहन सुविधा की व्यवस्था की गई है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले में 528 दिव्यांग मतदाता, वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के मतदाता वाले मतदान केन्द्र चिन्हांकित किया गया है। जहां इन वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) और दिव्यांग मतदाताओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा दी जाएगी।

मुक्तिधाम में मिली अधजली लाश की शिनाख्त, हत्यारों की तलाश जारी

■ **मृतक के सिर पर चोट और रस्सी से बंधे थे पैर**

कोंडागांव/नवप्रदेश। , कोंडागांव। जिले के एक मुक्तिधाम में मिली अधजली लाश की शिनाख्त हो गई है. मृतक का नाम फरसगांव निवासी प्रकाश नाग बताया जा रहा है, जो कि कबाड़ी का काम करता था. मामला कोंडागांव कोतवाली थाना क्षेत्र का है.

बता दें कि शनिवार सुबह करीब 7 बजे कोतवाली पुलिस को सूत्रों से जानकारी मिली कि कोंडागांव जिला मुख्यालय नेशनल हाइवे से लगे नारंगी नदी के समीप मुक्तिधाम में अधजली हुई लाश मिली है, जिसके पैरों में रस्सी बंधी हुई. लाश को देख के लग रहा है कि किसी ने युवक की हत्या कर उसे जलाने का प्रयास किया है. इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. इस दौरान पुलिस ने मृतक के सिर पर चोट, पैरों पर

रस्सी और लाश के पास रॉड देखा था. वहीं खून के धब्बे भी पुलिस देखें थे. इस पर पुलिस ने आशंका जताई की मुक्तिधाम के पास ही घटना को अंजाम देकर शव को वहीं जला दिया गया होगा.कोंडागांव कोतवाली पुलिस प्रभारी प्रहलाद यादव ने इस मामले में बताया कि मृतक की पहचान फरसगांव निवासी प्रकाश नाग के रूप में हुई है, जो कोंडागांव में रह कर कबाड़ी का काम करता था. मामले की जांच की जा रही है. पुलिस की ओर से जल्द खुलासा किया जाएगा.वहीं इस मामले में नगर पालिका परिषद की अनदेखी देखी जा रही हैं. बता दें कि मुक्तिधाम में लगातार चोरी की वारदाते देखी गई है, मगर अब तक एक भी देखरेख के लिए कर्मचारी नहीं रख पाना विभाग की अनदेखी कहे या सुस्ती देखी जा रही है. अब देखना होगा कि इतने बड़े मामले के बाद नगर पालिका परिषद की आंख खुलती है या नहीं।

भूपेश गमछा, टोपी और संतोष लू से बचने जेब में रख रहे हैं प्याज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल का हौसला कम नहीं हो रहा है वे पिछले 15 दिनों से एक दिन में 30 गांवो में न सिर्फ जनसंपर्क कर रहे है बल्कि सभाओ के जरिए वे ग्रामीण मतदाताओं से सीधे संवाद की स्थिति भी निर्मित कर रहे है। गर्मी से बचने वे गमछा, टोपी और हल्का भोजन लेकर वे गांवों का दौरा कर रहे है। जनसंपर्क से देर रात वापसी-कार्यकर्ताओं के साथ साल्हेवारा इलाके में दौरे के दौरान उन्होंने हमेशा की तरह भाजपा कार्यकर्ता के यहां दोपहर का भोजन किया। रास्ते में खल्पाहार के रूप में चना, मुर्रा, चिवडा, मौसमी फल का भी उपयोग वे कार्यकर्ताओं के साथ करते देखे गए।

श्री पांडे ने चर्चा के दौरान बताया कि वे सुबह 9-साढ़े 9 बजे सेंटर से निधर्धारित ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं से जनसंपर्क करने के लिए निकल पड़ते हैं और देर रात वापस सेंटर पहुंचते हैं। भीषण गर्मी के बीच स्वयं को फिट रखने के लिए हल्का भोजन फल-शीतल जल का उपयोग करते हैं। रात गुजरी नहीं रहती और दूसरे दिन के दौरे की तैयारी शुरू हो जाती है। रात में कुछ घंटे विश्राम करते हैं। भिलाई स्थित अपने निवास स्थान से सुबह नौ बजे राजनांदगांव के लिए रवाना होने के पहले श्री बघेल ने हल्का नाश्ता किया। इसके बाद वे काफिले के साथ राजनांदगांव के लिए रवाना हुए। जनसंपर्क के

लिए जैसे ही वे पहले गांव कबीरधाम के पनेका पहुंचे उन्होंने टोपी पहनी और गमछा डालकर वे ग्रामीणों से रूबरू हुए। सुबह नौ बजे से रात 12 बजे तक वे करीब तीस गांवों का दौरा कर रहे है। वे कहते है कि ग्रामीणों के साथ बैठकर बातचीत करने में ही उनकी थकान मिट जाती है। उनका कहना है कि ग्रामीणों का उत्साह देखकर उन्हें बेहद खुशी मिलती है। दौरे के बीच जैसे ही दोपहर हुई उन्होंने कबीरधाम के सूखाताल गांव में रूककर अपने कार्यकर्ता के घर में भोजन किया। भीषण गर्मी के बाद भी गांवों में अच्छी खासी भीड़ भी दिखाई दी। भोजन के बाद वे भालु चुवा गांव के लिए रवाना हुए। हर गांव में करीब 20 मिनट रुकने के बाद वे सीधे ग्रामीणों से रूबरू होते रहे। शाम को उन्होंने खैर बना गांव में एक कार्यकर्ता के घर में चाय पी। देर रात तक दौरे के बाद भी श्री बघेल के चेहरे में थकान दिखाई नहीं दे रही थी। वे कहते है कि पिछले एक माह से लगातार दौरे में उन्हें अच्छा खासा समर्थन मिल रहा है। वे कहते है कि जिस गांव में भी वे जा रहे है वहां के लोग यहीं कह रहे है कि उन्होंने आज तक सांसद को नहीं देखा है। संतोष पांडेय रखते हैं जेब में प्याज-भमकती गर्मी के बीच मतदाताओं से रूबरू जनसंपर्क करने के लिए भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे सुबह नौ बजे सेंटर से ग्रामीण इलाकों के लिए निकल पड़ते हैं। धूप का असर और लू से बचने के लिए वे अपने कुर्ते के जेब में गोंदली (प्याज) रखना नहीं भूलते। वहीं रास्ते में चना-मुर्रा, खीरा, चिवडा का स्वल्पाहार कर मतदाताओं के दरवाजे तक पहुंच रहे हैं। अप्रैल माह के मध्यान्ह में गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। तापमान लगभग 42 डिसे तक पहुंच रहा है। ऐसे में समीप लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से रूबरू होकर आशीर्वाद लेने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। श्री पांडे सुबह लगभग 9-साढ़े 9 बजे से जनसंपर्क में निकल जाते हैं और देर रात तक अपने सेंटर में वापस लौट पड़ते हैं।

पानी, खीरा, नारियल पानी रास्ते का सहारा

घरों में, रास्तों में एवं गांव के चौक- चौराहों में जहां लोग मिल जाते हैं, वहां वे रूककर न सिर्फ बातचीत कर अपने पक्ष में मतदान और आशीर्वाद की अपील करते नजर आते हैं।

घायल महिला नक्सली को उड़ीसा पुलिस ने सौंपा धमतरी पुलिस को

धमतरी/नवप्रदेश। पिछले दिनों धमतरी के नक्सल प्रभावित एकावरी के जंगल में हुई मुठभेड़ में घायल एक महिला नक्सली को ओडिशा पुलिस ने पकड़कर धमतरी पुलिस को सौंप दिया है। से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह पुलिस एसओजी और सीआरपीएफ कुंदई की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी सर्च आभियान पर निकली थी। उसी दौरान पुलिस पार्टी को एकावारी में एक घायल महिला नक्सली मिली।

महिला नक्सली का नाम मैंगो नुरेटी उर्फ सिंधु उम्र 25 वर्ष बताई जा रही है। ओडिशा पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि धमतरी के बोराई थाना इलाके के एकावरी जंगल में 12 अप्रैल को जवानों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में वह शामिल थी। जो 2021 से सीतानदी एरिया कमेटी के साथ दीपक मंडावी उर्फ अरुण के नेतृत्व में काम कर रही थी। ओडिशा की नवरंगपुर पुलिस पकड़ी गई महिला नक्सली को धमतरी पुलिस से संपर्क कर उन्हें सौंप दिया है। इस मामले में धमतरी डीएसपी नक्सल सेल धमतरी आर. के. मिश्रा ने बताया कि बीते दिनों एकवारी के हुए मुठभेड़ में शामिल थी, पैर में गोली लगने से घायल है, अस्पताल में इलाज चल रहा है।

डॉक्टर और नर्स के नदारद होने पर परिजनों ने किया हंगामा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में डॉक्टारों की लापरवाही सामने आई है। अस्पताल में चौकीदार मरीजों का इलाज करता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि इलाज कराने गए परिजनों ने डॉक्टर और नर्स के नदारद होने पर हंगामा किया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

दरअसल, अस्पताल में भर्ती ग्राम बटवाही से आए बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने लगी थी। उनका इलाज हॉस्पिटल का चौकीदार कर रहा था। जिसका पता चलते ही परिजनों ने किया हंगामा किया है। यह पूरा मामला रघुनाथपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का है।

गौरतलब है कि पिछले महीने छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के कसडोल से डॉक्टर्स की लापरवाही और गैरजिम्मेदारी का मामला सामने आया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 महीने 15 दिन के गर्भवती महिला का नशबंदी करा दिया था। इसके चलते महिला का स्वास्थ्य बिगड़ गया है और वह काफी परेशान थी।

मेडिकल स्टाफ ने चार बार किया चेकअप

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत मटिया निवासी साहिल कुर्रे अपनी पत्नी यशोदा कुर्रे को लेकर कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नशबंदी करवाने के लिए गए। वहां पर मेडिकल स्टाफ ने चार बार चेकअप किया और नार्मल कहकर नशबंदी कर दी। इसके कुछ दिनों बाद महिला को उल्टी होने लगा जिसके बाद उन्होंने दुबारा चेकअप कराया। सोनोग्राफी कराने पर पता चला कि महिला 3 माह 15 दिन की गर्भवती है।

24 को शाम 6 बजे थमेगा चुनावी शोर, दिशा-निर्देश जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए सभी दिशा निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। मतदान दिवस के 48 घंटा पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, अधिकृत अधिकारी, पुलिस अधिकारी को छोड़कर मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में मोबाईल फोन, वायरलेस आदि की अनुमति नहीं होगी। निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,

1951 की धारा 134 बी अनुसार किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र के आसपास शस्त्र धारण नहीं किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि एक प्रत्याशी द्वारा अधिकतम 03 वाहन प्रयोग में लाए जा सकते हैं। जिसमें 01 वाहन प्रत्याशी के लिए 01 वाहन एजेन्ट के लिए एवं 01 वाहन प्रत्याशी के कार्यकर्ता के लिए रहेगा। एक वाहन में अधिकतम 05 व्यक्ति की ही (वाहन चालक सहित) अनुमति होगी। यदि प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में उपस्थित नहीं है तो, प्रत्याशी की वाहन को अन्य व्यक्ति उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। अन्य नेताओं को किसी भी प्रकार की वाहन की अनुमति नहीं होगी। निजी वाहन की उपयोग सिर्फ वाहन मालिक के द्वारा किया जाएगा, निर्वाचन में उपयोग नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को लाने अथवा ले जाने के लिए निजी वाहन की अनुमति नहीं होगी। निजी वाहन का उपयोग वाहन मालिक के द्वारा स्वयं या परिवार को मतदान केन्द्र ले जाने की अनुमति होगी, लेकिन 200 मीटर की परिधि में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतदान के अंतिम 48 घंटों के दौरान शराब की दुकाने बद रहेंगी।मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की पोस्टर, बैनर नहीं होगाजारी आदेश में बताया गया है कि आवश्यक सेवाओं जैसे हॉस्पिटल वाहन, एम्बुलेंस, दुग्ध वाहन, पानी टैंकर आवश्यक विद्युत सेवा, पुलिस वाहन एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी को ही वाहन की अनुमति होगी।

मतदान केन्द्रों में पेयजल सहित बुनियादी आवश्यक व्यवस्था करें : कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा

निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रसास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाएं। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए।

मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधा दुरूस्त रखें : महोबे

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा में महिला, युवा, दिव्यांग द्वारा संचालित मतदान केंद्र, आदर्श मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने तथा वेब कास्टिंग के संबंध में जिले के सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मतदान केन्द्रों की स्थिति, मतदान दलों के रूट चार्ट आने-जाने का रास्ता, वेब कास्टिंग सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों पर समीक्षा हुई।

कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कुल 804 मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि जिले के दोनों विधानसभा के 150 मतदान केन्द्रों में पुरूष सहित महिला मतदान अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, इन मतदान केन्द्रों में सुरक्षित रुकने और यात्रा की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसके लिए जनपद मुख्यालय में रिजर्व वाहन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं और पुरुषों के रुकने के लिए अलग-अलग कमरे और शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिए जल पर्याप्त होना चाहिए। पेयजल के लिए मतदान केंद्र में प्याऊ केंद्र रखने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री महोबे ने सभी मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे मतदान भवन केन्द्र की अच्छी स्थिति सहित बिजली, पेयजल, छांव, रैंप, फर्नीचर, शेड, पार्किंग, महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था मतदान दलों की ठहरने की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही मतदाता सुविधा केन्द्र, मतदाताओं के मतदान स्थलों तक पहुंचने के लिए रास्ता, साइन बोर्ड लगे होने चाहिए।

मतदाता पर्ची लेकर मतदान का न्योता देने घर-घर दस्तक दे रहे बीएलओ

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव मे शतप्रतिशत मतदान और सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जारी अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र मे नियुक्त किए गए बीएलओ लोगों को मतदान के लिए न्योता देते हुए घर-घर पहुंचकर मतदाता पर्ची का वितरण कर रहे है। लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान तिथि 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में जिला निर्वाचन विभाग द्वारा व्यापक पहल लगातार जारी है। जिलेभर में बीएलओ आम मतदाताओं तक मतदाता पर्ची लेकर के पहुंच रहे हैं। आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने घर पहुँच मतदान के लिए न्योता मिलने पर मतदाताओं मे भी उत्साह है । मतदाताओ ने बीएलओं द्वारा दिए गए मतदान नेवता स्वीकार कर सभी ने 26 अप्रैल को सारे काम छोड़कर सबसे पहले वोट देने की बात कही ।

खैरागढ़ जिले मे शामिल 2 लाख 94 हजार मतदाताओं मे से लगभग दो हजार से अधिक मतदाता पलायन के चलते विधानसभा से बाहर है । मतदान में सभी मतदाताओ को शामिल करने जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विभिन्न अभियान चलाया जा रहा है । हालंकि ऐसे लोगों को भी मतदान के लिए बुलाने का प्रयास घरवालो और परिजनों द्वारा कराया जा रहा है । लेकिन बर्षो से सुरत महाराष्ट, अहमदाबाद, मुंबई, जैसे बड़े शहरों मे कामधाम के लिए जा चुके लोगो के मतदान हर चुनाव मे नही हो पाते । जिला प्रशासन द्वारा भी इन पलायन कर्ताओं को मतदान के लिए बुलाने घरवालो और परिजनों से संपर्क किया जा रहा है ।

व्यवधान बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने नक्सली मुठभेड़ की पुष्टि की

लोकसभा चुनाव के बीच बीजापुर में फिर नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

बीजापुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के बीच बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं. मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है और हथियार बरामद किया है. बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने नक्सली मुठभेड़ की पुष्टि की है.

केशकुतुल इलाके में मुठभेड़ः बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत केशकुतुल इलाके में यह मुठभेड़ हुई है. केशकुतुल एरिया में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी. इसी बीच सुबह करीब साढ़े पांच बजे नक्सलियों के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई, जो अभी भी जारी है. मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है. घटनास्थल से हथियार भी बरामद किया गया है.

मारे गए एक नक्सली की शिनाख्त जारीः बस्तर लोकसभा सीट के लिए चुनाव पूरी होते ही नक्सलियों ने फिर उत्पात मचाने की कोशिश की है. केशकुतुल-केशमुंडी जंगलों में माओवादियों के डिवीजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पंडारू और 15-20 अन्य कैडरों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था. मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है. हालांकि, मारे गए एक नक्सली की पहचान अभी नहीं हुई है.

इस साल अब तक 80 नक्सली मारे गएः बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि की है. उन्होंने कहा है कि, ÷मुठभेड़ जारी है. जवानों के वापस आने के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी.÷ पुलिस के अनुसार, छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर सहित सात जिले में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में इस साल अब तक 80 नक्सली मारे गए हैं।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष के निवास पहुंचे अभिषेक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव विधानसभा की कमान सम्हाले पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के निवास पहुँच कर परिजनों से सौजन्य मुलाक़ात की व् विभिन्न विषयों पर चर्चा की। गौरतलब है कि मोनू बहादुर सिंह के अग्रज देवेश सिंह बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ हैं। अभिषेक सिंह ने उनसे मुलाक़ात कर उनका कुशलक्षेम जाना। तत्पश्चात परिवार के लोगों से मुलाक़ात कर राजनीति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा, प्रशांत गुप्ता गोलू, प्रखर श्रीवास्तव , सज्जन सिंह ठाकुर , अंशुल श्रीवास्तव , सूरज नायक ,प्रवीण शुक्ला, सोहन चौरसिया नितेश नायक , भीष्म साहू, मनीष यादव , कुशाल यादव, नन्हे तिवारी, नानका रजक, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

हांगकांग, सिंगापुर ने दी चेतावनी, एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में कैंसर पैदा करने वाले तत्व



नई दिल्ली। हांगकांग और सिंगापुर में खाद्य नियामकों ने लोगों को दो बड़े मसाला ब्रांडों के चार प्रोडक्ट - एमडीएच के तीन और एवरेस्ट के एक - का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी है। इसमें इथिलीन ऑक्साइड की मात्रा काफी अधिक है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है।

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एथिलीन ऑक्साइड को समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में क्लासीफाई किया है।5 अप्रैल को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में हांगकांग के खाद्य नियामक प्राधिकरण सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा कि एमडीएच के तीन मसाला प्रोडक्ट - मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला और करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर के अलावा एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है।एमडीएच और एवरेस्ट फूड्स दोनों ने अभी तक खाद्य नियामकों के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।अपने नियमित जांच के तहत, सीएफएस ने हांगकांग में तीन खुदरा दुकानों से उत्पाद लिए। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा, परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड था।नियामक ने विक्रेताओं को बिक्री रोकने और उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है कि उत्पादों को वापस मंगाना शुरू कर दिया गया है।सीएफएस प्रवक्ता ने कहा, मानव उपभोग के लिए कीटनाशक युक्त भोजन केवल तभी बेचा जा सकता है जब भोजन की खपत स्वास्थ्य के लिए खतरनाक या प्रतिकूल न हो। इसके लिए अधिकतम 50,000 डॉलर का जुर्माना और दोषी पाए जाने पर छह महीने की कैद हो सकती है।सीएफएस ने कहा कि जांच जारी है और उचित कार्रवाई की जा सकती है। उधर सिंगापुर खाद्य एजेंसी (एसएफए) ने भी एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक होने के कारण एवरेस्ट फिश करी मसाला को वापस लेने का आदेश दिया। एसएफए ने कहा, हालांकि एथिलीन ऑक्साइड के निम्न स्तर वाले खाद्य पदार्थ खाने से तत्काल कोई खतरा नहीं है, लंबे समय तक संपर्क में रहने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। जितना संभव हो उतना कम उपयोग किया जाना चाहिए।इसने उत्पादों को खरीदने वाले लोगों को इसका सेवन न करने की भी सलाह दी, और जिन लोगों को उपभोग के बाद अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंता है, उन्हें डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के अनुसार, एथिलीन ऑक्साइड मनुष्यों में कैंसर का कारण बनता है।

एचडीएफसी बैंक का शुद्ध मुनाफा 34 प्रतिशत बढ़ा

ब्याज से होने वाली आमदनी में 24.5प्रतिशत का इजाफा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा मार्च को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 37.1 प्रतिशत बढ़कर 16,512 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान इसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 24.5त्न बढ़कर 29,077 करोड़ रुपये हो गई। अपने तिमाही नंबरों की घोषणा करते हुए, एचडीएफसी बैंक ने स्नङ्घ24 के लिए प्रति शेयर ?19.5 का लाभांश भी घोषित किया। निजी क्षेत्र के ऋणदाता का कोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन कुल संपत्ति पर 3.44त्न और ब्याज़ अर्निंग असेट के आधार पर 3.63त्न रहा।

एचडीएफसी बैंक ने अपनी फाइलिंग में कहा कि अर्थव्यवस्था में ऋणों का माहौल बेहतर बना हुआ है। बैंक का सभी क्षेत्रों में क्रेडिट प्रदर्शन स्वस्थ बना हुआ है। पिछले तिमाही की तुलना जीएनपीए में 1.24 प्रतिशत का सुधार हुआ है। बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उसका नेट एनपीए नेट एडवांस का 0.33 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले 0.27 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 0.31 प्रतिशत था। बैंका रिटर्न ऑन असेट्स यानी आरओए 0.49त्न रहा जो दिसंबर तिमाही में भी इतना ही था। वहीं, एक साल पहले यह 0.53 प्रतिशत था। आंकड़े जारी करने के साथ एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने एक रुपए के फेस वैल्यु पर 1950 फीसदी यानी 19.5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। इसके लिए 10 मई को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। एजीएम की बैठक में इसपर मुहर लगने के बाद इसे निवेशकों को जारी कर दिया जाएगा। बैंक ने इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023 में 19 रुपए का लाभांश दिया था।

जोमेटो को जीएसटी डिमांड नोटिस 11.81 करोड़ भरने का आदेश

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) डिमांड नोटिस मिला है। कंपनी को जुर्माने समेत 11.81 करोड़ रुपये का टैक्स भरने को कहा गया है। कंपनी को नोटिस में जो आदेश दिया गया है उसमें, जुलाई 2017-मार्च 2021 की अवधि के लिए 5.9 करोड़ रुपये की जीएसटी डिमांड और 5.9 करोड़ रुपये का जुर्माना शामिल है।

ज़ोमैटो ने स्टॉक एक्सचेंज नियामक फाइलिंग में कहा, कंपनी को जुलाई 2017 से मार्च 2021 की अवधि के लिए गुरुग्राम स्थित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के एडिशनल कमिश्नर की ओर से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें 5,90,94,889 रुपये के जुर्माने के साथ 5,90,94,889 की जीएसटी मांग की गई है। इस महीने की शुरुआत में, जोमैटो ने कहा था कि उसे 2018 में जीएसटी के 4.2 करोड़ रुपये के शॉर्ट पेमेंट पर दिल्ली और कर्नाटक के टैक्स अधिकारियों से नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा था कि वह टैक्स डिमांड नोटिस के खिलाफ अपील करेगी। पिछले वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में जोमैटो ने 125 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 390 करोड़ रुपये का सुधार है।

डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में आई गिरावट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया रुपए की कमजोरी का कारण

नई दिल्ली। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। गुजरात के अहमदाबाद में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर की स्थिति मजबूत होती है, तो उसके मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव आता है। वित्त मंत्री ने कहा, इसके विपरीत, येन और यूरो के मुकाबले रुपया; हमारी आर्थिक स्थिति, विदेशी मुद्रा भंडार, मुद्रास्फीति, और आर्थिक मजबूती को देखते हुए स्थिर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले, न सिर्फ रुपया बल्कि अन्य मुद्राओं में उतार-चढ़ाव और अधिक है। वैश्विक परिवेश में अनिश्चितता बढ़ रही है। ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में चुनौतीपूर्ण हालात बने हैं। यही वह क्षेत्र है जहां से सिर्फ हमारी ही नहीं पूरी दुनिया का क्रूड ऑयल निकलता है, इससे ग्लोबल इकोनॉमी में उतार-चढ़ाव बढ़ा है। भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने की हो रही कोशिश

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की ओर से अपनी भारत यात्रा स्थगित करने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं और इसका मकसद न केवल घरेलू बाजार बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करना है। उन्होंने कहा, निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिर्माता और निवेशक यहां आएं और न केवल भारत के लिए नहीं बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करें। हम नीतियों के जरिये विनिर्माणकर्ताओं और निवेशकों को आकर्षित करने की कोशिश करेंगे। टेस्ला के सीईओ मस्क ने शनिवार को कहा कि कंपनी की भारी जिम्मेदारियों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है। वित्त मंत्री ने कहा, जब बड़ी कंपनियां भारत आने में दिलचस्पी दिखाएंगी तो हम उनके लिए यहां आकर निवेश करना आकर्षक बनाने की हर संभव कोशिश करेंगे। उस प्रक्रिया में, यदि चर्चा करने के लिए कुछ है, तो हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। लेकिन हमने जो कुछ किया है, उसे नीतियों के तहत से किया है। उन्होंने कहा कि जब चीन प्लस वन कई उद्योग विशेषज्ञों के लिए चिंता का विषय बना तो केंद्र सरकार के दृष्टिकोण से मदद मिली। उन्होंने कहा कि नीतियों को इस तरह से तैयार किया गया जिससे भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए एक आकर्षक स्थान बनाया जा सके। मोदी सरकार के दौरान एक महीने को छोड़कर कभी महंगाई ने टॉलरेंस बैंड के पार नहीं गई महंगाई पर वित्त मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान एक महीने को छोड़कर कभी भी महंगाई ने टॉलरेंस की बैंड की ऊपरी सीमा को पार नहीं किया जबकि उससे पहले (2014 से पहले) अर्थव्यवस्था बुरी हालत में थी और महंगाई दहाई अंक में थी।

खेल, मनोरंजन

आरसीबी को आखिरी गेंद पर मिली हारी

मिचेल स्टार्क को 21 रन डिफेंड करने में छूटे पसीने

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 36वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को आखिरी गेंद पर 1 रन से हराया। आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क को आखिरी ओवर में 21 रन डिफेंड करने में पसीने छूट गए। उन्होंने 3 छक्के दिए। ये 3 छक्के कर्ण शर्मा ने लगाए। ईडन गार्डन्स में आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने आई केकेआर ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए। केकेआर की ओर से श्रेयस अय्यर ने सबसे अधिक 50 रन की पारी खेली। ओपनर फिल साल्ट ने 14 गेंद में 48 रन ठोके थे। रिंकू सिंह ने 16 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। आंद्रे रसेल 20 गेंद में 27 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं रमनदीप ने 9 गेंद में नाबाद 24 रन बनाए। आरसीबी की ओर से गेंदबाजी में यश दयाल और कैमरन ग्रीन को 2-2 विकेट मिले। 223 रन के टारगेट के जवाब में आरसीबी की टीम 20 ओवर में 221 रन पर ऑल आउट हो गई। विल जैक्स 55 और रजत पाटीदार ने 52 रन बनाए। कर्ण शर्मा ने 7 गेंद पर 20 रन ठोक दिए।कोलकाता के लिए आंद्रे रसेल ने 3 विकेट लिए। हर्षित राणा और सुनील नरेन ने 2-2 विकेट लिए। मिचेल स्टार्क और वरुण चक्रवर्ती ने 1-1 विकेट लिए। बेंगलुरु की राह मुश्किल हो गई है। टीम 8 में 7 मैच हारकर अंक तालिका में सबसे नीचे है। कोलकाता 10 अंक के साथ दूसरे नंबर पर।

आरसीबी को 1 रन से हार मिली

आरसीबी को जीत के लिए आखिरी ओवर में 21 रन चाहिए थे। कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क को 3 छक्के जड़े। पांचवीं गेंद पर आउट हुए। लॉकी फर्ग्युसन आखिरी गेंद पर रन आउट हुए। आरसीबी को 1 रन से हार मिली। आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी को आखिरी ओवर में 21 रन डिफेंड करने में पसीने छूट गए।

टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा के संन्यास का ऐलान

नई दिल्ली। पूर्व वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी गार्बाइन मुगुरुजा ने 30 साल की उम्र में ही पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा

कर दी है। उन्होंने ये फैसला लंबे समय से टेनिस से दूर रहने की वजह से किया है। मुगुरुजा 2023 जनवरी से टेनिस नहीं खेली हैं। उन्होंने मैड्रिड में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और अपनी जिंदगी में एक नया अध्याय खोलने का समय आ गया है। मुगुरुजा विलियम्स बहनों को ग्रैंड स्लैम फाइनल में हराने वाली इकलौती खिलाड़ी हैं। उन्होंने साल 2016 में फ्रेंच ओपन के फाइनल में सेरेना विलियम्स को और 2017 में विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था। वहीं स्पेनिश खिलाड़ी मुगुरुजा के नाम 10 करियर खिताब है। वह 2015 विम्बलडन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रही थीं गार्बाइन मुगुरुजा ने 2017 में विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया कर खिताब अपने नाम किया था। गार्बाइन मुगुरुजा ने 2017 में विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया कर खिताब अपने नाम किया था। मुगुरुजा के पिता स्पेनिश हैं। जबकि मां वेनेजुएला की हैं। मुगुरुजा ने टेनिस का प्रशिक्षण लेने के लिए बार्सिलोना चली गईं। उन्होंने 2016 में फ्रेंच ओपन जीता।

मिस्टर एंड मिसेज माही का पहला पोस्टर

राजकुमार राव और जान्हवी कपूर एक बार फिर स्क्रीन साझा करेंगे। दोनों कलाकार स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में एक साथ नजर आने वाले हैं। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के रिलीज डेट की घोषणा की थी। फिल्म का पहला पोस्टर पेश किया गया है। फिल्म के पोस्टर में अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जान्हवी कपूर भारतीय जर्सी में नजर आ रहे हैं। दोनों ही भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाते हुए दिख रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 'मिली' फिल्म की अभिनेत्री फिल्म में एक क्रिकेटर की भूमिका में नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए 'धर्मा प्रोडक्शन' ने लिखा, 'यह सपनों का पीछा करने का समय है! मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई 2024! को सिनेमाघरों में'। बता दें कि फिल्म में राजकुमार राव 'महेंद्र' और जान्हवी 'महिमा' की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म सिनेमाघरों में 31 मई 2024 को रिलीज की जाएगी। जान्हवी कपूर के आगामी कार्यों की बात करें तो अभिनेत्री 'जूनियर एनटीआर' की फिल्म देवरा में नजर आएंगी। एक साक्षात्कार के दौरान इस फिल्म का हिस्सा होने पर उन्होंने खुशी जाहिर की थी। जान्हवी की आगामी फिल्मों में दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण की फिल्म 'आरसी-16' और 'उलझ' शामिल है। राजकुमार राव 'श्रीकांत' और 'गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2' में दर्शकों के सामने प्रस्तुत होंगे।

फिल्म मेट्रो इन दिनों की रिलीज टली, अब 29 नवंबर को

अनुराग बासु पिछले लंबे समय से अपनी मल्टीस्टारर फिल्म मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर स्टारर इस फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर से बदल दी गई है. तो आइए जानते हैं कि अब कब रिलीज होगी फिल्म...मालूम हो कि मेकर्स ने कई दफा मेट्रो इन दिनों की रिलीज डेट को आगे शिफ्ट किया है. पहले यह फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी. वहीं अब एक बार फिर इसकी रिलीज डेट में बदलाव हुआ है. निर्माताओं ने नई रिलीज डेट का ऐलान किया है. प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि मेट्रो...इन दिनों को एक नई रिलीज डेट मिल गई है. दिल को छू लेने वाली कहानियों वाली ये फिल्म अब अब 29 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी. बता दें कि अनुराग की इस मच अवेटेड फिल्म का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. वहीं अनुराग भी अपनी इस नई कहानी को लेकर काफी उत्साहित हैं. फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी और कोंकणा सेन शर्मा मुख्य भूमिका में हैं।

रग्बी फुटबॉल स्पर्धा में शामिल होने तीन खिलाड़ी पुणे रवाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। 67 वी राष्ट्रीय शालेय रग्बी फुटबाल प्रतियोगिता जो की 23 अप्रेल से 24 अप्रैल पुणे के वालेबाड़ी खेल मैदान में आयोजित हो रही है जिसमे रग्बी फुटबाल एसोसिएशन ऑफ बिलासपुर से बालक वर्ग में शुभम यादव, इजहार लहरे तथा बालिका वर्ग में निधि यादव का चयन हुआ है यह बिलासपुर के लिए बहुत हर्ष की बात है। रग्बी फुटबाल एसोसिएशन ऑफ बिलासपुर के कोच शुभम मानिक ने बताया की पिछले कई वर्षो से राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता नही हो रही थी इस साल प्रतियोगिता संपन्न हो रही है जिसमे बिलासपुर से श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन हुआ है जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहले भी छत्तीसगढ़ टीम को प्रतिनिधित्व किए है तथा उन्होंने बताया की वे आशा करते है की इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम मेडल प्राप्त करके आएगी तथा उन्होंने टीम को शुभकामनाएं दी। सभी खिलाड़ी रायपुर स्टेशन से आजाद हिंद एक्सप्रेस से पुणे के लिए 21 अप्रेल को रवाना हो गए हैं।

दिल्ली में ट्रैविस हेड का तूफान, तोड़े कई रिकॉर्ड

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच टूर्नामेंट का 35वां मैच दिल्ली में खेला गया। हालांकि, मैदान का वेन्यू जरूर बदला है लेकिन हैदराबाद की बल्लेबाजी का अंदाज नहीं। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 में बल्लेबाजी के नए रिकॉर्ड स्थापित करने की आदत बना ली है और यह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी जारी रहा।पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएच की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी ने पावरप्ले में ही बोर्ड पर 100 से अधिक रन जोड़ लिए। खासतौर पर हेड ने दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी।हेड 32 गेंदों पर 89 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 278.11 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें 11 चौके और 6 छक्के शामिल थे। वहीं अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों पर 46 रन ठोक डाले जिसमें दो चौके और 6 छक्के शामिल थे। अभिषेक ने 383.33 के स्ट्राइक रेट से रन जोड़े।हैदराबाद ने तोड़े ये रिकॉर्ड- टी20 में सबसे तेज 100 रन जो सिर्फ सिर्फ पांच ओवर में आए। किसी भी टी20 में पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर। इस जोड़ी ने पहले 6 ओवर में 125 रन का विशाल स्कोर बनाया।

न्यूज गैलरी

दो नाबालिग लापता

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कंकालीपारा रोड निवासीर 47 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वहीं दूसरे मामले में 22 वर्षीय प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी 16 वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

मकान से 3 नग कम्प्यूटर सिस्टम पार

रायपुर/नवप्रदेश। लोहार चौक स्थित ई साक्षरता केंद्र ब्राम्हणपारा मकान का ताला खोलकर अज्ञात आरोपी ने 3 नग कम्प्यूटर सिस्टम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तेनसिंह नागेश 33 वर्ष लोहार चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि ई साक्षरता केंद्र ब्राम्हणपारा मकान का ताला खोलकर अज्ञात चोर ने कमरे में रखे 3 नग कम्प्यूटर सिस्टम पार कर दिया। चोरी गए कम्प्यूटर सिस्टम की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम नरदहा में अज्ञात चोर ने घर के बाहर खड़ी बाइक को पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निरंजन वर्मा 28 वर्ष ग्राम हिरमी का रहने वाला है। बताया जाता प्रार्थी ग्राम नरदहा में अपने रिश्तेदार के यहां आया था, तभी अज्ञात चोर ने उसकी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 8623 को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते दर्जनभर पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने गोगांव प्रिंस ढाबा के पास सरेआम शराब पीते आरोपी अजय मेश्राम 38 वर्ष, कबीरनगर पुलिस ने आरोपी प्रमोद सिंह 44 वर्ष, गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी दीपक पटेल 33 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी प्रकाश देवनानी 25 वर्ष व भक्ताराम सुनानी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतर्रा पुलिस ने आरोपी युधिष्ठिर यादव 47 वर्ष, सुरेश कुमार शर्मा 32 वर्ष, होरी लाल साहू 48 वर्ष, कालीचरण पाण्डे 55 वर्ष, मोहन दास मानिकपुरी 34 वर्ष व नारायण साहू 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी मुकेश साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म, गया जेल

गरियाबंद/नवप्रदेश। नाबालिक लड़की को बहलाफुसला कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को इंदागांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार थाना इंदागांव के धारा- 363,376(2)ढ, भा.द.वि. 06 पाक्सो एक्ट के प्रकरण मे आरोपी ओमप्रकाश सिन्हा पिता तिलचंद सिन्हा उम्र.36 वर्ष निवासी धुरवागुड़ी,थाना इंदागांव के द्वारा पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा कर ले गया था जो करीब 4 माह उड़ीसा क्षेत्र मे रखने के पश्चात पीड़िता को रायपुर मे छोड़ने पर पीड़िता को बरामद किया गया है।आरोपी द्वारा घटना 18 नवंबर 2023 के पहले गांव मे पीड़िता को बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर लगातार कई बार शारीरिक दुष्कर्म किया,जो आरोपी द्वारा घटना दिनांक को बहला फुसलाकर शादी का प्रयोजन से भगा ले जाकर आज दिनांक तक बार-बार लगातार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया गया है।विवेचना क्रम मे पीड़िता के द्वारा बताई गई है कि आरोपी ओमप्रकाश सिन्हा तुमसे प्यार करता हूँ शादी करूंगा कहकर बहला फुसलाकर गांव मे लगातार शारीरिक दुष्कर्म किया। विवेचना में आरोपी के विरूद्ध धारा-363, 376(2)ढ भा0द0वि0 एवं धारा 06 पाक्सो एक्ट के अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी0जितेन्द्र कुमार विजयवार,सउनि देव कुमार वर्मा,आर.भानु रात्र, आर.राधेश्याम खांडेकर,आर.पुष्पेंद्र साहू का सराहनीय योगदान रहा

राज्य कर विभाग : जीएसटी कलेक्शन 20 हजार करोड़ पार

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य कर विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 20,000 करोड़ टैक्स कलेक्शन के माइल स्टोन को पार कर लिया। विभाग ने कुल 20,361 करोड़ रुपए जीएसटी और वैट जमा कराया। पिछले वर्ष की तुलना मे जीएसटी में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। प्रवर्तन शाखा द्वारा केवल अंतिम तीन महीनो में 45 व्यवसायियों की जांच से 32 करोड़ रुपए जमा कराये, 14 बोगस फर्मो का भंडाफोड़ किया और ई वे बिल जांच से 8 करोड़ 61 लाख की टैक्स और पेनल्टी जमा कराई गई। स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा कर चोरी रोकने के लिए एडवांस आई टी टूल्स का उपयोग किया जा रहा है। विभाग द्वारा करदाताओं की सुविधा के लिए और राज्य में जीएसटी से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नस सेल का भी गठन किया गया है। इसी तारतम्य में जीएसटी की टोल फ्री हेल्पलाइन भी शुरू की गई है। राज्य कर आयुक्त द्वारा चेम्बर ऑफकॉमर्स, टैक्स बार एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा अन्य सभी व्यावसायिक संगठनो और छोटे व्यापारियों से लगातार संवाद हेतु एक आउटरिच कार्यक्रम भी घोषित किया है, जिसके अंतर्गत राज्य कर आयुक्त खुद महीने में तीन बार इन संगठनों के साथ बैठक करेंगे साथ ही वृत्त

और जिला स्तर पर भी संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारी व्यापारियों से मिल कर उनकी समस्याओं को जानेंगे और उन्हे दूर करने का प्रयास करेंगे।

विभाग, कर प्रशासन को साफ और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य कर आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे नियमों के अनुरूप और राजस्व हित मे ही कार्य करें।

कार्य मे लापरवाही और अनियमितता की शिकायत पर आयुक्त द्वारा महासमुंद के राज्य कर अधिकारी श्री नन्द कुमार कुर्रे को निलंबित कर दिया गया है। चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने हेतु बांटे जाने वाले वस्तुओं के परिवहन की जांच के लिए ओड़ीशा राज्य की अंतरराज्यीय सीमा पर अवस्थित चेक पोस्ट पर ड्यूटि के दौरान श्री कुर्रे द्वारा अनियमितता किए जाने की शिकायत मिली थी जिसे गंभीरता से लेते हुये प्रारम्भिक जांच पश्चात आयुक्त ने उन्हे निलंबित किया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय संभाग एक रायपुर होगा।

राज्य कर आयुक्त द्वारा संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग एक एवं दो की दिनांक 18 एवं 19 अप्रैल को ली गई समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्तों को भी निर्देशित किया गया कि वें भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखें और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करें। संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग एक द्वारा दो राज्य कर निरीक्षकों सुश्री दीपा उधवानी तथा श्री विमल खांडेकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार रायपुर संभाग दो के संयुक्त आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ 5 अधिकारियों श्रीमति श्वेता चंद्राकार, सहायक आयुक्त श्री प्रभाकर उपाध्याय राज्य कर अधिकारी, श्री राकेश अरोरा, राज्य कर अधिकारी, सुश्री प्रीति बघेल और श्री मुकेश कश्यप सहायक ग्रेड-3 को कारण कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

मतदानकर्मी ही मतदान नहीं करते

13 फीसदी को डाक मतपत्र का पता भी नहीं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में हो रहे लोकसभा चुनाव के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता की मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत अनेक कार्यक्रम कराये जा रहे हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिये जिले एवं ब्लॉक स्तर पर भी रोचक खेलों के जरिये भी प्रयास किये जा रहे है। पूर्व के विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता प्रतिशत घटने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किये जा रहे प्रयासों का परिणाम लोकसभा चुनाव के बाद ही सामने आयेगा। ज्ञात हो की विगत विधानसभा चुनाव में अधिकारियों-कर्मचारियों का ही मतदान प्रतिशत कम रहा।

जिले में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिन सरकारी कर्मचारियीं को जिम्मेदारी दी गई है उनमें से 13 फीसदी कर्मचारियों को वोट डालना ही नहीं आता है। इसका खुलासा विधानसभा चुनाव में हुए मतदान करने वाले सेवा और डाक मतपत्रं की जांच से हुआ है। हालांकि चुनाव कार्य में लगे कुल कर्मचारियों में से 30 फीसदी भी मतदान नहीं करते, लेकिन जिन्हें वोट डालना है। उन्हें सही वोट डालना ही नहीं आता। विधानसभा चुनाव 2023 में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए डाक मतपत्रों के माध्यम से वोट डालने की सुविधा दी गई थी। मतदान के पूर्व कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डालने के लिए समय सीमा निर्धारित की जाती है। इस अवधि में डाक मतपत्र के माध्यम से कर्मचारी वोट डालते आ रहे हैं। निर्धारित समय में जिला निर्वाचन क्षेत्र में बनाए गए डाक मतदान की व्यवस्था होती है और कर्मचारी व अधिकारी मौके पर पोस्टल बैलेट से बोटिंग करते हैं। वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में सेवा मतदाताओं के लिए भी मतदान की व्यवस्था की गई जिसमें संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता यदि सशस्त्र बल की किसी भी इकाई मे कार्यरत है और क्षेत्र से बाहर हैं या सरकारी कार्य के सिलसिले में देश से बाहर है या प्रदेश में नहीं हैं। ऐसे कर्मचारियों को सेवा मतदाता की श्रेणी में रखा गया है। उनके लिए भी सेवा मतदान करने की सुविधा शुरू की गई है। प्रदेश में पिछले चुनावों में कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से वोटिंग तो की हैं, लेकिन इनमें से 13 फीसदी ऐसे कर्मचारी हैं जिन्हें वोट डालना नहीं आता और उनके मत निरस्त किए गए हैं। कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से वोट बकायदा डालने से पहले निर्वाचन अधिकारी और कर्मचारी ट्रेनिंग देते हैं। साथ ही सेवा मतदाताओं को मतदान के लिए मतदान के लिए है, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारी वैध मतदान नही कर पा रहे हैं। अब देखना यह है की लोकसभा चुनाव को लेकर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता का कितना कारगार साबित हो रहा है।

कलपर–आपाटोला मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों की पहचान हुई

कांकेर/नवप्रदेश। 16 अप्रैल 2024 को कांकेर के थाना छोटेबेठिया अंतर्गत हापाटोला, कलपर, बिनागुण्डा एवं कोरोनार के सरहदी जंगलों में डीआरजी कांकेर एवं बीएसएफ 94 वीं वाहिनी की संयुक्त बल द्वारा हुई मुठभेड़ के पश्चात बरामद किए गए 29 माओवादियों के शव सहित अत्याधुनिक हथियार बरामद किया गया। मारे गये माओवादियों की शिनाख्ती एवं अन्य विधिसंगत कार्यवाही पूरी हुई। मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों की शिनाख्ती की कार्यवाही विगत 4 दिनों से लगातार की जा रही थी जो शनिवार 20 अप्रैल को पूर्ण हुई। कलपर-आपाटोला मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों की शिनाख्ती में यह पाया गया कि कलपर-आपाटोला जंगल में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के अलावा भी मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र ,-छत्तीसगढ़ (MMC) जोनल कमेटी के माओवादी कैडरों की उपस्थिति रहा। गौरतलब है कि 29 माओवादियों कैडरों में से उत्तर बस्तर डिविजन कमेटी के डिविजनल कमेटी सदस्य शंकर

राव एवं उनकी पत्नी एरिया कमेटी सदस्य रीता, तेलंगाना राज्य के जिला वारंगल एवं आदिलाबाद के हैं।इसी प्रकार मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ (MMC) जोनल कमेटी के माओवादी सुरेखा महाराष्ट्र राज्य के जिला गढ़चिरौली निवासी के रूप में हुई है।प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के प्रमुख लड़ाकू दल जिसे PLGA के रूप में जाना जाता है, उनमें से भी 14 माओवादी कैडर को सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ में ढेर किया गया है।

पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला द्वारा मारे गये माओवादियों की शिनाख्ती कार्यवाही पूर्ण होने की स्थिति में अब उनके विरूद्ध पंजीबद्ध अपराध, लंबित वारण्ट एवं घोषित ईनाम इत्यादि के संबंध में संबंधित जिलों से जानकारी एकत्रित की जा रही है।

महानदी नाव हादसे में निकाले जा चुके हैं सभी आठों शव

रायगढ़/नवप्रदेश। महानदी नाव हादसे में कल से अब तक सभी आठों शव निकाले जा चुके हैं। शवों के पोस्टमार्टम करवा कर उनके गृहग्राम अंजोरीपाली, खरसिया के लिए रवाना कर दिया गया है। हादसे में प्रभावित सारे लोग खरसिया ब्लॉक के ग्राम अंजोरीपाली के हैं। घटना के बाद कल राधिका निषाद का शव निकाला गया था। सर्च एवम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टीमें देर रात तक घटनास्थल में लापता लोगों की तलाश करती रही। आज सुबह 06 बजे से फिर से खोजबीन शुरू की गई। ओडीआरएएफ और फायर इमरजेंसी और सेफ्टी की टीमें स्कूबा डाइवर्स ने सर्च ऑपरेशन के बाद अब तक 07 शव निकाल लिए। जिसमें बालक पीकू राठिया, राधिका राठिया, बालक नवीन राठिया, तेरस बाई राठिया, लक्ष्मीन राठिया, बालक कुणाल राठिया, घसनीन राठिया सहित कुल 4 महिलाओं और 3 बच्चों का शव निकाल लिया गया है। इस तरह कल से अभी तक कुल 8 शव निकाले जा चुके हैं। सभी मृतक खरसिया विकासखंड के ग्राम अंजोरीपाली के हैं।

घटनास्थल पर रायगढ़ जिला प्रशासन की ओर से उपस्थित नायब तहसीलदार पुसौर श्री पंकज मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी प्राप्त शवों के पोस्टमार्टम और विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को उनके गृहग्राम के लिए रवाना कर दिया गया है। प्रशासन की टीम भी साथ भेजी गई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने झारसुगुड़ा कलेक्टर से बात कर घटनास्थल के समीप के स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम की व्यवस्था करवाने का आग्रह किया था। जिससे जल्द सारी विधिक प्रक्रिया पूरी की जा सके। जिसके बाद झारसुगुड़ा से मेडिकल टीम पहुंची।

बोलेरो ने बाइक सवार को मारी ठोकर, वृद्ध की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। गेवरा-शक्तिनगर मार्ग में तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से ससुर दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां ससुर को मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस दुर्घटनाकारित वाहन की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि दीपका थानांतर्गत शक्तिनगर में रामखिलावन 60 वर्ष निवास करता था। वह अपने दामाद झुक्खीराम चुटैल 55 वर्ष के साथ शनिवार को कहीं गया था। ससुर दामाद अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे। वे मुख्यमार्ग में गेवरा सब स्टेशन के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार ससुर दामाद सड़क पर जा गिरे। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई। लोग मौके पर एकत्रित होते, इससे पहले चालक बोलेरो सहित फरार हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से ससुर दामाद को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस की मानें तो अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया, जबकि दामाद का इलाज जारी है। मामले में पुलिस दुर्घटनाकारित बोलेरो व चालक का सरगर्मी से तलाश कर रही है।